सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 04 नवम्बर , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 297, पेज 16, 3.50 रुपये    www.facebook.com/volepaper    voiceoflucknow@gmail.com    www.voiceoflucknow.com



**सेंसेक्स में 40 अंकों की उछाल**

स्थानीय शेयर बाजार में जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में करीब 40 अंक की तेजी आई। } 14

**कुरुक्षेत्र में गीता महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रधानमंत्री**

कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव और गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीद दिवस को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय स्मारक समारोह में पीएम मोदी शामिल होंगे । } 16

## तेलंगाना, राजस्थान व आंध्रा में भीषण हादसे, 36 की मौत

एजेंसी



नयी दिल्ली। तेलंगाना, राजस्थान और आंध्रप्रदेश में हुए भीषण सड़क हादसों में 36 लोगों की मौत हो गई जबकि 41 लोग घायल हो गए।

- जयपुर में डंपर ने 50 को रौंदा, 13 लोगों की मौत
- तेलंगाना में ट्रक और रोडवेज बस की टक्कर ने लीं 19 जानें

तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में बजरी से लदे एक ट्रक और तेलंगाना सड़क परिवहन निगम की बस की सोमवार को आमने-सामने की टक्कर होने से 13 महिलाओं एवं एक बच्ची समेत 19 लोगों की मौत हो गई और 22 अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद बजरी बस पर गिर गई। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने सोमवार को तेलंगाना में सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दुर्घटना में लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये एवं घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की। साइबराबाद पुलिस आयुक्त ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पप्पू,टप्पू और अप्पू को नहीं दिख रहा विकास

### बिहार में नयी राजग सरकार बनेगी तो घुसपैठियों को खदेड़कर उनकी संपत्ति गरीबों में बांटी जायेगी: योगी

एजेंसी



दरभंगा/मुजफ्फरपुर/सारण। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि यदि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनी, तो वह राज्य से घुसपैठियों को बाहर खदेड़ देगी और उनकी संपत्ति गरीबों में बांट देगी। बिहार के दरभंगा, मुजफ्फरपुर और सारण में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि योगी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव और समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर प्रहार करते हुए उन्हें गांधी जी के तीन बंदर की तर्ज पर इंडिया गठबंधन के तीन बंदर बताया।

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, महात्मा गांधी के तीन बंदर बुराई को न देखते थे, न सुनते थे और न बोलते थे। लेकिन आज के तीन बंदर हैं पप्पू , जो राजग सरकार का अच्छा काम नहीं देखता, टप्पू , जो उसे सुनना नहीं चाहताअ और अक्कू , जो इसके बारे में बोलते समय सच स्वीकार नहीं करता।योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, राजद और सपा बिहार में अपराधियों को गले लगा रही हैं और घुसपैठियों को बढ़ावा देकर राज्य की सुरक्षा के साथ समझौता कर रही हैं। उन्होंने कहा, अगर राजग की सरकार बनी, तो हम बिहार से घुसपैठियों को बाहर करेंगे और उनकी संपत्ति गरीबों में बांट देंगे। उन्होंने विपक्ष पर जाति के नाम पर समाज को बांटने और दंगे कराने का आरोप लगाते हुए कहा, आइए संकल्प लें ना बटेंगे, ना कटेंगे। राजद-कांग्रेस के शासनकाल को कुशासन बताते हुए योगी ने कहा, तब राशन की दुकानें लूट ली जाती थीं, लेकिन आज 80 करोड़ लोगों को, जिनमें बिहार के लोग भी शामिल हैं, मुफ्त राशन मिल रहा है। योगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया है, और अब सीतामढ़ी में माता जानकी का भव्य मंदिर बनेगा जिसे राम-जानकी मार्ग के जरिए अयोध्या से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मखाना बोर्ड का गठन किया है और बिहार की डबल इंजन सरकार लाख की चूड़ियों के पारंपरिक उद्योग को बढ़ावा देने का काम कर रही है। राजद पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### परमाणु परीक्षण कर रहे पाक और चीन: ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तीन दशक के अंतराल के बाद परमाणु हथियारों का परीक्षण फिर से शुरू करने की अपनी योजना को सही ठहराते हुए कहा कि पाकिस्तान और चीन उन देशों में शामिल हैं जो परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। ट्रंप ने गत बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ अपनी बैठक से पहले घोषणा की थी कि अमेरिका प्रतिद्वंद्वी शक्तियों के साथ बराबरी के आधार पर परमाणु हथियारों का परीक्षण शुरू करेगा। ट्रंप ने विवार को सीबीएस न्यूज की नोरा ओ डोनेल को दिये एक एक साक्षात्कार में रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान को परमाणु हथियार परीक्षण करने वाले देश बताया। उन्होंने कहा, रूस और चीन परीक्षण कर रहे हैं, लेकिन वे इसके बारे में बात नहीं करते। आप जानते हैं, हम एक खुला समाज हैं। हम अलग हैं। हम इसके बारे में बात करते हैं... हम परीक्षण करेंगे, क्योंकि वे परीक्षण करते हैं और दूसरे भी परीक्षण करते हैं।

### बिहार चुनाव में 100 करोड़ से ज्यादा की जब्ती

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों ने चुनावी राज्य बिहार और अन्य प्रदेशों, जहां विधानसभा उपचुनाव होने हैं, से 100 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नकदी, मादक पदार्थ, शराब और अन्य वस्तुएं जब्त की हैं। आयोग ने कहा कि तीन नवंबर तक विभिन्न राज्यों से 9.62 करोड़ रुपये नकद, 42.14 करोड़ रुपये कीमत की (9.6 लाख लीटर) शराब, 24.61 करोड़ रुपये कि मादक पदार्थ, 5.8 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं और 26 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अन्य वस्तुएं शामिल हैं। आयोग के अनुसार इनकी कुल कीमत 108.19 करोड़ रुपये से अधिक है।

## भ्रष्टाचार में लिप्त हैं राजद और कांग्रेस : मोदी

एजेंसी



कटिहारा सहरसा। बिहार की तरक्की के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की डबल इंजन सरकार को जरूरी बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस गठबंधन पर आरोप लगाया कि ये दल भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त हैं। कटिहार में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आपका एक वोट बिहार को समृद्ध बनाएगा। फिर एक बार, बिहार में फिर से सुशासन सरकार।

कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, राजद ने कांग्रेस नेताओं को बौना बना दिया है। राजद के पोस्टरों पर कांग्रेस नेताओं की तस्वीरें तक गायब हैं। दोनों दलों में अंदरूनी कलह चल रही है। कांग्रेस के नामदार नेता ने राजद को जिताने के लिए छठी मइया का अपमान किया। इतना ही नहीं, केरल कांग्रेस नेताओं ने बिहार के लोगों की तुलना बीड़ी से की, यह बेहद शर्मनाक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों या उसके सहयोगी दलों की सरकारें गरीबों को पक्के मकान देने में विफल रही हैं। उन्होंने कहा, डबल इंजन की राजग सरकार ही विकास का रास्ता दिखा रही है। हमने बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ड्रोन दीदी योजना शुरू की है।

अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, एक राज्य का सबसे भ्रष्ट परिवार है और दूसरा देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है। दोनों मिलकर गरीबों के लिए आने वाला पैसा लूटते हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार जैसे जिलों में जनसांख्यिकीय बदलाव की कोशिशें की गईं। उन्होंने कहा, ये (राजद-कांग्रेस) चाहते हैं कि मुफ्त राशन घुसपैठियों को मिले, न कि बिहार के मूल निवासियों को। हम घुसपैठियों को बिहार और देश के संसाधनों पर कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस और राजद कट्टा और कट्टरपंथी जैसे हैं। इसी वजह से इन्होंने तीन तलाक कानून का विरोध किया और अब वक्फ एक्ट को खत्म करने की बात कर रहे हैं क्योंकि इन्होंने कट्टरपंथ के आगे आत्मसमर्पण कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, कटिहार को कभी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं का समर्थन कर रहा भारत : प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत उच्च जोखिम और उच्च प्रभाव वाली अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं का समर्थन कर रहा है और इस क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा दे रहा है ताकि देश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महाशक्ति के रूप में उभर सके।

नीति निर्माताओं, नवप्रवर्तकों और वैश्विक दूरदृष्टि वाले लोगों के वार्षिक प्रमुख आयोजन के तहत पहले उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने देश में नवाचार के आधुनिक परिवेशी तंत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुधार पेश किए हैं। सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने अनुसंधान एवं विकास में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान, विकास एवं नवाचार कोष का भी आरंभ किया। उन्होंने कहा, इस महत्वपूर्ण निवेश का उद्देश्य जनता को लाभ पहुंचाना और अवसरों के नए रास्ते खोलना है। मोदी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य निजी क्षेत्र में भी अनुसंधान और विकास की संस्कृति को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, पहली बार उच्च-जोखिम और उच्च-प्रभाव वाली परियोजनाओं के वास्ते विशेष रूप से पूंजी आवंटित की जा रही है जिससे अभूतपूर्व प्रयासों के लिए समर्थन सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अनुसंधान में सुगमता पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि भारत में नवाचार का एक आधुनिक परिवेशी तंत्र विकसित हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारी सरकार ने वित्तीय नियमों और खरीद नीतियों में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इसके अलावा हमने प्रयोगशाला से बाजार तक प्रारूप के परिवर्तन को तेज करने के लिए प्रोत्साहन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 45 हजार होमगार्ड की भर्ती का रास्ता साफ, शासन ने दी मंजूरी



विशेष संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश में 45 हजार से अधिक पदों पर होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती करने का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने इसका शासनादेश जारी करने के साथ गाइडलाइन को भी मंजूरी प्रदान कर दी है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को भर्तियों के लिए एनरोलमेंट करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलों से रिक्त पदों पर भर्ती का प्रस्ताव मिलने के बाद बोर्ड द्वारा एनरोलमेंट किए जाएंगे। जिसके बाद लिखित परीक्षा का आयोजन होगा। शासन ने होमगार्ड स्वयंसेवक के पद पर भर्ती के लिए 18 से 30 वर्ष तक की आयु सीमा निर्धारित की है।

प्रमुख सचिव होमगार्ड राजेश कुमार सिंह द्वारा जारी शासनादेश के मुताबिक भर्ती बोर्ड लिखित परीक्षा का आयोजन होने के बाद मेरिट लिस्ट जारी करेगा। तत्पश्चात शारीरिक मानक परीक्षा, दस्तावेजों का सत्यापन और शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। इसमें सफल रहने वाले अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची जारी होगी।

## शौर्य और त्याग की देवभूमि है उत्तराखंड

प्रमुख संवाददाता





देहरादून। उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र में आज देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखंड की यह पवित्र भूमि न

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को किया संबोधित
- राष्ट्रपति ने जीवन भर वंचितों, शोषितों के उत्थान के लिए कार्य किया है : मुख्यमंत्री धामी

केवल अध्यात्म और आस्था का केंद्र है, बल्कि वीरता, नारी-शक्ति और जनसेवा की प्रेरणादायी परंपरा का प्रतीक भी है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं हमेशा से देश के लिए प्रेरणा रही हैं। उन्होंने सुशीला बलूनी, बछेन्द्री पाल, गौरा देवी, राधा भट्ट और वंदना कटारिया जैसी विभूतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये महिलाएं नारी शक्ति की सशक्त प्रतीक हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी को राज्य की पहली महिला अध्यक्ष बनने पर विशेष बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि राज्य की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाती है। उन्होंने इच्छा व्यक्त की कि भविष्य में उत्तराखंड विधानसभा में महिलाओं की संख्या और सहभागिता में वृद्धि हो। देश की लोकतांत्रिक परंपरा में उत्तराखंड के योगदान की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देवभूमि की गोद में निहित यह प्रदेश शौर्य और त्याग की भूमि है। ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दिल्ली-यूपी समेत कई राज्यों में ठंड की दस्तक

### पहाड़ों में बर्फबारी के बाद कोहरे का खतरा, दिल्ली-एनसीआर में गिरेगा तापमान

एजेंसी



नई दिल्ली। उत्तर भारत में सर्दी की दस्तक तेज होती दिख रही है। हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के संयुक्त असर से अगले दो-तीन दिनों में देश के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में हल्की बारिश के साथ तापमान में गिरावट शुरू होगी। यह बदलाव सर्दी के असली दौर की शुरूआत का संकेत है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नवंबर के दूसरे हफ्ते तक उत्तर भारत में सर्द हवाओं काअसर तेज हो जाएगा। धुंध, कोहरा, ठिठुरन और सुबह-शाम की ठंडी हवाएं यह संकेत दे रही हैं कि अब सर्दी का असली दौर शुरू होने वाला है।मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार चार-पांच नवंबर कोजम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश की संभावना है। लंबे अंतराल के बाद पहाड़ों पर होने वाली यह बर्फबारी न केवल ठंड बढ़ाएगी, बल्कि मैदानी इलाकों तक सर्द हवाएं भी पहुंचाएगी। उत्तराखंड के कई जिलों में ठिठुरन भरी ठंड शुरू होने के संकेत हैं, जबकि पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में भी हल्की बारिश के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक इसका असर देखा जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, लेकिन न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे जा चुका है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रविवार तक यहां बूंदाबांदी और उत्तर-पश्चिमी हवाओं का असर रहेगा, जिससे सर्दी बढ़ेगी। हवा की दिशा बदलने से प्रदूषण में भी अस्थायी बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि तीन-चार दिन बाद हालात सुधरने शुरू हो जाएंगे। आइएमडी के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में भी ठंड की शुरूआत हो चुकी है। कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान चार डिग्री तक नीचे जा सकता है। सुबह-शाम के समय ठंडी हवाएं चलेंगी। मध्य प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों भोपाल से लेकर गुना तक में चार और पांच नवंबर को छिटपुट बारिश के आसार हैं। दक्षिणी-पश्चिमी मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के उत्तरी हिस्सों में भी हल्की वर्षा हो सकती है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी और रात्रिकालीन ठंड बढ़ेगी। बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दबाव अब म्यांमार और बांग्लादेश की ओर बढ़ रहा है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 19.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- माटीकला मेलों में बिक्री का बना रिकॉर्ड (पृष्ठ-02)
- यूपी की जीएसटी संग्रह राशि 9,806 करोड़ रही (पृष्ठ-02)
- रुपया पांच पैसे कमजोर होकर 88.75 पर बंद (पृष्ठ-14)
- मांग घटने से सोना 300 रुपये टूटा, चांदी मजबूत (पृष्ठ-14)
- अक्टूबर में यूपीआई से रिकॉर्ड 27.28 लाख करोड़ का लेनदेन (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** महिला क्रिकेटरों को 51 करोड़ का पुरस्कार देगा बीसीसीआई, रेणुका सिंह को एक करोड़ का पुरस्कार देंगे हिमाचल के सीएम

## विश्व विजेता भारतीय बेटियों पर हुई धनवर्षा

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम और उसके सहयोगी स्टाफ को पहली बार आईसीसी महिला विश्व कप खिताब जीतने के लिए सोमवार को 51 करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। हरमनप्रीत के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ने रविवार को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वैश्विक ट्रॉफी जीती थी।

**वहीं,** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विश्व चैंपियन बनी भारतीय महिला विश्व कप टीम की सदस्य तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर के लिए सोमवार को एक करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। रेणुका शिमला जिले के रोहड़ू की रहने वाली हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश की बेटियों ने विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम और उसकी कप्तान को बधाई दी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने सोमवार को बताया कि बीसीसीआई विश्व कप जीतने पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सम्मान के तौर पर 51 करोड़ रुपये का ...शेष पृष्ठ 14 पर

### क्रिकेटर क्रांति गौड़ को एक करोड़ देगी एमपी सरकार

भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार ने विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड़ को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सोमवार को एक करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार विश्व कप जीता। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मैं हमारी राज्य की बेटी और देश की बेटियों को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने कल रात क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। भारत की बेटियां उसी तरह आगे बढ़ रही हैं, जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश की बेटी क्रांति गौड़ भी महिला विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं।

## अफगानिस्तान में शक्तिशाली भूकंप से 20 लोगों की मौत

एजेंसी

काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान में रविवार देर रात 6.3 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया जिससे कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 300 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के खुल्म से 22 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में 28 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप स्थानीय समयानुसार रविवार रात 12 बजकर 59 मिनट पर आया। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने बताया कि भूकंप में कम से कम 20 लोग मारे गए और 320 लोग घायल हो गए। अफगानिस्तान की आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता यूसुफ हम्माद ने बताया कि अधिकतर घायलों को मामूली चोटें आई हैं और उन्हें प्रारंभिक उपचार के बाद अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बचाव और आपातकालीन सहायता दल रविवार रात आए भूकंप से सर्वाधिक प्रभावित बल्ख और समांगन प्रांतों में पहुंच गए हैं तथा उन्होंने घायलों को निकालने और प्रभावित परिवारों की सहायता करने सहित बचाव कार्य शुरू कर दिया है। बल्ख और समांगन प्रांतों में सबसे ...शेष पृष्ठ 14 पर

# जनता की सुरक्षा और सम्मान के लिए संकल्पित है सरकार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस माह के पहले सोमवार को भी 'जनता दर्शन' किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कई जनपदों से आये एक-एक पीड़ितों के पास पहुंचकर उनकी समस्या सुनी, फिर अफसरों को निर्देश दिया कि निश्चित समयावधि में उचित निस्तारण कराएं

- **प्रदेश भर से आए एक-एक फरियादी से मिले मुख्यमंत्री**

और पीड़ितों से फीडबैक लें। इस दौरान लगभग 60 से अधिक पीड़ितों ने एक-एक कर अपनी समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। फरियादियों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए संकल्पित है।

'जनता दर्शन' के दौरान कई पीड़ितों ने पुलिस कार्रवाई पर असंतोष जताया। पीड़ितों ने चोरी की घटना के अनावरण के बाद भी रिकवरी न होने पर असन्तुष्टि जताई। साथ ही जमीन कब्जे की भी शिकायत मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई। इस पर मुख्यमंत्री ने इसकी जांच कर तत्काल कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। एक पीड़ित ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सिर्फ अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर भिजवाइये और अपने मरीज का ध्यान रखिये। बाकी हम पर छोड़ दीजिए। धन के अभाव में किसी पीड़ित का इलाज नहीं रुकेगा। सरकार हर जरूरतमंद के इलाज के लिए पहले दिन से ही खड़ी है।

**मुख्यमंत्री ने नन्हे-मुन्नों को दी चॉकलेट :** मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में फरियादियों के साथ आए बच्चों का हालचाल जाना। नन्हे-मुन्नों के सिर पर हाथ फेर दुलार किया और अपनत्व का अहसास कराया। सीएम योगी ने सभी बच्चों को चॉकलेट दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि खूब पढ़ो-जमकर खेलो और माता-पिता का नाम रोशन करो।

## अनिल दुबे ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से की शिष्टाचार भेंट

**नई दिल्ली/लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में गन्ने का समर्थन मूल्य 400 रु. प्रति क्विंटल किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और इस निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया। दुबे ने अपने दिल्ली प्रवास में किसान ट्रस्ट की ट्रस्टी चारु चौधरी से भी मुलाकात की तथा किसान मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की स्मृति में आयोजित किये जाने वाले चौधरी चरण सिंह अवार्ड्स 2025 के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि किसान ट्रस्ट द्वारा 20 दिसम्बर 2025 को नई दिल्ली में दूसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। यह अवार्ड समारोह देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती (23 दिसम्बर) के उपलक्ष में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य उन व्यक्तित्वों को सम्मानित करना है, जिन्होंने चौधरी चरण सिंह के आदर्शों से प्रेरित होकर समाज, कृषि, पत्रकारिता और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

# गोवंश के भरण पोषण में कोई कमी न रहने पाये : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि भूसा व साइलेज टेंडर प्रक्रिया नियमानुसार सम्पन्न करायी जाए और जहां से भी टेंडर की दरों में भिन्नता की शिकायत प्राप्त हो, वहां जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। गो आश्रय स्थलों में जो भी सुविधायें अनुमन्य हैं वह पूर्ण रूप से

- **भूसा व साइलेज टेंडर प्रक्रिया नियमानुसार करायें**
- **गोआश्रय स्थलों को भरण पोषण मद में एक माह की अग्रिम धनराशि उपलब्ध करायी जाये**
- **पराग के उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग की जाये**

उपलब्ध कराई जाए। गोआश्रय स्थलों को भरण पोषण मद में एक माह की अग्रिम धनराशि उपलब्ध कराई जाए। गोवंश के पालन पोषण में कोई कमी न होने पाए और गोशालाओं में चारा, भूसा, पानी, औषधियों एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो। गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर निरन्तर कार्य किया जाए और इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। श्री सिंह ने किसानों एवं



पशुपालकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाये जाने पर बल दिया है।

धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवस्थापना कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए और समय से कार्य पूर्ण किये जाए। प्रदेश में संचालित बड़े गो आश्रय स्थलों में उपलब्ध भूमि को पीपीपी मोड गो पर्यटन के रूप में विकसित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए। अभियान चलाकर 15 दिसम्बर तक खेतों से पराली उठाने की व्यवस्था की जाए। गो आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाए। पशुचिकित्साधिकारी नियमित रूप से गोशालाओं का निरीक्षण करें। हाईवे आदि मुख्य स्थानों पर गौ वंश को रेडियम बेल्ट पहनाई जाए। श्री सिंह ने कहा कि निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। श्री सिंह ने दुग्ध विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दुग्ध समितियों की संख्या को बढ़ाया जाए। समिति के सदस्यों को कम से कम दो पशु पालने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। किसानों और पशुपालकों को प्रशिक्षित किया जाए। प्रत्येक गांव में समिति बनाने के लिए अधिकारी तत्परता से कार्य करें। राज्य सरकार द्वारा पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी हेतु संचालित योजनाओं का ग्रामीण स्तर पर वृहद प्रचार प्रसार किया जाए। पराग के उत्पादों की मार्केटिंग पर विशेष फोकस किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि पराग के उत्पाद आज भी गुणवत्ता में उत्कृष्ट और पौष्टिक है। बेहतर मार्केटिंग के माध्यम से बाजार में पराग के उत्पादों को और लोकप्रिय बनाया जाए और इसकी सर्वसुलभता सुनिश्चित की जाए। बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री मुकेश मेश्राम ने मंत्री जी को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनसे प्राप्त दिशा निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को पराली संग्रहण अभियान की प्रतिदिन समीक्षा करने, साइलेज निमार्ताओं से टेंडर के संबंध में वार्ता करके टेंडर के मानक दिशा निर्देश तैयार किये जाने, पराली का उपयोग गौशाला में बिछावन के रूप में तथा कुट्टी बनाकर चारे के रूप में किये जाने, हरा चारा क्रय किये जाने, नैपियर प्लाटेंसन पर विशेष ध्यान दिये जाने एवं गोशालाओं में पराग पशु आहार की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में दुग्ध विकास विभाग के विशेष सचिव राम सहाय यादव, पशुपालन विभाग के निदेशक प्रशासन एवं विकास डा. योगेन्द्र पवार, निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डा. मेमपाल सिंह, यूपीएलडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. पीके सिंह, अपर निदेशक डा. संगीता तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पर्यटन केवल कैरियर नहीं, विकास का माध्यम भी : जयवीर सिंह

## क्रॉफ्ट प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यालयों के कुल 20 विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा प्रायोजित टूरिज्म टेल्स-बचपन की नजर से प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सोमवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने आवास पर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मंत्री ने कहा कि पर्यटन केवल कैरियर का क्षेत्र नहीं, बल्कि यह देश और प्रदेश के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम भी है। पर्यटन के माध्यम से हम न केवल अपनी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करते हैं, उन्हें वैश्विक पहचान भी दिलाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पर्यटन के विविध आयामों को गहराई से समझें और अपनी सृजनशीलता के माध्यम से उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में योगदान दें। नई पीढ़ी की कल्पना शक्ति और ऊर्जा पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा दे सकती है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश के उन राज्यों में शामिल है, जो पर्यटन विकास में तेजी से अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में बड़े स्तर पर अवसर सामने आएंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य युवाओं को पर्यटन से जोड़ना है, ताकि वे इस क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर सकें और प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में युवा पर्यटन क्लबों का गठन किया गया है। अब तक 1,500 से अधिक क्लब बनाए जा चुके हैं, जिनसे 30,000 से अधिक विद्यार्थी जुड़े हैं। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को इन क्लबों की सदस्यता दी जाती है। इन्हें विभिन्न अवसरों पर पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाता है। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यटन के प्रति रुचि विकसित की जाती है। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा जुलाई से अक्टूबर माह के बीच दो-दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत लखनऊ के 10 केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को यूपी दर्शन पार्क का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के पहले दिन क्विज प्रतियोगिता तथा दूसरे दिन विद्यालयों में क्राफ्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यालयों के कुल 20 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 1400 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# पंचायती राज विभाग ने छह विश्वविद्यालयों संग किया एमओयू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं राज्य के छह प्रमुख विश्वविद्यालयों के मध्य आज मॉडल ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (जीपीडीपीएस) के निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

- **750 ग्राम पंचायतों में बनेगी मॉडल जीपीडीपी योजना**
- **शिक्षा और शासन का संगम- आरजीएसए के तहत 2026-27 में 750 ग्राम पंचायतें बनेंगी मॉडल विकास केंद्र**

यह ऐतिहासिक पहल राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए की गई है, जिसके तहत राज्य के 75 जिलों की 750 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है।

कार्यक्रम का आयोजन अमित




कुमार सिंह, निदेशक, पंचायती राज विभाग की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर राज्य के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों बनारस हिन्दू विवि (बीएचयू), वाराणसी, अलीगढ़ मुस्लिम विवि (एएमयू), अलीगढ़, डॉ. भीमराव अंबेडकर विवि आगरा, लविवि लखनऊ, बुंदेलखंड विवि, झांसी और डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि अयोध्या, के वरिष्ठ प्रोफेसरों, विभागाध्यक्षों एवं कुलसचिवों ने भागीदारी की। इस अवसर पर अमित कुमार सिंह, निदेशक पंचायती राज विभाग ने कहा कि विश्वविद्यालयों का ग्राम पंचायतों के साथ जुड़ाव, न केवल योजनाओं की गुणवत्ता बढ़ाएगा बल्कि यह ग्रामीण शासन को सशक्त एवं उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। कार्यक्रम में पंचायती राज से मनीष कुमार (उपनिदेशक पंचायत) नोडल ऑफिसर आरजीएसए, आरजीएसए टीम एवं एनआईआरडीपीआर टीम की उपस्थिति रही।

# बिहार में बदलाव होना तय : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में चार विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया।

अखिलेश यादव ने पूर्वी चम्पारण के कल्यानपुर विधानसभा क्षेत्र में

- **बिहार में राजद प्रत्याशियों के लिए सपा अध्यक्ष ने चुनावी जनसभाओं को किया सम्बोधित**

इंडिया गठबंधन राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी मनोज यादव, सिवान के रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद के प्रत्याशी ओसामा, महराजगंज विधानसभा क्षेत्र में राजद प्रत्याशी विशाल कुमार जायसवाल और कैमूर जिला के भभुआ विधानसभा क्षेत्र में राजद के प्रत्याशी अजीत सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए महागठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की है।

उन्होंने कहा बिहार की जनता महागठबंधन की सरकार बनाने जा रही है। बिहार में बदलाव होना तय है। भाजपा का सफाया होगा। बिहार में अब भाजपा के भ्रष्टाचार का बंडलराज नहीं चलेगा। इंडिया गठबंधन भाजपा के बंडलराज को खत्म करेगा। बिहार के बजट की लूट नहीं होने देगा। बिहार का पैसा बिहार में खर्च होगा। भाजपा की पहचान झूठ, लूट और भ्रष्टाचार है। भाजपा ने किसानों, नौजवानों से झूठे वादे किए थे। कोई वादा पूरा नहीं किया। जब बिहार में तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे वे नौजवानों को नौकरी दे रहे थे। पूरे देश में प्रचार होने लगा था। इससे भाजपा घबरा गयी। साजिश करके उसने सरकार हटा दिया।

अखिलेश यादव ने कहा कि बिहार विधानसभा का चुनाव केवल बिहार ही नहीं देश के भविष्य का भी चुनाव है। नौजवानों के भविष्य का चुनाव है, इसलिए भाजपा और उनके सहयोगियों को हराकर सत्ता से हटाना है। भाजपा जाएगी तभी नौकरी आयेगी। बिहार से अब नौजवानों का नहीं भाजपा का पलायन होगा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने तय किया है कि सरकार बनाकर हर परिवार को नौकरी देंगे। माताओं, बहनों को 2500 रुपये प्रतिमाह देंगे। गैस सिलेण्डर 500 रुपये में देंगे। जीविका बहनों को तीस हजार महीना देंगे। 200 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे।

जब ये सब काम होंगे तो बिहार में खुशहाली आयेगी। उन्होंने कहा कि हमने और तेजस्वी यादव ने तय किया है कि तेजस्वी अभी बिहार में सरकार बनाकर और हम 2027 में यूपी में सरकार बनाकर उत्तर प्रदेश और बिहार को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जोड़ेंगे। बिहार और यूपी को सीधे दिल्ली से जोड़ेंगे। उद्योग और व्यापार लायेंगे। कम्पनियां लगवाएंगे। विकास तरक्की और खुशहाली आयेगी। बिहार में महागठबंधन की हवा चल रही है। इस हवा के सामने कोई नहीं टिकने वाला है।

# अक्टूबर में यूपी की जीएसटी संग्रह राशि 9,806 करोड़ रही

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश में अक्टूबर 2025 के महीने में वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में सकारात्मक वृद्धि का रुझान देखने को मिला है। वित्त मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में कुल जीएसटी संग्रह 1,95,936 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष की इसी

- **देश में जीएसटी संग्रह में आयी तेजी**

अवधि के 1,87,346 करोड़ रुपये की तुलना में 4.6 प्रतिशत अधिक है। इस वृद्धि का श्रेय बढ़ती हुई घरेलू खपत तथा व्यापारिक गतिविधियों को दिया जा सकता है। जीएसटी संग्रह में भी लगभग 13 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर यह वृद्धि आर्थिक मजबूती और त्योहारों के दौरान उपभोक्ता मांग में सुधार को दर्शाती है।

भारत में इस वृद्धि के पीछे कई कारण हैं, जिनमें हाल ही की जीएसटी दरों में कटौती, आर्थिक सुधारों और सरकार की नीतियों की वजह से व्यापार को बढ़ावा मिलना शामिल है। इस तरह की मजबूती का असर राज्यों के जीएसटी संग्रह पर भी स्पष्ट देखी गई है, विशेषकर आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण और व्यावसायिक रुप से सुगम राज्यों में। अक्टूबर में उत्तर प्रदेश की जीएसटी संग्रह राशि 9,806 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2 प्रतिशत अधिक है। अपोलो वर्ष 2025-26 के अप्रैल से अक्टूबर के बीच राज्य ने 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो राज्य की आर्थिक गतिविधियों में स्थिरता और सरलता का संकेत दर्शाती है। उत्तर प्रदेश में उद्योग, व्यापारिक गतिविधि व उपभोक्ता मांग के विस्तार से ही यह संग्रह संभव हो पाया है। त्योहारी मौसम के दौरान उपभोक्ता खरीदारी और बढ़ी हुई उत्पादन क्षमता ने भी यूपी की अर्थव्यवस्था को सक्रिय बनाए रखा।




जानकारी के अनुसार, जीएसटी के तहत आईजीएसटी एवं सीजीएसटी संग्रह दोनों में वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें खासतौर पर आईजीएसटी संग्रह जो मुख्य रूप से व्यापारिक लेनदेन और आयात पर निर्भर करता है, उसमें वृद्धि का तथ्य पूरे देश में देखा गया है। अप्रैल से अक्टूबर तक के अवधि में सीजीएसटी, एसजीएसटी और आईजीएसटी सभी में यूपी को बेहतर परिणाम मिले हैं।

रिफंड का क्षेत्र भी महत्वपूर्ण बना हुआ है, जहां निर्यातकों को जीएसटी रिफंड के तहत कुछ राशि वापस दी जाती है। इस बार अक्टूबर में जीएसटी रिफंड में 39.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो रही है, जो निर्यात को बढ़ावा देने की सकारात्मक दिशा में गया कदम है। निर्यातकों को दी गई यह सुविधा व्यापारियों को राहत प्रदान करती है और व्यापार में निरंतरता बनाए रखती है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में देखे तो, सीजीएसटी की राशि में भी अच्छी बढ़ोतरी बुधवार है, जिसे राज्य सरकार की आर्थिक नीतियों व औद्योगिक संवर्द्धन के प्रयासों के साथ जोड़ा जा सकता है। सरकारी विभाग द्वारा उपलब्ध पूंजी निवेश एवं उद्योगों में तेजी का असर भी जीएसटी संग्रह में साफ दिखाई देता है। देश भर में जीएसटी संग्रह के बढ़ने से संकेत मिलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी के बाद तेजी से उबर रही है। सरकारी नीतियों द्वारा कराधान प्रणाली को सरल, पारदर्शी व प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। जीएसटी के कारण कर प्रयोजन में एकरूपता आई है, जिससे करदाता वर्ग को राहत मिली है और कर संग्रह में बढ़ोतरी संभव हुई है। यह भी देखा गया है कि त्योहारों के दौरान उपभोक्ता मांग में वृद्धि का सीधा प्रभाव जीएसटी संग्रह पर पड़ा है। उद्योग जगत में प्रोडक्शन और बिक्री में वृद्धि ने भी संग्रह को प्रोत्साहित किया है।

# योगी सरकार बुनकरों के बिजली फ्लैट रेट दर में जल्द संशोधन करेगी : दानिश आजाद

**लखनऊ।** अम्बेडकरनगर जनपद के टांडा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बुनकर-की-बात कार्यक्रम के अंतर्गत पसमांदा-बुनकर समाज के प्रतिनिधियों एवं बुनकर समुदाय के

- **दानिश आजाद अंसारी ने किया बुनकर समाज से संवाद**

लोगों से संवाद किया। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों बुनकरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बुनकरों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी पावरलूम विद्युत फ्लैट रेट योजना के माध्यम से सरकार बुनकरों को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करा रही है, जिससे उनके व्यवसाय को नई ऊर्जा



मिली है।

मंत्री ने कहा कि पसमांदा-बुनकर समाज द्वारा बिजली के फ्लैट रेट को और कम किए जाने की मांग पर मुख्यमंत्री जी ने गंभीरता से विचार किया है, और इस दिशा में सरकार शीघ्र ही ठोस निर्णय लेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएँ चलाना नहीं, बल्कि हर बुनकर परिवार को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन देना है। मंत्री ने यह भी बताया कि बुनकर कार्ड योजना, बुनकर सौर ऊर्जा योजना, तथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से सरकार बुनकरों को वित्तीय सहायता और तकनीकी सशक्तिकरण प्रदान कर रही है। उन्होंने सभी बुनकरों से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ और प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपस्थित बुनकर समाज के प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने सरकार की योजनाओं की सराहना की तथा मंत्री का आभार व्यक्त किया।

# माटीकला मेलों में बिक्री का बना रिकॉर्ड, 4.20 करोड़ का आंकड़ा पार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में आयोजित माटीकला मेलों में प्रदेश के कारीगरों व हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन में उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया गया है। इस अवधि में बोर्ड ने 10 दिवसीय माटीकला महोत्सव, 07 दिवसीय क्षेत्रीय माटीकला मेले और 03 दिवसीय लघु माटीकला मेले आयोजित किए। इन सभी मेलों में कुल 691 दुकानें लगाई गईं और 4,20,46,322 की बिक्री हुई। यह पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में दर्ज कुल बिक्री 3,29,28,410 की तुलना में 91,17,912 अधिक है, जो लगभग 27.7 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ती है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सबसे ज्यादा फोकस परंपरागत शिल्पों व उद्योगों में कार्यरत कारीगरों की उन्नति पर है। प्रदेश समेत देश-विदेश में उनके उत्पादों को वृहद स्तर पर खरीदार मिलें, इसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं और माटीकला बोर्ड इसमें महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

लखनऊ के खादी भवन में 10 से 19 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 10 दिवसीय माटीकला महोत्सव में 56 दुकानों द्वारा 1,22,41,700 की बिक्री हुई। गोरखपुर, आगरा, कानपुर देहात और मुरादाबाद में 13 से 19 अक्टूबर तक आयोजित 07 दिवसीय क्षेत्रीय मेलों में 126 दुकानों ने 78,84,410 का विक्रय किया। इसी क्रम में प्रदेश के 70 जनपदों में 17 से 19 अक्टूबर तक आयोजित 03 दिवसीय लघु माटीकला मेलों में 509 दुकानों के माध्यम से 2,19,20,212 की बिक्री दर्ज की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयोजित मेलों में कुल 878 दुकानों द्वारा ?3,29,28,410 की बिक्री हुई थी। यद्यपि इस वर्ष कुल दुकानों की संख्या कम रही, फिर भी विक्रय में वृद्धि यह दशार्ती है कि उत्पादों की गुणवत्ता, प्रदर्शनी की व्यवस्था और विपणन सहयोग अधिक प्रभावशाली रहा। इससे यह भी स्पष्ट हुआ है कि माटीकला उत्पादों के प्रति आमजन में

- **लखनऊ, गोरखपुर, आगरा, कानपुर देहात और मुरादाबाद के मेलों में बढ़ी खरीदारों की उत्साही भागीदारी**

जागरूकता और आकर्षण निरंतर बढ़ रहा है। माटीकला बोर्ड का लक्ष्य है कि निरंतर मेलों, उन्नत प्रदर्शनी प्रबंधन, प्रशिक्षण, डिजाइन विकास व ब्रांडिंग गतिविधियों के माध्यम से कारीगरों को दीर्घकालिक आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान किया जाए। आने वाले सत्रों में अधिक उपभोक्ता आधारित कार्यक्रमों के आयोजन से कारीगरों की उत्पादकता, विपणन दक्षता तथा आय वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी।

परंपरागत कारीगरों और शिल्पियों की कला को संरक्षित व संवर्धित करने, उनकी सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सुदृढ़ता, तकनीकी विकास और विपणन सुविधा बढ़ाने तथा नवाचार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड का गठन किया है। इस पहल के माध्यम से न केवल पारंपरिक माटीकला को नई पहचान मिली है, बल्कि हजारों परिवारों को आत्मनिर्भरता का नया आधार भी प्राप्त हुआ है। योगी सरकार ने प्रजापति समुदाय के उन सभी लोगों के लिए, जो माटीकला उद्योग से जुड़े हैं, एक महत्वपूर्ण सुविधा प्रदान की है कि गांव के तालाबों से मिट्टी निकालने की व्यवस्था निःशुल्क कर दी गई है। इससे कारीगरों को उत्पादन की मूल सामग्री सुलभ हुई है और उनकी लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। ये कदम दशार्ते हैं कि योगी सरकार परंपरागत शिल्प को केवल संरक्षित ही नहीं कर रही, बल्कि उसे आधुनिक विपणन, प्रशिक्षण और नवाचार के माध्यम से वैश्विक मंच तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। सीईओ खादी एवं ग्रामोद्योग माटीकला बोर्ड के महाप्रबंधक ने बताया कि योगी सरकार के समग्र समर्थन और बोर्ड के लक्षित प्रयासों के परिणामस्वरूप कारीगरों को सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि मेलों में आए खरीदारों ने स्थानीय शिल्प व पारंपरिक उत्पादों को उत्साहपूर्वक अपनाया, जिससे कारीगरों की आय में वृद्धि हुई है तथा माटीकला उत्पादों की ब्रांड वैल्यू मजबूत हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी वर्षों में इन मेलों के दायरे का विस्तार कर और अधिक जिलों में इस तरह के आयोजन किए जाएंगे, ताकि प्रदेश के माटीकला उत्पाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जुड़ सकें।

संक्षेप

## कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी बिहार चुनाव में बने स्टार प्रचारक



प्रतापगढ़। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी को बिहार प्रांत के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की ओर से स्टार प्रचारक बनाया गया है। इसकी जानकारी सोमवार को कार्यकर्ताओं को हुई तो उनमें प्रसन्नता का माहौल दिखाई दिया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी बिहार चुनाव में प्रतापगढ़ की आवाज बुलंद करते दिखाई देंगे। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने क्रिकेट विश्व कप में भारतीय महिला टीम के विजेता होने को गौरवपूर्ण कहा है। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों ने क्रिकेट का विश्वकप राष्ट्र को समर्पित कर यह साबित कर दिया है कि वह हर क्षेत्र में नामुमकिन को मुमकिन बनाने की क्षमता रखती हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दिया है।

## पूर्व प्रधान के निधन पर सांसद व विधायक ने जताया शोक

प्रतापगढ़। बीजूमऊ ग्राम सभा के पूर्व प्रधान राम आसरे पांडेय का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। निधन पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधायक आराधना मिश्रा मोना ने परिजनों से फोनिक वार्ता कर संवेदना प्रकट किया। वही प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह, अधिवक्ता अजय पांडेय, अजय कृष्ण तिवारी आदि ने दुख व्यक्त किया है।

## नगर में कुत्तों का वैक्सीनेशन किया गया

जसवंतनगर, इटावा। नगर पालिका परिषद तथा पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नगर में कुत्तों का वैक्सीनेशन किया गया। इस दौरान कुत्तों को पकड़ने का काम बहुत मुश्किल रहा। टीम को देखकर कुत्ते दूर भाग रहे थे। शासन के निर्देश पर राजकीय पशु चिकित्सालय, जसवंत नगर के उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ चंद्रपाल सिंह की देखरेख में हुआ।

# सीता मैय्या की वनस्थली हुईं गुलजार

## तीन दिवसीय मेले की मुकम्मल तैयारी पूरी, देश विदेश से आते हैं लाखों मेलार्थी

एस.पी.सिंह परिहार





श्रावस्ती। पावन कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हर वर्ष ख्याति लब्ध सीता द्वार में तीन दिवसीय लगने वाले मेले की सम्पानता को लेकर मुकम्मल व्यवस्था लगभग, लगभग पूरी हो गई है।

गौरतलब है कि त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम द्वारा सीता परित्याग पर विवश हुए, मुख्यपुजारी संतोष बताते है कि लक्ष्मण जी माँ जगत जननी सीता को अयोध्या के उत्तर दिशा में 36 कोस की दूरीपर इसी स्थान पर छोड़ा था। उन दिनों यह क्षेत्र का सघन वनों से अच्छादित था। महर्षि वाल्मीकि का आश्रम यही माना जाता है जहाँ सीता मैय्या को आश्रय मिला। लव और कुश की जन्म स्थली इसी सीता द्वार को मानी जाती है। कार्तिक पूर्णिमा का मेला यहाँ कब से लगता है इसका कोई लेखा जोखा नहीं है। तकरीबन चार सौ वरस पूर्व इस स्थान पर वियावान वन में बहुत छोटे से मन्दिर में सीता माता. के साथ लव कुश के मूर्ति की पूजा पाठ अनुनाइयों द्वारा किया जाता रहा। बाबा टीकम दास तथा टेडवा महंत बाबा मुख्य पुजारी हुआ करते थे। टेढवा महंत के नाम से बगल में गाँवभी आबाद हुआ। यहां पहले जल संसाधन के रूप में एक मात्र राप्ती नदी हुआ करती थी.जो अचिरावती के नाम से जानी जाती थी। जो प्यास बुझाने का एक मात्र जल स्त्रोत था। वाल्मीकि काल में संत महात्मा अचिरावती नदी के जल धारा का प्रयोग करते थे।संतोष जी बताते है कि जब लक्ष्मण जी सीता को छोड़ने आये थे तब माता जीता विलाप कुन्दन से अति प्यासी हुई तो लक्ष्मण जी ने अपने वाण से एक सरोवर का आसित्व किया। जिसके जल से माता सीता की प्यास बुझी। युग युगान्तर व्यतीत होते गए लेकिन सीता द्वार की मान्यता बरकरार रही। अजय प्रधान बताते है कि वर्ष 1942 में स्वाधीनता संग्राम के जन नायक पं. शोभाराम त्रिपाठी द्वारा सीता माता के मंदिर का जीर्णोद्धार का अलख जगाया संसाधनों और आर्थिक दुश्वारियों के मंदिर जीणोधार में कई वर्षों का समय लगा। पं. शोभाराम त्रिपाठी इसी टेडवा महंत के निवासी, थे। सीता माता का मंदिर 1962 में बाहरी कारीगरों द्वारा पूर्ण किया। मंदिर के उद्घघार से पूर्व प्रथ्वी नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी ( राम मिलन दास ने एक माह तक प्रवचन किया। राम मिलन दास उस विभूति का नाम है कि उनके आदेश पर दीवाल चलने लगती थी। वर्तमान परिवेश में सीता द्वार में तीन दिवसीय मेला कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर लगता है। मेले में लाखो भक्त जनमानस उपस्थित होकर सीता मैया के दर्शन अर्चन करते हैं। सीता द्वार मेले में हर समुदाय के महिला पुरुष शिरकत करते हैं। सीता माता का दर्शन कर अपने संकट हरण का प्रार्थना करते हैं। मेले में सैकड़ों नाना प्रकार की दुकाने. मनोरंजन के संसाधन मेले में चार चांद लगाते हैं ।

# स्वदेशी से सशक्त हो रहा भारत




श्रावस्ती। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत युवा सम्मेलनह्व का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें युवाओं में स्वदेशी भावना, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र निर्माण की चेतना को नई दिशा देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रहे जनचहेते विधायक पंडित रामफेरन पाण्डेय, जिन्होंने विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के संकल्प को दोहराया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसके युवा वर्ग और स्वदेशी चिंतन में निहित है। जब हर युवा आत्मनिर्भर बनेगा, तभी राष्ट्र सशक्त और समृद्ध बनेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी अपनाओ, देश बढ़ाओ के सूत्र वाक्य को जीवन में आत्मसात करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक करनैलगंज अजय सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए युवा पीढ़ी को उद्यमिता, नवाचार और स्वदेशी उत्पादों के प्रचार में अग्रसर होना चाहिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री विष्णु प्रताप नारायण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा हरिओम तिवारी, जिला मंत्री अरुण पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी तथा जिला महामंत्री युवा मोर्चा राणा प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का आधार कौशल, स्वाभिमान और स्वदेशी संस्कृति है। भारतीय परंपरा में आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़ा हुआ संकल्प है। जब युवा स्वदेशी मार्ग अपनाते हैं, तो वे न केवल अपने परिवार को सशक्त करते हैं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति की गाथा भी लिखते हैं। सम्मेलन का समापन राष्ट्रगान और ह्लजय भारत– जय स्वदेशीह्व के उद्घोष के साथ हुआ। पूरे कार्यक्रम का संचालन ऊर्जावान युवा कार्यकताओं ने किया, जबकि मंच सज्जा एवं व्यवस्था अनुकरणीय रही। इस प्रेरणादायक आयोजन ने जनपद के युवाओं में नवचेतना और स्वदेशी गौरव की ज्योति प्रज्वलित कर दी।

## डुमरियागंज में सांसद ने युवाओं से की अपील



सिद्धार्थनगर– लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर डुमरियागंज स्थित कृषक प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सांसद व पूर्व कैबिनेट मंत्री रामप्रसाद चौधरी ने युवाओं से सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।सांसद चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने दृढ़ संकल्प, ईमानदारी और अदम्य साहस से भारत को एकता के सूत्र में पिरोया। उन्होंने युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। चौधरी ने जोर दिया कि देशभक्ति और अनुशासन का विकास तभी संभव है जब युवा सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के आदर्शों का पालन करें। कार्यक्रम का संचालन आत्माराम पटेल ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शोहरतगढ़ अमर सिंह चौधरी ने सरदार पटेल के जीवन को त्याग, निष्ठा और कर्मठता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि उनके सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और लौहपुरुष के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस कार्यक्रम का आयोजन लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ट्रस्ट समिति, डुमरियागंज के तत्वावधान में अजय सिंह वर्मा द्वारा किया गया था। इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता घिसियावन यादव, तोताराम वर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अजय सिंह वर्मा, शिवपूजन चौधरी, रामपाल वर्मा, रामफेर वर्मा, अमेरिका प्रसाद वर्मा, अजीम रिजवी, रियाजुद्दीन, अजय वर्मा, सुभाष चंद्र वर्मा, चंदन वर्मा, आलोक चौधरी, अमरजीत वर्मा, उत्तम वर्मा और सचिन चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं के हितों व सुरक्षा को लेकर संघर्ष का एलान



सलोन,रायबरेली। अधिवक्ता सुरक्षा कानून की मांग को लेकर सोमवार को सलोन तहसील में वकीलों ने एकजुटता का शंखनाद किया। आल इण्डिया रुरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी के नेतृत्व में यहाँ वकीलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सभा को संबोधित करते अनिल तिवारी महेश ने कहा कि अधिवक्ता हितों व सुरक्षा को लेकर संघर्ष तेज किया जायेगा। उन्होंने साथियों को बताया कि एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में संसद के शीतकालीन सत्र में विधेयक पारित कराये जाने की मुहिम को लेकर हस्ताक्षर अभियान प्रदेश भर में जारी है। महासचिव अनिल तिवारी ने बार कौंसिल के चुनाव में साथियों से समरर्थन भी जुटाया। सभा की अध्यक्षता तहसील बार के अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी व संचालन महामंत्री पवन श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर जगदीश प्रसाद मौर्य, इंद्रेश द्विवेदी, उमेश तिवारी, राज कुमार गुप्ता, राजीव द्विवेदी, दिनेश सिंह, जितेन्द्र तिवारी, राजेश तिवारी ज्ञानेन्द्र कुमार, अमित शुक्ल, प्रवीण त्रिपाठी, रामानुज पांण्डेय, आदि अधिवक्ता रहे।

## वकील पर हमले के आरोपियों पर एसपी ने बढ़ाया इनाम, अब मिलेंगे 25 हजार

प्रतापगढ़। साथी तीन अधिवक्ताओं पर प्राणघातक हमले में नामजद पाँच आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से सोमवार को वकीलों में नाराजगी देखी गई। अधिवक्ताओं ने न्यायिक काम काज के बहिष्कार का प्रस्ताव पारित किया। वहीं एसपी दीपक भूकर ने हमलावरों पर ईनाम बढ़ाकर पचीस-पचीस हजार कर दिया है। अभी तक सभी पर दस-दस हजार का ईनाम घोषित था। संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष आशीष तिवारी व महामंत्री हरिश्चद्र पांण्डेय की अगुवाई में वकीलों ने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की माँग उठायी। बीती बाइस अक्टूबर को सांगीपुर थाने के बवरिहा गाँव में हमलावरों ने अधिवक्ता रुद्र प्रताप पांण्डेय व अधिवक्ता अभिषेक तथा अधिवक्ता बालकृष्ण पर हमला बोल दिया था। घटना में प्रधान प्रतिनिधि देवदत्त शुक्ल समेत नामजद पाँच आरोपी फरार चल रहे हैं। इस मौके पर टीपी यादव, राम मोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, केके शुक्ल, अनूप पांण्डेय, राजेश तिवारी, संदीप सिंह, शैलेन्द्र मिश्र, प्रवीण यादव, सूर्यकांत निराला, संतोष सिंह आदि अधिवक्ता रहे। सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी ने बताया कि एसपी की ओर से सभी फरार आरोपियों पर ईनाम की धनराशि बढ़ाई गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें लगी हुई हैं।

## छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की सीख



श्रावस्ती।। यातायात माह के तहत जनपद श्रावस्ती में यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी यातायात भरत पासवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात व उनकी टीम ने थाना सिरसिया क्षेत्र के पंडित ब्रह्म दत्त हायर सेकेंडरी स्कूल चैलाही में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में बच्चों को समझाया गया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं, तेज गति या नशे की हालत में वाहन न चलाएं और अपने अभिभावकों को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा यातायात जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए।इसके अलावा जनपद के विभिन्न चौराहों व तिराहों पर भी आमजन को यातायात के प्रति जागरूक किया गया और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।

# विद्यालय में जो कमियां उसे तुरंत दुरूस्त करें: डीएम

## बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूल फेज वन एवं फेज टू में गैप्स के पैरामीटर की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्बंधित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र बनाये जाने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करें।



जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि जूता मोजा ड्रेस की धनराशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान हो गया है अभिभावकों को से ड्रेस, जूता मोजा आदि खरीदने हेतु प्रेरित करें। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति ड्रेस, जूता मोजा में सुनिश्चित करायें। विद्यालयों में जो भी कम्पोजिट ग्राण्ट, स्पोटर्स ग्राण्ट, टीएलएम ग्राण्ट आदि प्राप्त/व्यय हुआ है एवं टीचिंग टाइम टेबल अंकित करायें। निपुण लक्ष्य के लिए जारी गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित करायें। विद्यालय में जो भी कमियां है उसे खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर ठीक करा ले। जिलाधिकारी ने पीएम श्री स्कूलों में एमडीएम सेड, टाइलिंग, छत मरम्मत, बाउंड्री वॉल आदि का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा मिड-डे मील टीन शेड, का कार्य पूर्ण कराये। जर्जर विद्यालय के ध्वस्तीकरण हेतु कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं पीएमश्री विद्यालय का निरीक्षण करे। जिलाधिकारी ने नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति शत-प्रतिशत कराने का निर्देश दिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग मामले में विहिप का प्रदर्शन

## पुलिस पर 20 लाख में समझौते का आरोप




सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में कार्रवाई की मांग। सोमवार को विहिप ने जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन कर मुख्य आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इस बीच, पीड़िता ने पुलिस पर 20 लाख रुपए में मामला दबाने का दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। किशोरी ने बताया कि बीती रात कपिलवस्तु थाना प्रभारी चार पुलिसकर्मियों के साथ उसके घर पहुंचे और बीस लाख रुपये लेकर केस निपटाने का दबाव बनाया ।उसका कहना है कि पुलिस लगातार उसे गुमराह कर रही है, गलत फोटो दिखा रही है और वास्तविक आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रही है। किशोरी ने कहा, अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं आत्मदाह कर लूंगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। विहिप जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे के नेतृत्व में करीब 50 से अधिक कार्यकर्ता, महिलाएं और युवा कलेक्ट्रेट पहुंचे।

प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और कहा कि इतनी बड़ी घटना के बावजूद सिस्टम आधी नींद में है, और पुलिस पीड़िता पर दबाव बना रही है ।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू करेगा। बृजेश पांडे ने कहा, यह सिर्फ एक लड़की का नहीं, पूरे समाज की सुरक्षा और कानून व्यवस्था का सवाल है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब तक पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, लेकिन जिसने सबसे पहले वीडियो बनाया था, वह मुख्य आरोपी अभी भी फरार है ।पीड़िता का आरोप है कि उसी वीडियो के आधार पर अलग-अलग समय पर कई लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे मानसिक रूप से तोड़ा।इस प्रकरण में राजनीतिक सरगर्मी भी तेज है ।सदर विधायक श्याम धनी राही और पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह पहले ही थाने पहुंचकर सख्त कार्रवाई की मांग कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस केस में किसी भी स्तर पर देरी या राहत स्वीकार नहीं की जाएगी। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने बताया कि पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बाकी आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। डिजिटल फॉरेंसिक, मोबाइल डेटा, चैट बैकअप और वीडियो सबूतों को केस डायरी में शामिल किया गया है। किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं होगी।

## जनसुनवाई में मिला समाधान का भरोसा



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह की समय सीमा निर्धारित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनता दर्शन में आई शिकायतों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनशिकायतें सुनें तथा समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से शासन की पारदर्शी व्यवस्था का संदेश जनता तक पहुँचना चाहिए।

# अनुपस्थित आशाओं को नोटिस, खराब प्रदर्शन पर फटकार



सिद्धार्थनगर। सिरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ( सीएचसी ) में सोमवार को एएनएम, संगिनी और आशा बहुओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान खराब कार्य प्रदर्शन करने वाली आशा बहुओं को फटकार लगाई गई, जबकि अनुपस्थित रहने वाली आशाओं को नोटिस जारी किए गए हैं। अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने बदरुन्निशा, कमला, बबीता, उषा और सुनीता नामक आशा बहुओं को उनके खराब कार्य प्रदर्शन के लिए कड़ी फटकार लगाई। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे अगले एक माह के भीतर अपने सभी कार्यों को पूरा करें, अन्यथा उनकी प्रोत्साहन राशि बाधित करते हुए उन्हें पद से निष्कासित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बैठक से अनुपस्थित रहने वाली आशा बहुओं– राजेश्वरी, सरिता, राखी, अफसाना और गीता के विरुद्ध स्पष्टीकरण पत्र जारी किया गया है। इन सभी से तीन कार्य दिवस के भीतर संतोषजनक जवाब मांगा गया है। अधीक्षक ने एएनएम को गर्भावस्था के दौरान उच्च जोखिम वाले लक्षणों की पहचान करने का निर्देश दिया। इनमें उच्च रक्तचाप, गंभीर एनीमिया, 20 वर्ष से कम या 35 वर्ष से अधिक उम्र की गर्भवती, और पूर्व की गर्भावस्था में जटिलताएँ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को सीएचसी में शीघ्र संदर्भित किया जाए ताकि समय पर इलाज और परामर्श से जच्चा-बच्चा को जटिलताओं और मृत्यु से बचाया जा सके। एचईओ राजीव त्रिपाठी और बीसीपीएम मेराज अहमद ने आशा बहुओं को ड्यू लिस्ट बनाने का प्रशिक्षण दिया। वहीं, बीएमसी सूर्यदेव सिंह ने टीकाकरण से आनाकानी करने वाले लाभार्थियों की लाइन लिस्टिंग तैयार करने और उन्हें प्रेरित करने को कहा। इस दौरान ध्रुवचंद, खुशबू, उर्मिला, आख्या पाण्डेय सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# डीएम ने 3 शिक्षकों का वेतन रोका

## मधुबेनिया पीएम श्री विद्यालय के निरीक्षण में कार्रवाई

राम आशीष दूबे

सिद्धार्थनगर। डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने सोमवार को पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय मधुबेनिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उनका एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति प्रतिदिन सुनिश्चित कराई जाए। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने प्राथमिक कक्षाओं से लेकर सभी क्लास में जाकर बच्चों से पढ़ाई, किताब, कॉपी और सीखने की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय में स्मार्ट क्लास प्रणाली का भी अवलोकन किया, जहां एलईडी ऑपरेटिंग स्थिति में पाई गई। डीएम ने निर्देश दिया कि स्मार्ट क्लास केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि प्रतिदिन प्रभावी रूप से उपयोग में लाई जाए, ताकि बच्चे वास्तविक शिक्षण लाभ प्राप्त कर सकें। इस निरीक्षण में यह भी सामने आया कि कुछ बच्चे विद्यालय ड्रेस में नहीं थे। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि सभी बच्चे निर्धारित यूनिफॉर्म में ही विद्यालय आएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर प्रधानाध्यापक की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर, रिकॉर्डिंग, उपस्थिति फीडिंग और शिक्षक डायरी की स्थिति की भी जांच की। विद्यालय में कुल 17 शिक्षक कार्यरत हैं। अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों में अनिल कुमार यादव (शिक्षामित्र), संजय कुमार ( अनुदेशक ) और प्रमिला श्रीवास्तव (शिक्षामित्र) शामिल हैं, जिनके वेतन रोकने का आदेश दिया गया। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि मिड-डे मील पूरी तरह मेन्यू के अनुरूप बने, सफाई व्यवस्था नियमित रहे। निपुण तालिका, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर, शिक्षक डायरी एवं मिड-डे मील रजिस्टर सहित सभी आवश्यक अभिलेख समय पर भरे जाए। डीएम ने चेतावनी दी कि शिक्षा की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षा का स्तर सुधरे, उपस्थिति बेहतर हो, और विद्यालयीय व्यवस्था पूरी तरह अनुशासित हो, यही शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



## जोगिया में पशु आरोग्य मेला, ग्राम पंचायत नगरा में 680 पशुओं का इलाज



सिद्धार्थनगर। दीनदयाल पशु आरोग्य मेले का आयोजन सिद्धार्थनगर के जोगिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत नगरा में संपन्न हुआ। इस मेले में 680 पंजीकृत पशुओं का उपचार किया गया। गाय को गुड़ चने खिलाकर मेले का शुभारंभ किया गया। यह मेला न्याय पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया था। इस क्षेत्र में एक अस्थाई गौशाला भी स्थापित है, जिसके कारण पशुपालकों का यहां नियमित आना-जाना रहता है। जोगिया के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि पंजीकृत 680 पशुओं के सापेक्ष लगभग सभी पशुपालकों ने अपने पशुओं के साथ मेले में भाग लिया। पशु विभाग की टीम ने पशुओं की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं दीं ।उपचार के दौरान कृमिनाशक दवाएं, शक्तिवर्धक दवाएं और सर्दी-जुकाम से पीड़ित जानवरों का इलाज किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद, पशु चिकित्सा अधिकारी जोगिया डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. देवेंद्र गौतम, खंड विकास अधिकारी रामानंद वर्मा और पशुधन प्रसार अधिकारी शैलेंद्र कुमार यादव, लोकधर मिश्रा, जगराम यादव, जनार्दन त्रिपाठी सहित कई पशुपालक और कर्मी मौजूद रहे।

# पांच शातिर लुटेरे गिरफ्तार

## दो मोटरसाइकिल बरामद



गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने फोरलेन पर लूट करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस टीम ने लूट की दो बाइक के साथ पांच लूटेरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। गिरोह का सरगना चंदन निषाद बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि ये सभी अभियुक्त सुनसान स्थानों पर वारदात कर इलाके में दहशत फैलाने का काम कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकार वार्ता कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि चिलुआताल इलाके में फोरलेन पर लूट की घटनाओं की शिकायत मिली थी। इसी कड़ी में 31 अक्तूबर को गीडा से लौट रहे युवक से बाइक लूटने के दौरान एक अभियुक्त का आधार कार्ड गिर गया था, जिससे पुलिस को गिरोह तक पहुंचने में मदद मिली। थाना प्रभारी सूरज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने लूट की दो बाइक के साथ पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान सहजनवां थाना क्षेत्र के महुआपार गांव निवासी काजू निषाद उर्फ रॉनी, आजाद निषाद उर्फ विद्दू, अरुण निषाद, चंदन निषाद और गौतम निषाद उर्फ पिंटू के रूप में हुई। इनके कब्जे से लूटी गई दो मोटरसाइकिल और फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुई हैं।

पूछताछ में अभियुक्तों ने 6 सितंबर और 31 अक्तूबर की लूट की घटनाओं को कबूल किया है ।पकड़े गए आरोपी सुनसान फोरलेन इलाकों में राहगीरों से मोबाइल और मोटरसाइकिल लूटकर नंबर प्लेट बदल देते थे और गाड़ियों को गैर जनपदों में बेचने का काम करते थे। दोनों ही मामलों में थाना चिलुआताल में मुकदमे पंजीकृत हैं। अभियुक्तों के खिलाफ धारा 309 (6), 310(2), 317(3), 126(2), 352 भा.न्या.सं. के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार करने वालों में प्रमुख रूप से थानाध्यक्ष सूरज कुमार सिंह, चौकी प्रभारी मजनू चंदन नारायण, निरीक्षक सुनील कुमार राय (एंटी थेफ्ट प्रभारी), उ0नि0 राजमंगल सिंह (एसओजी प्रभारी) सहित पुलिस बल के अन्य सदस्य।

एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस टीम की सतर्कता से एक सक्रिय लूट गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। अभियुक्तों से पूछताछ में अन्य घटनाओं के खुलासे की संभावना है।

# विरासत गलियारा में बाधा बन रहे अतिक्रमण पर बुलडोजर चला

## गिरायी गयी दुकान और घर, शुरू हुई गोरखपुर को संवारने की तैयारी

गोरखपुर। गोरखपुर शहर में विरासत गलियारा निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन का



अभियान सोमवार को भी जारी रहा। घंटाघर से नार्मल तिराहे तक सड़क की जद में आ रहे कई मकानों और दुकानों पर बुलडोजर चला। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल, राजस्व अधिकारी और लोक निर्माण विभाग की टीमें पूरे क्षेत्र में तैनात रहीं। एसडीएम सदर दीपक गुप्ता और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में एक दिन पहले से कार्रवाई शुरू हुई है। जिन मकान और दुकानों की रजिस्ट्री पहले पूरी हो चुकी थी, उनके मालिकों ने सड़क में आने वाले हिस्सों को खुद नहीं हटाया था, जिससे गलियारा कार्य प्रभावित हो रहा था। रविवार को घंटाघर से पांडेयहाता तक अतिक्रमण हटाया गया था, जबकि सोमवार को अभियान का दायरा बढ़ाकर नार्मल तिराहे तक पहुंचा। कार्रवाई के दौरान घंटाघर से नार्मल तिराहे तक पूरे रास्ते पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर भीड़ को नियंत्रित किया। जेसीबी की आवाज गूंजते ही सड़क किनारे लोग जमा होने लगे। कई लोग अपने मकान और दुकानों से सामान निकालने की कोशिश करते रहे, जबकि कुछ हाथों में कागज लेकर अधिकारियों से राहत की गुहार लगाते दिखे। लोग दूर खड़े होकर देखते रहे गिरती दीवारें-दुकानें

जिन मकानों और दुकानों पर बुलडोजर चला, वहां भावनात्मक नजारा देखने को मिला। लोग दूरी बनाकर खड़े रहे और अपनी दुकानों व घरों को टूटते हुए देखते रहे। धूल के गुबार के बीच कुछ लोगों की आंखें नम दिखीं। लोग अपने घरों की पहचान मिटते देख चुपचाप खड़े रहे। गलियारे से हटाई जा रही हैं सभी बाधाएं अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गलियारे में आ रही सभी बाधाओं को हटाया जा रहा है ताकि काम तेजी से पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि विरासत गलियारा शहर के सौंदर्यीकरण और यातायात सुधार का बड़ा प्रोजेक्ट है। अतिक्रमण हटने के बाद निर्माण गति पकड़ लेगा और क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी।

# भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का हुआ स्वागत



मेरठ। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल जी का आगमन भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा के सुशांत सिटी स्थित निवास पर हुआ। बंसल जी के स्वागत में विनीत शारदा की धर्मपत्नी संगीता अग्रवाल शारदा एवं बहुरानी सुहानी अग्रवाल शारदा ने आरती उतारकर, शाल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक रूप से भव्य स्वागत किया। विनीत शारदा ने अपने पुत्र चिराग अग्रवाल शारदा सहित पूरे परिवार के साथ भगवान श्रीराम जी की प्रतिमा भेंट कर बंसल जी का अभिनंदन किया।करीब दो घंटे चली इस आत्मीय भेंट के दौरान राजनीतिक और पारिवारिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। शारदा परिवार ने आत्मीयता से बंसल जी की मेजबानी की। इस दौरान बंसल जी ने शारदा परिवार के साथ भोजन किया और मेरठ की प्रसिद्ध रेवड़ी व गजक का आनंद लिया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल जी ने विनीत शारदा के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया और कहा– विनीत जी, आपका भविष्य उज्जवल है, आप चिंता मत करें। बंसल जी के स्वागत में उपस्थित प्रमुख जनों में अश्विनी त्यागी, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, धर्मेन्द्र भारद्वाज, कमल दत्त शर्मा, विनोद गुप्ता, अशोक बबली, मोहन सिंह, जय प्रकाश अग्रवाल, मनोज पोसवाल, अमित अग्रवाल, अनुज मित्तल, जयकरण गुप्ता, अमन गुप्ता, अमित शर्मा (मीडिया प्रभारी), अंकुर मुखिया सहित अन्य भाजपा कार्यकताओं ने भी बंसल जी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

# रिटायर्ड पुलिस कर्मी का पर्स पार करने वाला चोरी के दो मोबाइल समेत गिरफ्तार

इटावा ! तीन दिन पहले ग्वालियर पैसेजेंर में रिटायर्ड पुलिस कर्मी का पर्स पार करने वाले एक चोर को रविवार दोपहर राजकीय रेलवे पुलिस ने जंक्शन पर चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल एवं पर्स मारकर प्राप्त किए 715 रुपये भी बरामद हुए है। जीआरपी सीओ उदय प्रताप सिंह ने बताया कि चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए रविवार को जीआरपी थाना प्रभारी दिनेश प्रकाश शर्मा, उपनिरीक्षक सोहिल राज और सीआईबी टूंडला टीम के साथ जंक्शन पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था, तभी दोपहर करीब डेढ़ बजे स्टेशन के सकुलेटिंग एरिया में एक संदिग्ध व्यक्ति को टीम ने पकड़ा गया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से दो मोबाइल व 715 रुपये बरामद हुए। मोबाइल के कागज मांगने पर वह दिखा नहीं सका और दोनों मोबाइल चोरी के होना पाए गए। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम ब्रजेश पुत्र हाकिम सिंह निवासी टीला खुशहालपुर भरथना बताया। उन्होंने बताया कि पूछताछ में बृजेश ने 30 अक्टूबर को स्टेशन पर रिटायर्ड पुलिस कर्मी विश्वनाथ सिंह पुत्र स्वर्गीय राजाराम निवासी जयंतीपुर सुलेमराय थाना धूमनगंज प्रयागराज का ग्वालियर पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय पर्स पार करने एवं शनिवार रात्रि स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया से राजपुर थाना सॉरिख कन्नौज निवासी राम वरन शाक्य का मोबाइल चोरी करने की बात कबूल की। दोनों मुकदमों में सामान बरामदगी के संबंध में उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

# शास्त्री चौक से छात्रसंघ चौक तक रोड चौड़ीकरण पर मंथन

गोरखपुर। नगर निगम सभागार में सोमवार को महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शास्त्री चौक से छात्रसंघ चौराहे तक प्रस्तावित रोड चौड़ीकरण पर अहम बैठक हुई। बैठक में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा सहित निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी दुकान के किरायेदार उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि शासन से 24 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण की डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) को मंजूरी मिल चुकी है। इस योजना के तहत शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक पर चौड़ी सड़क बनाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में यह निर्णय हुआ कि नगर निगम जल्द ही दुकानदारों से अलग-अलग बैठकें करेगा ताकि उनकी राय लेकर सहमति आधारित समाधान निकाला जा सके। अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि रोड चौड़ीकरण से प्रभावित लोगों की परेशानियों को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

अधिकारियों ने बताया कि इस मार्ग पर ट्रैफिक दबाव और अतिक्रमण सबसे बड़ी समस्या है। कई दुकानदार अपनी दुकानों के आगे चारपहिया वाहन खड़े कर लेते हैं, जिससे सड़क का हिस्सा संकरा हो जाता है। परिणामस्वरूप हर दिन घंटों जाम लगता है। जब सड़क जाम होती है तो लोग सरकार को दोष देते हैं, जबकि वास्तविक समस्या स्थानीय स्तर पर अतिक्रमण से पैदा होती है। इसी कारण शासन ने इस मार्ग को प्राथमिकता में लेकर रोड चौड़ीकरण की योजना को स्वीकृति दी है।। रोड चौड़ीकरण के दायरे में आने वाले अधिकांश दुकानदारों ने बैठक में नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ये सभी दुकानें नगर निगम की संपत्ति हैं और वे किरायेदार के रूप में वर्षों से अपना व्यवसाय चला रहे हैं। प्रस्तावित 24 मीटर चौड़ाई से उनकी दुकानों का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा।

दुकानदारों की ओर से यह मांग रखी गई कि सड़क की चौड़ाई 17 मीटर तक सीमित रखी जाए ताकि दुकानों को कम नुकसान पहुंचे। एक दुकानदार ने कहा कि हम नगर निगम के किरायेदार हैं। सरकार की दुकान में किराया जमा करते हैं। अब उसी दुकान का हिस्सा तोड़ा जाएगा। हम विकास के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन ऐसी योजना बने जिससे हमारी रोजी-रोटी न छिने।

# तहसील सदर में पूर्व रजिस्ट्रार कानूनगो का हंगामा

## कर्मचारियों से अभद्रता, दर्जनों प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे सेवानिवृत्त कर्मी

गोरखपुर। सदर तहसील में सोमवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार कानूनगो सुरेंद्र नाथ मिश्र दर्जनों प्रार्थना पत्र लेकर तहसील दिवस में पहुंचे और वहां मौजूद कर्मचारियों से कहासुनी करने लगे। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि मिश्र हर तहसील दिवस पर कई लोगों के नाम से आवेदन देकर निस्तारण कराने का प्रयास करते हैं, जबकि उनके साथ कोई वास्तविक पीड़ित मौजूद नहीं होता। जानकारी के अनुसार, सुरेंद्र नाथ मिश्र अपने सेवा काल में ही बर्खास्त किए जा चुके थे, लेकिन हाई कोर्ट के आदेश पर उन्हें बहाल किया गया था। सेवा निवृत्त होने के बाद भी वह तहसील परिसर में लगातार सक्रिय रहते हैं और अक्सर विभिन्न शिकायतों के साथ उपस्थित होते हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वह न केवल खुद आवेदन देते हैं बल्कि अन्य लोगों के प्रार्थना पत्र भी अपने नाम से या उनके बिना मौजूदगी के प्रस्तुत करते हैं, जिससे तहसील दिवस में अनावश्यक भीड़ और विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है।

सोमवार को भी जब वह दर्जनों प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे, तो प्रार्थना पत्रों की जांच करने वाले राजस्व कर्मियों ने आपत्ति जताई कि आवेदन उन्हीं लोगों का



स्वीकार किया जाएगा जो स्वयं उपस्थित हों या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से अधिकृत रूप से प्रार्थना पत्र दें। इस पर सुरेंद्र नाथ मिश्र नाराज हो गए और कर्मचारियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए विवाद करने लगे। कर्मचारियों ने बताया कि सुरेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि ह्लवह जनता के हित के लिए काम कर रहे हैं और किसी भी पीड़ित का आवेदन वह खुद प्रस्तुत करने का अधिकार रखते हैं। इस पर मौजूद कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि तहसील दिवस की प्रक्रिया के अनुसार प्रत्येक शिकायत या प्रार्थना पत्र केवल पीड़ित व्यक्ति या उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा ही दिया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, विवाद बढ़ता देख कुछ कर्मचारियों ने मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक और कानूनगो ने स्थिति को शांत कराया। बताया जा रहा है कि तहसील प्रशासन अब इस तरह की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश जारी करेगा, ताकि कोई व्यक्ति तहसील दिवस की प्रक्रिया का दुरुपयोग न कर सके।

कर्मचारियों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब सुरेंद्र नाथ मिश्र इस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं। लगभग हर माह होने वाले तहसील दिवस में वे कई लोगों के नाम से आवेदन लेकर आते हैं, जिससे कार्यवाही की गति प्रभावित होती है और वास्तविक पीड़ितों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाता। तहसील कर्मियों ने प्रशासन से मांग की है कि सेवानिवृत्त व बर्खास्त कर्मियों को तहसील दिवस में आवेदन प्रस्तुत करने से पहले अनुमति लेने का नियम बनाया जाए, ताकि इस प्रकार की अव्यवस्था दोबारा न हो। वहीं, सुरेंद्र नाथ मिश्र ने अपनी सफाई में कहा कि वे जनसेवा की भावना से लोगों के प्रार्थना पत्र लेकर आते हैं और किसी का नुकसान नहीं करना चाहते। लेकिन कर्मचारियों के अनुसार, यह तरीका नियम विरुद्ध है और तहसील दिवस की मयार्दा को ठेस पहुँचाता है।

# फैमिली वेलफेयर मिलन का आयोजन किया



इटावा ! भारतीय पूर्व सैनिक लीग केके तत्वाधान में फैमिली वेलफेयर मिलन का आयोजन किया गया जिसमें इटावा के पूर्व सैनिकों की पत्नियों ने एवं वीर नारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिला अध्यक्ष भारतीय पूर्व सैनिक लीग सूबेदार मेजर रघुराज सिंह ने अपने संबोधन में संगठन के बारे में जानकारी प्रदान की साथ ही उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम लगातार होते रहेंगे ताकि हमारी बहनों को पेंशन के बारे में पूरी जानकारी हो सके तथा सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रधान लिपिक कुंवर पाल सिंह ने पेंशन डॉक्यूमेंट के बारे में अवगत कराया वहीं पर मिलिट्री हॉस्पिटल से आए सूबेदार राजपाल सिंह ने पॉलिसीयों के बारे में बताया बाल कलाकारों ने अपना अपना अच्छा प्रदर्शन किया और भारत माता की जय घोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ !

# आयुष विश्वविद्यालय कुलपति ने भ्रामक खबरों का खंडन किया

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के. रामचंद्र रेड्डी ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित की। इस दौरान उन्होंने महानिदेशक आयुष के निरीक्षण से संबंधित एक अखबार में प्रकाशित भ्रामक खबरों का खंडन किया। प्रेस वार्ता में कुलसचिव अजीत कुमार जायसवाल, वित्त नियंत्रक अतुल तिवारी और परीक्षा नियंत्रक मनीष कुमार राय भी उपस्थित थे। अखबार ने दावा किया था कि निरीक्षण के दौरान रसोई घर में दवा वितरण किया जा रहा था। इस पर कुलपति ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का मुख्य भवन अभी निमार्णाधीन है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के ओपीडी में प्रतिदिन 1200 से अधिक मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। मरीजों की सुविधा को देखते हुए भूतल पर खाली पड़े एक हॉल को अस्थायी दवा वितरण कक्ष बनाया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वहां रसोई घर जैसा कोई सामान नहीं है और न ही उसका उपयोग रसोई घर के रूप में हो रहा है। इसलिए, रसोई घर में दवा वितरण की खबर पूरी तरह भ्रामक है। अखबार में प्रकाशित दूसरी खबर, जिसमें लिखा था कि महानिदेशक कुलपति पर भड़कीं, का जवाब देते हुए कुलपति ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय के कुलपति का पद एक सम्मानित पद होता है। कोई भी अधिकारी इस पद की गरिमा के खिलाफ नहीं जा सकता। उन्होंने इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल करने को गलत बताया।

# रोजगार मेले का आयोजन




इटावा ! जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, इटावा की ओर से जसवंतनगर कस्बे के दो कालेजों में करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को आगे किस क्षेत्र में बढ़ना है, उसको लेकर उनकी काउंसलिंग की गई। उनकी जिज्ञासाओं के जवाब दिए गए। शहर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, जसवंतनगर, एवं हिंदू विद्यालय इंटर कॉलेज में करियर काउंसलिंग का आयोजन हुआ। जिला सेवायोजन कार्यालय से सेवायोजन अधिकारी विकास मिश्रा और काउंसलर दीपक सिंह ने छात्र-छात्राओं निशुल्क अभ्युदय कोचिंग एवं रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन के बारे में बताया एवं श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा संचालित नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल की जानकारी प्रदान की गई। भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर ए. गुणशेकर ने छात्र-छात्राओं को वायुसेना में भर्ती होने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

# भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही गूंज उठी पांडाल

उरुवा, गोरखपुर। उरुवा क्षेत्र के रामपुर सनाथ में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन की कथा में आचार्य पंडित अनिल कुमार पाण्डेय जी महाराज ने श्रोताओं को भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्मोत्सव की कथा सुनाई और कहा कि एक बार जब कंस के अत्याचार से धरती डोलने लगी, तब धर्म की स्थापना के लिए भगवान श्रीकृष्ण जी ने देवकी-वासुदेव बन्दी गृह में अवतरित होकर जन्म लिया।

# वृद्ध की दुर्घटना में मौत, मचा कोहराम



इटावा। बढ़पुरा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात खेत पर रखवाली के लिए जा रहे वृद्ध को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल वृद्ध को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बढ़पुरा क्षेत्र के कसौआ तुमरा कोला निवासी 76 वर्षीय लाखन सिंह रविवार रात अपने खेत की रखवाली के लिए घर से निकले थे। रात करीब साढ़े नौ बजे गांव से कुछ दूरी पर सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में लाखन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के इकलौते बेटे लाल सिंह और पत्नी खिलानी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाइक को कब्जे में लेकर थाने लाया गया है और ड्राइवर की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# तहसील समाधान दिवस में उठे भूमि विवाद के मामले

## 117 फरियादें, 21 का मौके पर निस्तारण



गोरखपुर। सदर तहसील सभागार में सोमवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सदर दीपक गुप्ता ने जनता की फरियाद सुनी। इस दौरान 117 फरियादी अपनी फरियाद लेकर पहुंचे, जिनमें से 21 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया ।समाधान दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद, सीमांकन, अवैध कब्जा, और रास्ता अवरुद्ध करने जैसे मामलों की शिकायतें सामने आईं। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। एसडीएम सदर दीपक गुप्ता ने कहा कि हर फरियादी की समस्या प्रशासन की प्राथमिकता है। जिन मामलों का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है, उन्हें राजस्व टीम से जांच कराकर शीघ्र सुलझाया जाएगा। एडीएम सदर ने कहा कि तहसील समाधान दिवस जनता और प्रशासन के बीच संवाद का सबसे मजबूत माध्यम है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी शिकायतकर्ता को बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। अवैध कब्जा, बटवारा विवाद और रास्ता अवरोध जैसी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो अधिकारी शिकायतों को टालते हैं, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना

सूचित करना है कि मेरे पासपोर्ट संख्या P-0763764 पर पति का नाम MOHD SHUEB त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जोकि गलत है। जबकि आधार कार्ड व अन्य सरकारी अभिलेखो मे पति का सही नाम MOHD SHUAIB दर्ज है। हुमैरा खातून पत्नी मो. शुऐब निवासी-1224, सीताराम वाली गली मुंशीगंज, बाराबंकी।

## सूचना

सूचित करना है कि मेरे पासपोर्ट संख्या P-0233382 पर पिता का नाम MOHD SHUEB त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जोकि गलत है, जबकि आधार कार्ड व अन्य सरकारी अभिलेखो मे सही नाम MOHD SHUAIB दर्ज है। मो. जीशान पुत्र मो. शुऐब निवासी-1224, सीताराम वाली गली मुंशीगंज, बाराबंकी।

# समय का सदुपयोग व अनुशासन ही जीत का मूलमंत्र : शिवप्रसाद

**इटावा।** ज्ञानस्थली विद्यालय में छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षाओं में आने वाली विसंगतियों व उत्साह की कमी को दूर करने लिए उत्साह वर्धक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्वयं विद्यालय समिति के चैयरमेन शिवप्रसाद यादव ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यालय समय के अंतिम कालखंड में विद्यार्थियों को सभागार में एकत्रित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष यादव व प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी ने मां सरस्वती के समक्ष वंदन कर पुष्पहार किया तथा सभी छात्र-छात्राओं की सद्बुद्धि की प्रार्थना की। कार्यक्रम के विषय पर अध्यक्ष ने प्रकाश डालते हुए कहा कि परीक्षा छात्र के भविष्य की दिशा निर्धारित करती है। परीक्षा छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती



होती है, और इसमें सफलता पाने के लिए प्रेरणा की आवश्यकता होती है। हर कोई परीक्षा में अच्छा नहीं कर पाता, भले ही वह पाठ्यक्रम और असाइनमेंट्स में अच्छा प्रदर्शन करता हो। अगर यह आपके साथ भी होता है, तो अपनी पूरी मेहनत करें और अगर ग्रेड अपेक्षा से कम मिले, तो खुद को निराश न करें। याद रखें, परीक्षा में सफलता आपकी बुद्धिमत्ता का मापदंड नहीं होती है।

परीक्षा इसलिए नही ली जाती कि आप उसमें में कितने अंक प्राप्त करते हैं बल्कि इसलिए ली जाती है कि आप उस मुमकिन कार्य को करने में कितने सक्षम है या फिर आपकी काबिलियत क्या है उन्होंने बताया कि उद्देश्य और दिशा के बिना प्रयास और साहस पर्याप्त नहीं हैं ।कम अंक हमें हताश होने के लिए नहीं बल्कि भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं ।सफल होने के लिए, आपको पहले विश्वास करना होगा कि मैं कर सकता हूँ ।जीवन कभी भी परिस्थिति से असहनीय नहीं बनता, बल्कि केवल अर्थ और उद्देश्य की कमी से असहनीय बनता है। कार्यक्रम के अंत में प्रेरित करते हुए कहा कि जिस प्रकार हीरे को लगातार घिसने से उसमें और चमक आती है ठीक उसी प्रकार लगातार मेहनत करने से सफलता आपके कदम चूमती है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख शिवमंगल, खेल विभाग प्रमुख वासिफ खान, वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# आशा बहुओं का दूसरे दिन भी जारी रहा धरना - प्रदर्शन

उरुवा, गोरखपुर ।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उरुवा पर आशा बहुओं का धरना प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा। इस दिन भी आशा बहुओं ने स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रभारी चिकित्साधिकारी उरुवा डॉक्ट्र जेड्ट पीड्ट तिवारी को सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष माया सिंह ने कहा कि अन्य प्रदेशों की भांति यहां भी आशा बहुओं को निश्चित मानदेय के साथ राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। वर्तमान में प्रोत्साहन राशि का भुगतान भी समय से नहीं हो रहा है। जिससे सभी की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। अगर जल्द ही हम लोगों की मांगों पर विचार नहीं किया गया तो 17 नवंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ललितपुर

पत्रांक : मु.चि.अ./एनएचएम/एमबीबीएस/आंशिक संशोधित/विज्ञप्ति/2025-26/5500

दिनांक : 03 नवम्बर, 2025

-: विज्ञप्ति :-

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत एम.बी.बी.एस. (संविदा) चिकित्सा अधिकारियों के वॉक-इन-इन्टरव्यू दिनांक 21.11.2025 के माध्यम से चयन किये जाने हेतु कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 28.10.2025 में क्र.सं. 2 पर एन.पी.-एन.सी.डी. (सीएचसी) में फिजिशियन पर चयनित अभ्यर्थियों की तैनाती सामु.स्वा.केन्द्र बिरधा के स्थान पर सामु.स्वा.केन्द्र महरौनी में की जानी है। प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 28.10.2025 को उपरोक्त सीमा तक संशोधित माना जाये। विज्ञप्ति की समस्त शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
ललितपुर

संक्षेप

## महिला आयोग की सदस्य सुजीता 6 को करेंगी जनसुनवाई

लखीमपुर खीरी। महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण और उत्पीड़न की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 6 नवंबर को जिले के दौरे पर रहेंगी। कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक महिला जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग सदस्य के समक्ष रख सकेंगी। दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सुजाता कुमारी ब्लॉक फूलबेहड़ में नारी चौपाल में शामिल होंगी, जहां महिला सुरक्षा, स्वावलंबन तथा विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ लाभार्थियों से संवाद करेंगी। महिला आयोग के निर्देशानुसार यह जनसुनवाई उन महिलाओं के लिए आयोजित की जा रही है जिन्हें उत्पीड़न के मामलों में न्याय पाने में कठिनाई हो रही है। जनसुनवाई के पश्चात संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए जाएंगे।

## आईसीआईसीआई बैंक पर डीएम सख्त मांगा जवाब

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में सुस्ती दिखाना आईसीआईसीआई बैंक को भारी पड़ सकता है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बैंक को तीन दिन में कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए साफ कहा है कि यदि बैंक ने तय समय में जवाब नहीं दिया तो नगर निकायों के खाते अन्य बैंकों में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, अभियान के तहत आईसीआईसीआई बैंक को 43 लाभार्थियों को वित्तीय सुविधा देने का लक्ष्य मिला था, लेकिन अब तक एक भी प्रगति नहीं हुई। कई बैठकों में शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया, फिर भी बैंक की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। समीक्षा में जब मामला डीएम के संज्ञान में आया, तो उन्होंने सीधा एक्शन मोड अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी की। डीएम ने जारी नोटिस में कहा है कि लगातार निर्देशों के बावजूद बैंक की निष्क्रियता अस्वीकार्य है। जनपद की विकास योजनाओं में सहयोग न करना शासन की प्राथमिकता के विपरीत है। जानकारी के अनुसार, जनपद की कई नगरीय निकायों के खाते आईसीआईसीआई बैंक में संचालित हैं और 15वें वित्त आयोग की धनराशि भी इन्हीं खातों से लेनदेन होती है। अब डीएम ने संकेत दिए हैं कि अगर बैंक ने रवैया नहीं बदला तो ये सभी खाते अन्य बैंकों को सौंपे जा सकते हैं। डीएम का यह कदम न केवल लापरवाह बैंकों को चेतावनी है, बल्कि जिले में योजनाओं की रफ्तार बढ़ाने की दिशा में कड़े प्रशासनिक रुख का संदेश भी देता है।

## डीएम ने की समीक्षा

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वन विभाग को प्राप्त भूमि को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा.4 व धारा.20 के अन्तर्गत अधिसूचित किये जाने की कार्यवाही तथा अमलदरामद हेतु बैठक आहूत की गयी थी। बैठक में अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी मड़िहान अनेग सिंह, लालगंज महेंद्र सिंह, चुनार राजेश वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मीरजापुर तापस मिहिर, प्रभागीय वनाधिकारी मीरजापुर वन प्रभाग मीरजापुर राकेश कुमार, बन्दोबस्त अधिकारी मीरजापुर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# तनाव भरे दौर में मन की सेहत सबसे जरूरी : डीएम

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। तनाव, चिंता और अवसाद के दौर में मन को भी चाहिए देखभाल इसी संदेश के साथ शुक्रवार को लखीमपुर खीरी में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित संवेदीकरण कार्यशाला में संवेदना और सजगता का संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता और आईएमए पदाधिकारियों डॉ अखिलेश खरे, डॉ मनोज शर्मा, शहर के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ दिनेश दुआ के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल बीमारियों का इलाज नहीं, बल्कि खुशहाल जीवन का निर्माण होना चाहिए। हैप्पीनेस इंडेक्स बढ़ाने के लिए जरूरी है कि समाज के हर व्यक्ति का मानसिक स्वास्थ्य मजबूत हो। जब मन स्वस्थ होगा, तभी मुस्कान सच्ची होगी। स्वस्थ मन ही खुशहाल समाज की नींव है। जब प्रशासन, चिकित्सक और समाज साथ आएंगे, तभी हमारा जिला हैप्पीनेस इंडेक्स में ऊँचाई छुएगा।

उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि मरीजों के प्रति सहानुभूति, संवाद का व्यवहार सबसे असरदार दवा है। कभी-कभी एक स्नेहभरा शब्द, किसी मरीज के जीवन में नई रोशनी जला देता है। डीएम ने इस पहल को मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में संवेदनशील प्रशासन का सशक्त कदम बताया। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि जिला स्तर पर मानसिक रोगों की रोकथाम और परामर्श सेवाओं को और मजबूत किया जा रहा है। यह कार्यशाला चिकित्सा अधिकारियों को मानसिक रोगों की पहचान और इलाज के प्रति अधिक संवेदनशील बनाएगी। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने मानसिक विकारों की पहचान, काउंसलिंग तकनीक और सामुदायिक सहयोग की अहमियत पर विस्तार से चर्चा की। डिप्रेशन, एंग्जायटी, तनाव प्रबंधन और काउंसलिंग तकनीकों पर बल दिया। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ अमित सिंह ने प्रेजेंटेशन देकर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी दी। मानसिक स्वास्थ्य संवेदीकरण कार्यशाला में जनपद के अधीक्षक एवं आरबीएसके चिकित्सक मौजूद रहे।

## ठुठवा मेले की तैयारी का विधायक ने एसडीएम ने लिया जायजा

जिला संवाददाता(vol)



धौरहरा खीरी। घाघरा नदी की तलहटी मे लगने वाले गाजंर क्षेत्र का प्रसिद्ध व प्राचीन ठुठवा मेले का विधायक धौरहरा ने एसडीएम धौरहरा,क्षेत्राधिकारी, बीडीओ के साथ किया निरीक्षण दिये आवश्यक निर्देश।

सोमवार को थाना ईसानगर क्षेत्र में प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रसिद्ध व प्राचीन लगने वाले ठुठवा मेला का विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि, क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह, बीडीओ धौरहरा संदीप तिवारी, बीडीओ ईसानगर धनप्राप्त यादव,कोतवाली प्रभारी धौरहरा शिवाजी दुबे व ईसानगर निर्मल तिवारी के साथ मेला परिसर के साथ साथ स्नान घाट पर आने जाने वाले मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने अफसरों को हिदायत दी कि मेला परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। लगभग एक सप्ताह तक चलने वाले मेला समय में अस्थाई पुलिस पिकेट स्थापित करने हेतु क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिए।

## चार दिन पूर्व लगे पिंजरे में मादा तेंदुआ कैद



धौरहरा खीरी। कस्बे के दक्षिण खेतों में आतंक का पर्याय बन चुके हिसंक जीव तेंदुआ आखिर कार वन विभाग द्वारा करीब तीन दिन पूर्व लगाएं गये पिंजरे में रविवार शाम लगभग सात बजे कैद हो गया। पकड़ा गया तेंदुआ पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के साथ तीन से चार वर्ष उम्र बताई गई।प्राप्त विवरण के अनुसार तराई क्षेत्र में वैसे तो हिसंक जीव तेंदुआ कही भी कभी भी दिखाई पड़ सकता है। क्योंकि मतलब साफ है कि वन विभाग के जिम्मेदारो को तक को नहीं पता कि कितने हिसंक जीव क्षेत्र में विचरण करते हैं।इसी कडी में धौरहरा कस्बे के दक्षिणी हिस्से करीब तीन किलोमीटर परिधि में खेतों में काम करने वाले मजदूरों व खेत मालिकों के लिए आतंक का पर्याय बन चुके हिसंक जीव मादा को करीब 4 दिन पूर्व लगाएं गये पिंजरे में रविवार शाम लगभग सात बजे कैद हो गया।वन विभाग के अनुसार पकड़ा गया हिसंक जीव की उम्र करीब 3 से 4 वर्ष होगी। पकड़े गए तेंदुए का चिकित्सकों ने परीक्षण करने के बाद स्वस्थ पाया विभाग के मुताबिक विभागीय उच्चाधिकारियों से निर्देश मिलने पर दुधवा के जगंल में छोड़ा जाएगा।

## विद्या मंदिर में आज होगा कौन बनेगा टॉपर कार्यक्रम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आज 4 नवंबर को एक अनोखा और रोचक कार्यक्रम कौन बनेगा टॉपर आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर तैयार किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञान, आत्मविश्वास और तकनीकी समझ को विकसित करना है। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक का प्रयोग किया गया है। एआई की मदद से प्रश्नों का चयन, स्कोरिंग और उत्तरों की जाँच स्वतः की जाएगी। यह विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जुड़ा एक नया शैक्षणिक अनुभव प्रदान करेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने बताया कि यह अभिनव पहल विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ-साथ नई तकनीक की समझ को भी मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा में एआई का समावेश भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे विद्यार्थियों को डिजिटल युग की मांगों के अनुरूप तैयार किया जा सकेगा। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है। विद्यार्थियों में भागीदारी को लेकर जोश देखने लायक है। विद्यालय की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में इस कार्यक्रम को और भी बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

## संयुक्त कृषि निदेशक ने मृदा नमूना संग्रहीत किया

जौनपुर। विशेष अभियान को मृदा नमूना संग्रहण के तृतीय दिवस के अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशक, वाराणसी मण्डल-वाराणसी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम-सुल्तानपुर विकास खण्ड-सिरकोनी जनपद-जौनपुर में कृषक सुनील कुमार विश्वकर्मा एवं श्रीमती गायत्री देवी के खेत से मृदा नमूना ग्रहित किया गया। संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा किसानो को मृदा परीक्षण की उपयोगिता से अवगत कराया गया तथा सभी कृषको से मृदा परीक्षण कराने का आह्वान किया गया, जिससे खेत में उपस्थित जीवाश्म, कार्बन, मुख्य पोषक तत्व तथा सूक्ष्म पोषक तत्व की जानकारी प्राप्त हो सके व मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरको का प्रयोग किया जा सके। संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा वर्तमान रबी मौसम में फसलों यथा गेहूँ, जौ, चना, मटर, मसूर, अलसी, सरसो आदि की बुवाई से पूर्व बीज शोधन अनिवार्य रूप से करने का आह्वान किया गया। फसलो को मृदा जनित रोगो से बचाव हेतु मिट्टी का शोधन, ट्राइकोडरमा से करने हेतु प्रेरित किया गया। किसानो को फार्मर रजिस्ट्री तथा फसल बीमा कराने हेतु प्रेत्साहित किया गया। साथ ही पराली प्रबंधन की अति आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने राजकीय कृषि बीज भण्डार, जलालपुर, जौनपुर का निरीक्षण किया गया। शासन द्वारा निर्धारित रेट पर उपलब्ध बीजो की बिक्री करते हुये ससमय बीजो का समायोजन कराने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात्जायसवाल खाद भण्डार, शिवम्, खाद भण्डार व साधन सहकारी समिति रेहटी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासन द्वारा निर्धारित रेट पर उर्वरको की बिक्री करते हुये उर्वरक बिक्री से सम्बन्धित अभिलेख यथा स्टाक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, रेट बोर्ड, स्टाक बोर्ड अद्यतन रखे जाने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही उप कृषि निदेशक, जौनपुर कार्यालय में योजनाओ की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। मौके पर प्रगतिशील कृषक पवन, संतोष, राहुल आदि के साथ-साथ अन्य कृषक भी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान भाषण, निबंध, चित्रकला, पोस्टर तथा क्विज जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भाषण प्रतियोगिता में अनमोल गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बिट्टू देवी द्वितीय एवं उत्कर्षा पराशरी तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध प्रतियोगिता में सारा फारूकी प्रथम, उत्कर्षा पराशरी द्वितीय तथा मुस्कान गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रिया प्रजापति ने प्रथम, जानवी सिंह ने द्वितीय और साजिया नूरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा सड़क सुरक्षा के संदेशों के साथ एक रैली भी निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने एवं यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। कार्यक्रम के संचालन में विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर अशोक कुमार वर्मा, सुनील गुप्ता, कन्हैया लाल मिश्रा, पदुमकान्त मिश्रा, सुधाकर मिश्रा, डॉ. आदर्श दीक्षित, आकाश कुमार शर्मा, शांति वर्मा, पियूष वर्मा, अनुराधा रानी एवं वीरेन्द्र प्रजापति सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## पराली जलायी तो भरना पड़ा जुर्माना, प्रशासन का सख्त रुख, सैटेलाइट से पकड़ी हरकत

लखीमपुर खीरी। पराली जलाने की घटनाओं पर अब जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में है। चेतावनी, निगरानी और कार्रवाई तीनों एक साथ ! तहसील मोहम्मदी, ब्लॉक पसगवां के ग्राम उचौलिया में किसान मोसीन अली पुत्र सिपाही ने खेत की गाटा संख्या 461 मि0 /0.599 हे0 अंश 0.100 हे0 भूमि पर पराली जला दी। लेकिन जमीन पर उठा धुआं सीधा सैटेलाइट तक जा पहुंचा ! एसडीएम मोहम्मदी/जॉइंट मजिस्ट्रेट चलुवराजू आर को जैसे ही सैटेलाइट सिस्टम से पराली जलाने की सूचना मिली, उन्होंने तत्काल राजस्व और कृषि विभाग की टीम को मौके पर भेजा। जांच में तथ्य सही पाए गए। प्रशासन ने बिना देरी किए किसान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। ?5,000 का जुमार्ना लगाया गया और मौके पर ही वसूली की गई। इसके अलावा इठरर की धारा 126, 135 व 170 के तहत ?3 लाख की पाबंदी लगाते हुए किसान को सख्त चेतावनी दी गई। जॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम चलुवराजू आर ने कहा कि सैटेलाइट से लगातार निगरानी की जा रही है। पराली जलाने की किसी भी घटना पर तत्काल कार्रवाई होगी। जुमार्ना और पाबंदी के साथ अन्य कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि पराली जलाने वालों को किसी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा। हर ब्लॉक, हर गांव में निगरानी टीम सक्रिय है और फील्ड पर निरीक्षण जारी है।

# खेल महोत्सव में वॉलीबॉल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखायी शानदार प्रतिभा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वच्छ भारत-नगरीय मिशन के तहत नगर पालिका परिषद गोला द्वारा आयोजित युवा शक्ति का उत्सव गोला खेल महोत्सवह्न का तीसरा दिन खेल भावना और जोश से सराबोर रहा। लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोला अम्बर सिंह ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। उन्होंने कहा कि छोटी काशी गोला में पहली बार 14 दिवसीय खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नगरवासियों और सामाजिक संगठनों का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से युवाओं में खेल के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा जागृत होगी। मुख्य अतिथि अम्बर सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और धैर्य जैसे गुण विकसित होते हैं, जो जीवन को सफल और संतुलित बनाते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. जगदीश वर्मा ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि मानसिक संतुलन भी बनाए रखते हैं। वरिष्ठ सभासद नानक चंद्र वर्मा ने कहा कि गोला खेल महोत्सव से नई प्रतिभाओं को उभरने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के तहत पहला मैच मूड़ा सरकटा और एलाइड टीम के बीच हुआ, जिसमें मूड़ा सरकटा ने 21-07, 21-10 से जीत हासिल की। दूसरा मैच कुकरा और चैहान क्लब के बीच खेला गया, जिसमें चैहान क्लब 21-07, 21-15 से विजयी रहा। तीसरे मुकाबले में कृषक समाज ने वीरेंद्र नगर कॉलोनी को 2-1 सेट से हराया। चैथा मैच पब्लिक कॉलेज ने प्राथमिक विद्यालय अहमदनगर को 15-08, 15-04 से पराजित किया। पांचवें मैच में मिल क्लब गोला ने गुरुनानक देव बांसी को 15-10, 15-04 से हराकर जीत दर्ज की। छठे मैच में ईदगाह गोला ने चिल्ड्रन्स एकेडमी को 2-0 से हराया। फाइनल मुकाबले में गनेशपुर ने रायपुर को 15-13, 16-14 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में सरोज कुमार वर्मा, मकसूद अली, कपिल वर्मा, कदीर अहमद, धनंजय सिंह, अनिल वर्मा और संदीप वर्मा की भूमिका सराहनीय रही। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सभासद सुफियान खान, वरिष्ठ सभासद नानक चंद्र वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, समाजसेवी डॉ. जगदीश वर्मा, रवि अवस्थी, खालिद रियाज, मनोज कनौजिया, प्राचार्य दिनेश कुमार यादव, साहित्यकार ब्रजेश तिवारी, महेंद्र कुमार सक्सेना, संयोजक श्याममूर्ति शुक्ला, सभासद आशीष अवस्थी, इजरान अहमद, रज्जन खान, हरिओम वर्मा, एम.डी. चिल्ड्रन्स एकेडमी अनुभव गुप्ता, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठलिपिक अमित श्रीवास्तव, लेखाकार मोहित अवस्थी, विमलेश वर्मा, अंकित गुप्ता, अवधेश कुमार मौजूद रहे।

## कांग्रेस की बैठक आयोजित



लखीमपुर खीरी। सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं व नगर/ब्लॉक अध्यक्षों एवं मंडल पदाधिकारियों की संगठन सृजन अभियान के तहत समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन पर आयोजित हुई। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने संगठन की समीक्षा करते हुए ब्लॉक/नगर अध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी को बूथ कमेटियों का गठन अति शीघ्र करना होगा ' साथ ही पटेल ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा रक्फ़्कराया जा रहा है इस पर भी हम सभी को सजग रहना होगा साथ ही प्रत्येक बूथ पर इछअ 2 का गठन आगामी 7 नवम्बर तक कंपलीट कर लेना होगा। उपरोक्त गठन में किसी भी प्रकार की हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तत्पश्चात उपस्थित संभावित विधान सभा प्रभारियों की भी प्रगति रिपोर्ट ली पटेल ने सभी विधानसभाओं के प्रभारियों का आवाहन करते हुए कहा कि आप सभी लोग भी अपनी अपनी विधान सभा में बूथ कमेटियों के गठन में ब्लॉक अध्यक्षों को सहयोग कीजिए ताकि जल्द ही गठन पूरा हो सके। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने किया।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित कैप्टन मोनिस अली नकवी, अन्नू मिश्रा, प्रेम वर्मा, राजेंद्र गुप्ता अब्दुल रहीम, रामजीवन राज, मोनू सिंह, सत्ती सरन गौतम, वरुण चौधरी, रामपाल शाक्य, लतीफ आजम, चंद्र प्रभा अवस्थी, कोमल सिंह, किरण पटेल, सरोजनी अवस्थी, पंकज दीक्षित, बाबू राम दीक्षित, सुनील भार्गव, दीपक बाजपेई, विजेंद्र राठौर, गंगा राम राजवंशी, उद्देश्य गिरी, सचिन शाह, अमित राठौर आदि सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## न्यूनतम समय में सूचना प्रदान करें

जौनपुर । राज्य सूचना आयुक्त डॉ० दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि विकसित भारत में विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित उत्तर प्रदेश में विकसित जनपदों का योगदान निर्धारित है। राज्य सूचना आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन में कहा कि इस जनपद के विकास का लक्ष्य भी सम्मिलित प्रयासों से पूरा होगा। इसमें जन सूचना अधिकारियों को भी अपने स्तर से जिम्मेदारी का निर्वाह करना होगा। उन्हें न्यूनतम समय में आवेदकों को सूचना प्रदान कर उनकी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। यह आगामी पच्चीस वर्षों की कार्ययोजना से जुड़ने का अवसर है। आज भारत एक नये भारत के रूप में बढ़ रहा है। वैश्विक मंच पर भारत वर्तमान में दुनिया की सबसे तेजी के साथ उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में दिखाई दे रहा है। उत्तर प्रदेश में भी सैकड़ों योजनाएं विकसित भारत के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान सुनिश्चित करेंगी। जौनपुर में आधारभूत संरचना का व्यापक संजाल स्थापित हो रहा है। एक जिला एक उत्पाद से स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिली है। ऐसे में जन जन सामान्य की समस्याओं का समाधान भी होना चाहिए। जन सूचना अधिकारियों को इसके प्रति सजग रहकर सहभागी बनना चाहिए।

## हाईवे पर हादसे में चालक की मौत

मीरजापुर। वाराणसी/रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार दोपहर तेंदुई गांव के पास एक भयावह सड़क हादसा हुआ। मध्य प्रदेश के हनुमाना से मिजार्पुर जा रही ट्रक अचानक सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जा टकराई। जोरदार टक्कर के कारण चालक केबिन में फंस गया। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जौनपुर निवासी धर्मेंद्र यादव (35 वर्ष) ट्रक लेकर हनुमाना से मिजार्पुर की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि ट्रक के सामने अचानक खड़ी ट्रक के कारण टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक केबिन में फंस गया और बाहर निकलना मुश्किल हो गया।घटना की सूचना पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की मदद से घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले जाया गया।

# चठिया गांव में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया जांच कैंप



पिपरिया धनी, खीरी। वीओएल। ग्राम पंचायत चठिया में बुखार फैलने से लोगों में दहशत का माहौल है। लगातार बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया कप्तान की टीम ने गांव पहुंचकर जांच कैंप लगाया। बुखार से पीड़ित लोगों में प्लेटलेट्स की संख्या घटने की शिकायतें मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन जांच अभियान चलाया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. शिवेंद्र कुमार अवस्थी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने लगभग 50 मरीजों की जांच की और आवश्यक दवाएं वितरित कीं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में ज्यादातर लोग बुखार से पीड़ित हैं और बुखार के दौरान प्लेटलेट्स कम हो जाने से लोग काफी चिंतित हैं। डॉ. अवस्थी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार जांच और दवा वितरण किया जा रहा है ताकि लोगों को बुखार से राहत मिल सके। हालांकि, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया कप्तान में पिछले कई महीनों से सीवीसी जांच मशीन खराब पड़ी है, जिसके कारण मरीजों की प्लेटलेट्स की जांच नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इसके अलावा, केंद्र में स्टाफ की भी भारी कमी है। केवल एक फार्मासिस्ट और एक डॉक्टर के सहारे पूरा अस्पताल संचालित हो रहा है। क्षेत्र बड़ा होने के कारण मरीजों की संख्या अधिक रहती है, ऐसे में डॉक्टर के कैंप पर चले जाने पर अस्पताल केवल फार्मासिस्ट के भरोसे चलता है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अतिरिक्त स्टाफ तैनात करने की मांग की है ताकि पूरे क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में तीन लोगों दर्दनाक मौत हो जाने से घर पर बच्चों के जन्म को लेकर चल रही पार्टी में अचानक खुशियां मातम में बदल गई जिसके चलते पार्टी बीच में स्थगित करनी पड़ी लोग अनहोनी घटना को लेकर तमाम तरह के कयास लगाते हुए घर वापस लौट गए पोस्टमार्टम हाउस से शवों को दो अलग-अलग गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया दर्दनाक हादसे के बाद घरों में चूल्हे नहीं जले मृतकों के शवों का दोपहर बाद गंभीर माहौल में अंतिम संस्कार के लिए एक श्मशान घाट पर पड़ोस पड़ोस साले बहनोई की चिता सजाकर अंतिम समय मुखाग्नि देते हुए हाथ कापं उठे दृश्य देखकर सभी की आंखें नम हो गई है।

रविवार को शाहपुर जागीर निवासी जितेंद्र गौतम 22 वर्षीय ने अपने भाई उपेंद्र की मौत हो जाने पर उनकी पत्नी अनीता से शादी रचा ली थी जिसके पहले से एक 6 वर्ष की पुत्री थी दूसरी संतान पुत्र के रूप में जन्म लिया था जिसमें भोज का आयोजन किया गया था समान काम पड़ जाने से गांव में रह रहे बहनोई विजय गौतम अपने साले जितेंद्र के साथ समान बाजार से खरीद कर बाइक से घर लौट रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक के सेमरा जानीपुर मोड पर टकरा जाने से हादसे के शिकार हो गए जिसमें दूसरी बाइक पर सवार रोहित कुमार 25वर्षीय की भी मौत हो गई है और पीछे बैठे साथी रितिक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बहनोई और साले की पड़ोस में सजी चिताएं। हादसे में गोमती नदी के किनारे पड़ोस पड़ोस दोनों की चिताएं सजाई गई जिसमें मृतक बहनोई विजय को उसके पुत्र सचिन ने मुखाग्नि दी है जबकि उसके साले जितेंद्र कुमार को उसके पिता ने मुखाग्नि देकर अंतिम रस्म अदा की है। खराब नक्षत्र में जन्मा था शिशु आचार्य का कहना है नवजात शिशु मूल नक्षत्र में जन्म लिया था जिसका कष्ट निवारण का अनुष्ठान किया गया इसके उपरांत भोज का आयोजन किया गया था नक्षत्रों के फेर के चलते अनुष्ठान काम नहीं आ सका है। हादसे में दूसरे गांव सेमरा जानीपुर निवासी जितेंद्र कुमार की दर्दनाक मौत के बाद शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया कुछदिन पहले ही उसकी शादी रिंकी के साथ हुई थी अभी उसके हाथ की मेहंदी भी नहीं छूट पाई तब तक उसका सुहाग उजड़ गया मृतक के पिता ओमकार बीमारी से ग्रस्त हैं उनके बुढ़ापे की लाठी ही टूट गई छोटे भाई दीपू ने अंतिम रस अदा की है।

## किसानों को दी गन्ना उत्पादन व सहफसली खेती की जानकारी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला के तत्वावधान में क्षेत्र के ग्राम बहारगंज स्थित पंचायत भवन में वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के प्रतिनिधि सचिन कुमार गिल, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर. डी. तिवारी, उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के केन्द्र जमनाबाद के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सरनाम सिंह, महाप्रबंधक गन्ना पी. एस. चतुर्वेदी सहित लगभग 127 किसानों ने सहभागिता की।

गोष्ठी में डॉ. आर. डी. तिवारी ने शरदकालीन गन्ना उत्पादन तकनीक एवं गन्ने के साथ सहफसली खेती के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसी क्रम में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. सरनाम सिंह ने किसानों को शरदकालीन गन्ने में खाद एवं उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बुवाई के समय एक तिहाई नत्रजन तथा फास्फोरस और पोटाश की पूरी मात्रा का प्रयोग किया जाए। महाप्रबंधक गन्ना पी. एस. चतुर्वेदी ने सभी अतिथियों व किसानों का स्वागत करते हुए बताया कि मिल द्वारा किसानों को सब्सिडी पर एग्री इनपुट एवं बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक क्षेत्र में शरदकालीन गन्ने की बुवाई करने और सहफसल के रूप में आलू, मटर, चना, लाही जैसी फसलें लगाकर दोहरा लाभ कमाने की अपील की। उन्होंने गन्ने के अधिक उत्पादन हेतु उन्नत प्रजातियों जैसे को-0118, 15023, कोलख-14201, 16202, कोशा-13235, 17231 में से किसी भी किस्म का चयन करने की सलाह दी। मंच संचालन कर रहे प्रबंधक गन्ना सत्येंद्र कुमार मिश्र ने किसानों को खेत की गहरी जुताई कर लेजर लेवलर द्वारा समतलीकरण करने तथा अस्वीकृत या अनामित प्रजातियों की बुवाई से बचने की सलाह दी। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान एवं ग्राम प्रधान यशवेंद्र वर्मा ने की। गोष्ठी में दुर्गा प्रसाद मिश्र, मोहम्मद असलम, कोमल प्रसाद, रामशरण, संतोष कुमार, राजेंद्र प्रसाद सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। साथ ही सहायक महाप्रबंधक गन्ना ओ. डी. शर्मा, वरिष्ठ अधिकारी इंद्रपाल सिंह यादव, ट्रेनी सचिन वर्मा, कामदार रामनरेश वर्मा, पंकज वर्मा सहित समिति व मिल के गन्ना विकास कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

संक्षेप

## सात सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

आजमगढ़। बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड के सभापति अरविन्द कुमार सिंह ने सोमवार को जिलाधिकारी से मिलकर सिंहपुर धन्नी सहकारी समिति के सचिव के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सचिव रामप्रवेश सिंह अपने कर्तव्यों का पालन करने में गंभीर लापरवाही बरत रहे है जिससे समिति के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने धान की अनुपलब्धता, धान क्रय विक्रय केंद्र स्थापित न होने सहित सात सूत्री मांग पर सौंपा। शिकायतकर्ता सभापति अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि पिछले दो सालों से समिति के सदस्यों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। समिति के द्वारा धान क्रय विक्रय केन्द्र स्थापित नहीं किया गया है, जिससे किसानों को अपनी फसल बेचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समिति की कोई बैठक नहीं बुलाई गई है, जिससे सदस्यों को समिति के निर्णयों की जानकारी नहीं मिल पा रही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रतिनिधिमंडल में जंगबहादुर सिंह, संजय सिंह, रमेश राम, प्रशांत सिंह, विनोद सिंह, मिथिलेश सिंह शामिल रहे।

## बैठक 6 को

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सोनभद्र ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी बी0 एन0 सिंह की अध्यक्षता में मतदेय स्थल सम्भाजन के सम्बन्ध में अध्यक्ष/सचिव, समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के साथ 06 नवम्बर, 2025 को पूर्वाह्न 11बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी है। उन्होंने संबंधितों से मैं बैठक में ससमय प्रतिभाग करने की अपील की

## सड़क हादसे में नपा कर्मचारी की मौत

मीरजापुर। जलकल विभाग में आउटसोर्सिंग कर्मचारी के रूप में काम कर रहे महेंद्रनाथ पाल पुत्र लालचंद्र पाल का सड़क हादसे में मौत हो गई। बताते है गांव से मीरजापुर के लिए निकले महेंद्र पाल की दुबेपुर नहर के आगे बाइक और मैजिक की आमने सामने की टक्कर में मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उनका बच्चा मयंक घायल हो गया सुबह हुई इस घटना की सूचना से परिवार और पालिका में शोक की लहर दौड़ पड़ी नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी, ईओ जी लाल सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया है। पालिका के प्रधान कार्यालय पर कर अधीक्षक शरदेंदु सिंह की अगुवाई में शोक सभा का आयोजन कर मृतक आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रख शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर गोवर्धन यादव, सौरभ कुमार, आनंद कसेरा, रोहित जायसवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, देवेंद्र बहादुर सिंह, महेश, अभिषेक गुप्ता, मनमोहन, विनय, अरुण कुमार, अमर, सर्वजित सिंह, विप्राश्री दुबे, मनतशा, आकांक्षा अग्रहरि, शालिनी, दामिनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डेटा का अप्रूवल शीघ्रता से करायें: डीएम

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। पंचायत निर्वाचक नामावली, वृहद पुनरीक्षण विधान परिषद निर्वाचन एवं फसल क्षति सर्वे के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में समस्त उपजिलाधिकारी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत), , समस्त तहसीलदार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी के साथ बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि पंचायत निर्वाचक नामावली, वृहद पुनरीक्षण में सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन के पश्चात एसडीएम लॉगिन से तत्काल फीडिंग पूर्ण करायी जाये। ई-बीएलओ ऐप से फीड किये गये डेटा का अप्रूवल एसडीएम लॉगिन से शीघ्रता से कराया जाये। ऑनलाइन प्राप्त हुए आवेदन पत्रों की जांच कराकर एसडीएम लॉगिन से अप्रूवध्रिजेक्ट किया जाये। जनपद स्तर से फीड किये जाने वाले डेटा की पाण्डुलिपि की 02 प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) जौनपुर में 05 नवंबर तक अनिवार्य रूप से जमा करा दी जाये। विधान सभा निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के सम्बन्ध में चर्चा की गयी तथा निर्देशित किया गया कि आयोग के निर्देश के क्रम में 04 नवंबर से मतदाताओं को बीएलओ द्वारा गणना पत्रक का वितरण सुनिश्चित किया जाये। वाराणसी खण्ड स्नातकध्शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के समस्त मतदेय स्थलों पर प्राप्त हो रहे फार्म-18 एवं फार्म-19 की आनलाइन इन्ट्री एवं उनके सत्यापन का कार्य ससमय पूर्ण कराते हुए विधान परिषद निर्वाचक नामावली की तैयारी पूर्ण की जाये। वर्षा से हुई फसल क्षति सर्वे के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि प्लॉटवार सर्वे को राहत पोर्टल पर अपलोड कराते हुए सत्यापित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 राम अक्षय आर चैहान, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## 211 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह



मीरजापुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज महुवरिया, में आयोजित कराया गया, जिसमें जनपद के विकास खण्ड सीटी, कोन, मझवां, पहाड़ी, एवं नगर पालिका मीरजापुर के अनुसूचित जाति के 134, अन्य पिछड़ा वर्ग के 76 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 1 अर्थात कुल 211 जोड़ों का सामूहिक विवाह सकुशल सम्पन्न कराया गया। इस दौरान विधायक नगर, विधायक मड़िहान, विधायक मझवां एवं विधायक छानबे ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी नव-वैवाहिक जोड़ों को उनके सुखद एवं सुखमय जीवन की कामना की, साथ ही प्रत्येक वर-वधू को उपहार हेतु दी जाने वाली सामग्रियों को एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया।

उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं सरकार द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवारों, बेसहरा व्यक्तियों के बहुत सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ऐसे माता-पिता जो आर्थिक रूप से अपनी पुत्री की शादी करने में सक्षम नहीं है, वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी पुत्रियों की शादी करा पा रहे है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत प्रति जोड़ों की शादी में कुल धनराशि रू 100000 के सापेक्ष कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि रू 60000 कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी। साथ ही विवाह संस्कार के लिये रू 25000 की धनराशि का आवश्यक सामग्री कपड़े, बिछिया, पायल चांदी की तथा अन्य गृहस्थी सामान दिया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम आयोजन हेतु भोजन, पण्डाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु रू 15000 प्रति शादी की दर से कार्यक्रम आयोजक को दिया जायेगा।

## व्यापारियों की समस्या पर गंभीरता दिखाये बिजली विभाग: भूपेश चौबे



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। सदर विधायक भूपेश चौबे ने सोमवार को व्यापारियों की समस्याओं को लेकर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग को निर्देश दिए कि व्यापारियों के साथ किसी भी प्रकार का अनुचित व्यवहार न किया जाए। यदि कोई अधिकारी लापरवाही बरतता है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार व्यापारियों के हित में लगातार कार्य कर रही है। सीएम ने निर्देश दिया है कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी करता है तो उसे खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बिजली विभाग के द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर की खामियों को दूर करने के लिए बिजली विभाग के एक्सईएन को निर्देश दिए। कहा कि बिना उपभोक्ता के सहमति के स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जा सकता है। बैठक में स्मार्टमीटर को लेकर व्यापक चर्चा की गई। जहां कनेक्शन नहीं है, वहां अभियान चलाकर कनेक्शन दिया जाएगा और जर्जर तारों को व्यापक तौर पर बदला जाएगा साथ ही जर्जर हो चुके खंभों को भी बदलने की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी, एएसपी अनिल कुमार के समक्ष व्यापारियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बिजली विभाग के अधिकारियों को व्यापारियों से तालमेल बनाकर उनकी सुविधा अनुसार स्मार्टमीटर लगाने और स्मार्टमीटर लगाने में आने वाली समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया गया है। चेताया कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने कहा कि सरकार व्यापारियों के साथ है। बैठक में बिजली विभाग के एक्सईएन एसबी ठाकुर, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल जैन, प्रदेश मंत्री विमल अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, राजेश गुप्ता, चंदन केसरी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल युवा जिलाध्यक्ष रमेश जायसवाल, जिला प्रवक्ता प्रकाश केशरी नगर अध्यक्ष आनंद जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष राजेश सोनी, संजय जायसवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कौशल शर्मा, नगर अध्यक्ष प्रशांत जैन, भाजपा के जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, नगर अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, नगर महामंत्री अनुपम त्रिपाठी, मनोज सोनकर अनूप तिवारी, विकास मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## धारा 129 का दुरुपयोग बंद होना चाहिए: ज्ञानेश मिश्रा

जौनपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की जिला इकाई की जिला एवं नगर कार्यकारिणी की घोषणा एक होटल में की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश संयुक्त महामंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेक सिंह एवं संचालन अवनिंद्र तिवारी एवं योगेश साहू ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, गौरा बादशाहपुर इकाई अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं शीतला चैकिया इकाई अध्यक्ष अभिषेक यादव का माल्यार्पण व अंगवस्त्र से सम्मान किया गया ।जिला अध्यक्ष विवेक सिंह ने कहा कि संगठन व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षशील रहेगा। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों व उद्यमियों पर मुकदमे की जगह अर्थदंड की व्यवस्था स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि धारा 129 का दुरुपयोग बंद होना चाहिए और ईमानदार व्यापारियों के हित में इसका सरलीकरण आवश्यक है ।विशिष्ट अतिथि प्रदेश संयुक्त महामंत्री कृष्ण कुमार ने कहा कि संगठन आज पूरे प्रदेश में व्यापारियों की सशक्त आवाज बन चुका है और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य कर रहा है ।नगर अध्यक्ष जयकिशन साहू ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करना है, चाहे वह जीएसटी हो या खाद्य एवं औषधि विभाग से संबंधित मुद्दे हों। जिला अध्यक्ष विवेक सिंह ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की

महामंत्री आशीष चैरसिया ,उपाध्यक्ष विमल सिंह, रवि अग्रहरि, प्रदीप सिंह , सर्वेश जायसवालकोषाध्यक्ष मोहम्मद दानिश, सह कोषाध्यक्ष द सुनील जायसवालसंगठन मंत्री विनय बरौतिया, अजीत सोनकर, अजय गुप्ता, धर्मेंद्र रघुवंशी, राघवेन्द्र सिंहमंत्री उमेश जायसवाल, अनिल हरलालका, पवन सिंह, रूप नारायण माली संयुक्त मंत्री द राजेंद्र खत्री, विजय केडिया, सन्तोष साहू मीडिया प्रभारी संतोष अग्रहरि, सह मीडिया प्रभारी द शिव शंकर साहू सोशल मीडिया प्रभारी संदीप श्रीवास्तव, पंकज यादव बनाये गये। नगर अध्यक्ष जयकिशन साहू ने नगर कार्यकारिणी की घोषणा की दमहामंत्री दिलीप जायसवालउपाध्यक्ष संजय जायसवाल, अमित जी वैश्य, प्रदीप सिंह सुरेंद्र मौर्या, बनाये गये।

## भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के गलरा गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन सोमवार को कथावाचक पंडित प्रभा नाथ मिश्र ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन सुनाया।

उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं। जिसके बाद ब्रज में भगवान श्री कृष्ण और गोवर्धन महाराज के जयकारे लगाने लगते हैं। मौके पर भगवान को भोग लगाया गया और आरती की गई फिर भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया ।इस अवसर पर कथा आयोजक कृष्ण दत्त मिश्र, बसपा नेता दीपू तिवारी, ग्राम प्रधान अरुण मिश्रा, डॉ दयानंद मिश्र, जितेन्द्र पांडेय, मोती लाल शास्त्री, शंभू शरण सिंह पटेल, गुलाब तिवारी मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में नौ बदमाश गिरफ्तार, दो को लगी गोली



जौनपुर। जिले के मुंगराबादशाहपुर पुलिस और स्वाट टीम के साथ बदमाशों की मुठभेड़ में नौ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो के पैर में गोली लगी है। सभी चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय बदमाश हैं। इनके पास से दो तमंचा, चार कारतूस और चोरी किए गए छह किलो ग्राम चांदी एवं चांदी के आभूषण और 1.04 लाख रुपये बरामद हुए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि 21 अक्तूबर को पकड़ी गोदाम जंघई रोड निवासी अनिल सोनी के ज्वेलरी की दुकान में चोरी हुई थी, जिसका पुलिस ने खुलासा किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, आतिश कुमार सिंह के मुताबिक पुलिस ने मुठभेड़ में नीभापुर रेलवे क्रॉसिंग से आगे काछीडीह मोड़ से रविवार की रात करीब 1.15 बजे शाहजहांपुर जनपद के मिलकिया थाना निगोह निवासी लादु और उसी जनपद के ईसापुर थाना निगोह निवासी पूरन को गिरफ्तार किया गया है। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने इनके अलावा आरोपियों के सात और साथियों को गिरफ्तार किया है। इनमें शाहगंजहांपुर जनपद के रावातपुर थाना सिंधौली निवासी बाबु सिंह, मिलकिया थाना निगोह निवासी बीजेंद्र उर्फ वीजेंद्र उर्फ मंगल, इसी गांव के सुरेश सिंह, मोती उर्फ किरेकी, बलरामपुर थाना निगोही निवासी धर्मपाल उर्फ फूलसिंह, ईसापुर थाना निगोह निवासी भोला और लखीमपुर खीरी जनपद के रामपुरा थाना पसगवां निवासी अजीत को गिरफ्तार किया गया है।

# मांगा है मैंने श्याम से वरदान एक ही....



जिला संवाददाता

आजमगढ़। श्री श्याम भक्त मण्डल आजमगढ़ की ओर से चैथी बार श्री श्याम जन्मोत्सव को धूमधाम से महोत्सव के रूप में पहाड़पुर स्थित श्रीकृष्ण गौशाला पर मनाया गया।

कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए श्याम बाबा का अनुपम श्रृंगार, पावन ज्योत, छप्पन भोग की अनूठी श्रद्धाभाव, समर्पण का अनुठा समागम देख भक्त अपलक निहारते रहे। वहीं देश-विदेश में प्रस्तुतियां देकर श्याम के भजनों से अपनी खास छवि बना चुके कई नामचीन ख्यातिलब्ध भजन गायकों ने अपने भजनों से ऐसा समां बांधा, जिससे श्रोता सराबोर होकर भक्ति में झूमते नजर आए। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में भक्ति की गंगा अविरल बहती रही। प्रथम पूज्य श्रीगणेश, भोले बाबा, श्री श्याम बाबा, सालासर बालाजी, राणी सति दादी जी की झांकी बेल के छिलकों का प्रयोग करके खूबसूरत कारीगरी से शानदार मंडप स्टेज कोलकाता के कारीगरों द्वारा तैयार किया गया था। भजन संध्या में कोलकाता के गायक कलाकार रवि बेरीवाल ने ह्लसावरे की महफिल को...भजन की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद छायी काली घटाए, मांगा है मैंने श्याम से वरदान एक ही.... जैसे कई कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। इसके बाद कोलकाता से आये प्रख्यात गायक तुषार चैधरी ने कीर्तन की रात बाबा थाणे आनो, पलके ही पलके बिछायेंगे...., आयो सावरियो सवार लीले पर चढ़कर...., इसके आगे हार जा, तन-मन अपना वार जा.... आदि की प्रस्तुति देकर सभी को श्याम रंग मे रंग दिया ।श्याम आयोजक अध्यक्ष शोभित खण्डेलिया ने कहाकि जिन्होंने महोत्सव को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया, उसके प्रति हम दिल से आभारी रहेंगे, श्री श्याम भक्त मण्डल आगे भी आशा करती है कि सभी श्याम भक्तों का निरंतर अद्वितीय सहयोग अनवरत मिलता रहेगा। बाबा के जन्मदिन पर भक्तों द्वारा मेवे का केक 11 किलो का काटा गया और इसके बाद हुई आतिशबाजी से पूरा शहर जमगमा उठा। श्याम भक्तों में प्रदीप बैरासिया, नीरज गोयनका, भोलानाथ जालान, अशोक रूंगटा, विनय रूंगटा, अभिषेक खण्डेलिया, संदीप डालमिया, सीता राम डालमिया, गोपाल डालमिया, कन्हैया डालमिया, श्यामसुन्दर डालमिया, बद्री खण्डेलिया,, बंटी रूंगटा, सौरभ डालमिया आदि सहित महिलाए, बच्चे मौजूद रहे।

## लेखपाल क्षतिग्रस्त फसल का कर रहे सर्वे



शाहगंज/सोनभद्र। क्षेत्र में मोंथा चक्रवात और भारी बरसात से धान समेत आलू आदि की फसलों को नुकसान पहुंचा है। ज्यादातर धान की फसलें गिर गयी है। जो फसलें खड़ी भी हैं उसमें भी अंकुर आने लगा है। खेतों में सरसाती पानी भरने के कारण धान की फसलें सढ़ रही है। यही हाल आलू आदि सब्जी की फसलों की भी है। इससे किसान चिंतित है।

शासन के निर्देश पर फसल क्षतिपूर्ति के लिए कृषि तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी सर्वे रने में जुटे हुए है। इसी क्रम में घोरावल तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढुटेर में क्षेत्रीय लेखपाल गोपेन्द्र पाण्डेय द्वारा बाशि से धान और आलू आदि की नुकसान हुई फसलों का सर्वे किया गया। इस दौरान सोमवार को लेखपाल ने बताया कि बरसात के कारण क्षति हुई फसलों का सर्वे करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। सर्वे कर नुकसानी का आकंलन किया जायेगा। जिन किसानों की फसल क्षति हुई उन्हे मुआवजा मिलेगा।

इस मौके पर मनोज सिंह पटेल, आशीष पटेल, तपेश्वर मौर्य, विनोद कुमार मौर्य, सुदर्शन, गिरजा, कमलेश चौहान, श्री चौहान, अखिलेश मौर्य, बबलू चौहान, विजय कुमार मौर्य, मंगला पाण्डेय, छविन्द्र चौहान, सुभाष पासवान, भगवानदा मौर्य, उमेश चौहान, शक्ति चौहान, प्रदीप दूबे, दीपक पाण्डेय, शिवशंकर चौहान, धुमकर चौहान, सुधेन्द्र पाण्डेय, रामनाथ चौहान, आदि किसान मौजूद रहे।

## निकली शोभायात्रा, मनी सहस्त्रार्जुन की जयंती

आजमगढ़। शहर के पुराने कोतवाली स्थित शिव मंदिर परिसर में कसेरा समाज द्वारा महाराजा राजराजेश्वरी सहस्तत्रार्जुन की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भगवान सहस्त्रार्जुन के चित्र पर माल्यापर्ण कर विधि विधान से हवन पूजन किया गया ,इस दौरान काफी संख्या में समाज के साथ साथ अन्य लोग भी उपस्थित थे जिन्होंने भगवान सहस्त्रार्जुन के चित्र पर पुष्प अर्पित किया तत्पश्चात सायंकाल धूमधाम से ढोल ताशे के साथ सहस्त्राजुर्न की शोभायात्रा शहर के पुराने कोतवाली,जामा मस्जिद,पुरानी सब्जी मंडी,सदावर्ती,चैक होते हुए पुरानी कोतवाली पर शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभा यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चे भगवान सहस्त्रार्जुन जी का जय घोष करते हुए चल रहे थे वही ढोल नगाड़ों पर युवा और बच्चे थिरक रहे थे,देर शाम को शोभायात्रा के समापन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। समाज के अध्यक्ष अशोक कसेरा ने कहा कि हमें कसेरा समाज के उत्थान और तरक्की के लिए व्यापक विचार विमर्श करना पड़ेगा,जो लोग हमारे समाज में पिछड़े हुए हैं या उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इस अवसर पर राजकुमार संतोष कुमार, जवाहरलाल, हर्ष कसेरा, आयुष कुमार, उमेश चंद्र,मनोज, अंकित कसेरा, संजय, कृष्णा कांसकार, सुधीर कुमार ,अभिषेक कसेरा, अनिल कुमार ,राजेश कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं में बांटी मच्छरदानी

सोनभद्र। अटल आवासीय विद्यालय गुरमूरा के छात्र छात्राओं में सोमवार को बिरला कार्बन रेणुकूट द्वारा मच्छरदानी वितरण किया गया। चोपन विकास खंड अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के टोला गुरमुरा में संचालित विंध्याचल मंडल के अटल आवासीय विद्यालय में पहुंचकर बिरला कार्बन रेणुकूट अधिकारियों



ने विद्यालय में बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित जानकारी ली इसके बाद बिरला कार्बन रेणुकूट के सीएसआर से डा. ए. के चैधरी व नवोरिला मुखर्जी के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को एक एक कर दो सौ मच्छरदानी वितरण कर बताया गया कि मच्छरदानी लगाकर सोने से मच्छरों के काटने से बच सकते हैं अन्यथा मच्छरों के काटने से मलेरिया हो जाता है जो एक घातक बीमारी है। मच्छरदानी के नियमित प्रयोग से इस बीमारी के प्रकोप से बचा जा सकता है। इस दौरान प्रधानाचार्य बी के मंडल, दिनेश प्रसाद, जमाल अख्तर, ज्ञान मूर्ति, जेपी सिंह, माधुरी सिंह, सुधीर कुमार, आदि मौजूद रहे।

## मुआवजे की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

जौनपुर ।कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने किसानों के मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी अरविंद सिंह को सौंपा। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश के जौनपुर सहित कई जिलों में बेमौसम बारिश ने किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। लगातार हुई वर्षा से धान, आलू, हरी सब्जियां, तिलहन और दलहन की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, कांग्रेस पार्टी ने सरकार से किसानों को प्रति एकड़ ?50,000 का मुआवजा देने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि यह राशि किसानों को हुए नुकसान की भरपाई में सहायक होगी। किसानों के अनुसार, पिछले एक महीने से रुक-रुक कर हो रही बारिश और बीते चार दिनों की मूसलाधार वर्षा ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। खेतों में पानी भरने से फसलें गल गई हैं और कटाई के लिए तैयार धान भी बर्बाद हो गया है, जिससे किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने सरकार से आग्रह किया है कि जौनपुर सहित पूरे उत्तर प्रदेश के किसानों को तत्काल प्रति एकड़ ?50,000 का उचित मुआवजा दिया जाए। पार्टी का मानना है कि यह कदम किसानों को इस संकट से उबरने में मदद करेगा।



## फातिमा जहरा की शहादत पर मजलिसों का आगाज

जौनपुर ।जामिया इमाम जाफर सादिक बेगमगंज में हजरत फातिमा जहरा की शहादत की याद में आयोजित चार रोजा मजलिसों का आगाज गमगीन माहौल में हुआ। इस सिलसिले की पहली मजलिस का आगाज तिलावत-ए-कुरआन से हुआ, जिसके बाद मौलाना काजिम मेहदी उरूज ने मजलिस को खिताब किया।अपने खतिाब में मौलाना ने हजरत फातिमा जहरा की सीरत, इस्लामी समाज में उनके किरदार और अहलेबैत अलैहिस्सलाम की तालीमात को आज की जिन्दगी में अपनाने की जरूरत पर तफसील से रौशनी डाली ।उन्होंने कहा कि हजरत फातिमा जहरा की जिन्दगी इंसानियत के लिए एक बेहतरीन उदाहरण है, जिसमें सबक है कि इंसाफ, सब्र और अज्म से हर मुश्किल का सामना किया जा सकता है। मजलिस से पहले सोजखानी एहतिशाम जौनपुरी ने अंजाम दी, जिन्होंने रिवायती अंदाज से सोज के जरिए माहौल को गमगीन कर दिया। वहीं पेशखानी अख्तर एजाज जलालपुरी ने की, जिन्होंने हजरत फतिमा की यादों को ताजा किया। आयोजक मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने बताया कि मजलिसों का सिलसिला चार रोज तक जारी रहेगा, जिसमें नामवर खतीब हजरत फातिमा जहरा की जिन्दगी और उनके पैगाम पर रोशनी डालेंगे। मौलाना रजा अब्बास खान , मोहसिन , आसिफ अब्बास , शाजान जैदी , अहमद अब्बास , शौकत नरवारी , आरिफ हुसैनी के साथ बड़ी संख्या में उलेमा, तलबा और अजादारों की बड़ी तादाद मौजूद रही ।

## मण्डलायुक्त ने सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक कर की समीक्षा

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश की अध्यक्षता मे आयुक्त कार्यालय में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) वाराणसी भीमसेन सिंह, सचिव सम्भागीय परिवहन उदयवीर सिंह, सम्भागीय



परिवहन अधिकारी प्रवर्तन रविकान्त शुक्ला के अलावा अन्य वाहन स्वामी उपस्थित रहें। बैठक में मण्डलायुक्त ने उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) वाराणसी, सदस्य, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, को निर्देशित किया गया कि परमिट हेतु प्राप्त 37 बसों के आवेदन पत्रों को लम्बित रखते हुये आवेदित समस्त मार्गो का परीक्षण कर लिया जाए कि मार्ग पर कितने वाहन संचालित है, सर्वे में कितने वाहनों की आवश्यकता है, रूट टाइम-टेबल एवं जन सामान्य की सुविधा के दृष्टिगत आवेदित मार्गो पर कितने परमिट दिये जा सकते है। तदनुसार परीक्षण कराते हुए समस्त आवेदित प्रकरण आगामी बैठक हेतु लंबित रखे जाते है तथा ट्रकों में ओवरलोडिंग के प्रति प्राप्त परमिटों पर धारा-86 के लम्बित 34 प्रकरणों पर विचार के क्रम में ओवरलोडिंग के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुये सभी 34 परमिटों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया। मण्डलायुक्त ने बस मार्गो के विस्तारीकरण के सम्बन्ध में जांच समिति गठित करने तथा जांच समिति को सर्वे कर आख्या प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया।

संक्षेप

## राज्य महिला आयोग की सदस्य 06 नवंबर को, करेंगी जनसुनवाई

**देवरिया।** प्रदेश की महिलाओं को न्याय दिलाने और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती ऋतु शाही आगामी 06 नवंबर 2025 को देवरिया जिले के दौरे पर आ रही हैं। आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, सदस्या महोदया दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी और महिला कल्याण संबंधी योजनाओं की समीक्षा करेंगी।श्रीमती शाही पूर्वाह्न 12:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान वे सीधे महिलाओं की शिकायतें सुनेंगी। दर्ज कराएं।महिला सदस्या पूर्वाह्न 10:00 बजे जिला कारागार (जेल) का निरीक्षण करेंगी, जहां वे महिला बंदियों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानेंगी।

इसके बाद, पूर्वाह्न 12 बजे जिला अस्पताल का निरीक्षण कर वहां महिलाओं को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लेंगी।

# पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से गौ तस्कर घायल

**देवरिया।** पुलिस ने गौ तस्कर का एनकाउन्टर किया है। पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस की जबाबी फायरिंग में गैंगस्टर अभियुक्त राजेश यादव को पैर में गोली लगी है।

मुठभेड़ के बाद घायल बदमाश को गिरफ्तार कर इलाज हेतु पुलिस ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। आपको बता दे कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश राजेश यादव पुत्र मुन्नर यादव निवासी जगदीशपुर थाना जहाँगीरगंज जनपद अम्बेडकर नगर जो गौ तस्करी में सम्मिलित था।

उसे सलेमपुर थाने की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद बदमाश द्वारा पेट दर्द की शिकायत के बाद उसको इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था।

उस वक्त बदमाश ने पुलिस की पिस्टल छीन कर फायर करते हुए भाग निकला। सूचना पर पुलिस की टीमो द्वारा फरार बदमाश को चकरवा बहोरदास मार्ग के पास घेर लिया। पुलिस मुठभेड़ के बाद पुनः राजेश यादव को गिरफ्तार किया है।

मुठभेड मे बदमाश के दाहिने पैर मे गोली लगी है। जिसके पास से एक सरकारी पिस्टल और कारतूस पुलिस ने बरामद किया है।

घायल बदमाश अम्बेडकर जिले का रहने वाला है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक लार संतोष कुमार सिंह, निरीक्षक सादिक परवेज सर्विलान्स सेल, थानाध्यक्ष सलेमपुर महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, व.उ.नि. धर्मेन्द्र मिश्र, उ.नि. रंजय कुमार, संदीप गहलौत, सूरज खरवार, रितेश सोनकर, अरविन्द मौर्य, विनोद पाल और अभिषेक यादव शामिल हैं।



## आंगनबाड़ी केंद्रों पर सामग्रियों का वितरण आज से

**कुशीनगर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद के अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभार्थियों को वितरण हेतु सामग्री प्राप्त हो चुकी है। यह सामग्री माह- अगस्त 2025 के आपूर्ति आदेश के अनुसार है। मुख्य विकास अधिकारी, कुशीनगर के निदेर्शानुसार जनपद के सेवरही, पडरौना, कप्तानगंज, विशुनपुरा, रामकोला, फाजिलनगर, तमकुहीराज एवं (शहर पडरौना नगरी माह-जुलाई अगस्त सितंबर-2025) के परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केन्द्रों से उपरोक्त सामग्री का वितरण 04 व 05 नवंबर 2025 को किया जायेगा। उक्त दिवस को सेवरही, पडरौना, कप्तानगंज, विशुनपुरा, रामकोला, फाजिलनगर, तमकुहीराज एवं (शहर पडरौना नगरी माहसीडीपीओ व मुख्य सेविका भ्रमणशील रहेगें और कम से कम 05 केन्द्रों का भ्रमण करेंगेंउन्होने बताया कि 6 माह से 03 वर्ष के बच्चे को गेहूँ दलिया प्रति माह 1 कि0 ग्रा0, फोटीफाइड राइस प्रति माह 1 कि0 ग्रा0 व चना दाल प्रति माह 1 कि0 ग्रा0 और खाद्य तेल प्रति माह 455 मिलीलीटर। 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चे को गेहूँ दलिया प्रति माह 500 ग्रा0, फोटीफाइड राइस प्रति माह 500 ग्रा0 व चना दाल प्रति माह 500 ग्रा0। गर्भवती एवं धात्री महिलाओ को गेहूँ दलिया प्रति माह 1.5 कि0 ग्रा0, फोटीफाइड राइस प्रति माह 1.5 कि0 ग्रा0 व चना दाल प्रति माह 1.5 कि0 ग्रा0 और खाद्य तेल प्रति माह 455 मिलीलीटर।

अति कुपोषित बच्चे को गेहूँ दलिया प्रति माह 1.5 कि0 ग्रा0, फोटीफाइड राइस प्रति माह 1.5 कि0 ग्रा0 व चना दाल प्रतिमिलीलीटर लाभार्थियो को वितरण किया जायेगा। वितरण दिवस को उक्त विकास खण्ड के ग्राम प्रधान/स्वयं सहायता समूह भी वितरण स्थल पर मौजूद रहेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा उक्त वितरण दिनांक 04 व 05 नवंबर - 2025 को किये जाने की सूचना ग्राम प्रधान/सभासद और अन्य जनप्रतिनिधियों को दिया जायेगा।

## गाहिला गांव में डा. रतनपाल सिंह का हुआ स्वागत



**बरहज,देवरिया।** डा.रतनपाल सिंह सभापति वित्त एवं प्रशासनिक विलंब समिति, विधान परिषद सदस्य देवरियाझकुशीनगर ग्राम गहिला मईल भ्रमण पर पहुंचे। लोगों ने उनका स्वागत किया। विधान परिषद सदस्य ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कर रही है। देश मोदी और योगी के नेतृत्व में विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है। सरकार के एजेंडे में गांव का विकास प्रमुखता में है। जब गांव का विकास होगा तो देश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा के चुनाव में एनडीए गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ जीत कर अपनी सरकार बनाएगी। ग्राम गहिला में मार्ग के निर्माण का आश्वासन दिया। बरठा रोड से गहिला तक आने वाली मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति का निरीक्षण किया। सड़क के शीघ्र मरम्मत के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान यथार्थ प्रताप सिंह, टिंकू सिंह, वेदांत प्रताप सिंह, कुंज प्रताप सिंह, अर्नव सिंह, अद्विक सिंह उपस्थित रहे।

## देश की बेटियों ने रचा इतिहासः पवन मिश्र

**देवरिया ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के महिला विश्व कप जीतने पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया के पदाधिकारियों ने स्वर्गीय रविन्द्र किशोर शाही जिला स्टेडियम देवरिया में क्रिकेट के खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया है, कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम ने आईसीसी वुमन्स वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल में साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर भारत का गौरव बढ़ाया है।उन्होंने कहा कि देश की बेटियों ने पहली बार विश्व कप को जीतकर इतिहास रच दिया है और पूरा हिंदुस्तान अपने देश की बेटियों के इस जश्न में शामिल हो गया है।इस अवसर पर मुख्य रूप से अम्बिकेश पाण्डेय, क्रिकेट कोच अवधेश कुमार, रत्नेश्वर गर्ग,प्रिन्स मिश्र, अरुण मिश्र, संजय सिंह, अनिल कुमार, सत्यम, राहुल, नवनीत उपस्थित रहे।

## *बिहार चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती क्षेत्रों में दो दिनों तक शराब बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध*

**देवरिया।** बिहार प्रान्त के सिवान व गोपालगंज जनपदों में आगामी 06 नवम्बर,को प्रथम चरण में होने वाले बिहार विधान सभा सामान्य निर्वाचन एवं 14 नवम्बर, को होने वाली मतगणना के दृष्टिगत जनपद देवरिया के सीमावर्ती क्षेत्रों में मद्यनिषेध लागू रहेगा।इस संबंध में उत्तर प्रदेश शासन, आबकारी अनुभाग-2, लखनऊ के पत्र के क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार, लोक शांति बनाए रखने एवं स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिहार प्रान्त की सीमा से तीन किलोमीटर की परिधि में स्थित जनपद देवरिया की समस्त देशी मदिरा, कम्पोजिट शॉप, एफ.एल.-07, भाग एवं ताड़ी की फुटकर बिक्री की दुकानें निम्न अवधि तक बंद रहेंगी–04 नवम्बर, की सायं 6:00 बजे से लेकर 06 नवम्बर, की सायं 6:00 बजे तक (या मतदान समाप्ति तक) एवम मतगणना दिवस 14 नवम्बर, को मतगणना स्थल से 3 कि.मी. के क्षेत्र में स्थित सभी दुकानें पूर्णतः बंद रहेंगी।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि उक्त अवधि में कोई भी दुकान खुली पाई जाने पर संबंधित अनुज्ञापी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बंदी अवधि के लिए किसी भी अनुज्ञापी को किसी प्रकार का प्रतिफल अथवा छूट देय नहीं होगी।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए ताकि सीमा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और बिहार विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

## सीए फाउंडेशन, इंटर एवं फाइनल के परिणाम में मथुरा के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी



**मथुरा।** सोमवार को द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी सीए फाउंडेशन इंटर एवं फाइनल के परीक्षा परिणाम में जनपद की प्रतिभाओं ने लगातार सफलता का परचम फहराते हुए कीर्तिमान स्थापित किया है।

सोमवार को जारी सीए फाउंडेशन के परीक्षा परिणाम में दिव्य भार्गव, क्षमा अग्रवाल, अनन्या शर्मा, संचित अग्रवाल, लक्ष्य अग्रवाल, रजत सिंह, एंड सीए इंटरमीडिएट में कुनाल गोयल, ध्रुव अग्रवाल, भूमि शर्मा, नारायण सिसोदिया, चंद्रशेखर बंसल, वंश गोस्वामी, वंशिका गोयल, यशिका अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल एंड सीए फाइनल में राघव वार्ष्णेय, निपुन वार्ष्णेय, क्षमा शर्मा, आदित्य अग्रवाल, हर्ष खंडेलवाल, मनु गोयल ने सफलता हासिल कर जनपद में कीर्तिमान स्थापित किया है। एबीसी कॉमर्स क्लासेज कृष्णा नगर मधुबन एन्क्लेव के निदेशक सीए अमित बंसल ने बताया कि जनपद के छात्र-छात्राएं पिछले दो दशक से लगातार कीर्तिमान स्थापित कर पूरे देश में मथुरा का नाम रोशन कर रहे हैं। सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने इसका श्रेय अपने माता-पिता तथा शिक्षक सीए विवेक वार्ष्णेय, सीए रिया बंसल, रिंकू जिंदल एवं संचालक सीए अमित बंसल व मथुरा ब्रांच के अध्यक्ष सीए राहुल चैधरी को दिया है।

## 241 पशुओं का उपचार कर बांटी दवा

देवरिया। विकास खंड बैतालपुर अन्तर्गत ग्राम रामपुर दुबे में विकासखंड स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गदाधर मणि त्रिपाठी चेयरमैन गन्ना समिति बैतालपुर एवं विशिष्ट अतिथि सर्वेश नाथ त्रिपाठी ने गोपूजन एवं पिता काटकर पशु आरोग्य मेला का उद्घाटन किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर जनसंवाद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

गदाधर मणि त्रिपाठी ने पशुपालकों को बताया कि भाजपा सरकार ने दीनदयाल के सिद्धांतों पर अमल करते हुए योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया है। आपातकालीन पशु चिकित्सा के लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर फोन कर एंबुलेंस सेवा का लाभ पशुपालक लें। भाजपा नेता सर्वेश नाथ त्रिपाठी ने बताया कि गोपालन हेतु सरकार विभिन्न सब्सिडीयुक्त योजनाएं चला रही है जिनका लाभ किसानों को लेना चाहिए।

# महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना सरकार का लक्ष्यः डॉ. विजया

**कसया, कुशीनगर।** नगर पालिका कार्यालय के सभागार में आत्मनिर्भर भारत संकल्प महिला अभियान का एक उत्साहपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री डॉ. विजया तिवारी ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चली आत्मनिर्भर भारत की व्यापक पहल का हिस्सा है जो महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। विशिष्ट अतिथि भाजपा महिला मोर्चा कार्य समिति सदस्य मोनी पांडेय ने अपने विचार रखे। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने भारत में प्राचीन काल से नारी मातृ शक्ति के रूप में पूजी जाती हैं। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में महिलाओं का उत्थान और सम्मान हो रहा है। नारी सशक्तिकरण की योजनाएं फलीभूत हो रही हैं तो नारी सुरक्षा भी सरकार ने सुनिश्चित किया है। नगरपालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल, डॉ वीना गुप्ता ने कहा कि आज की महिलाएं मातृशक्ति के रूप में न केवल परिवार, बल्कि समाज और राष्ट्र को मजबूत कर रही हैं। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया। यह संकल्प न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि सामुदायिक स्तर पर भी महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा पांडेय ने किया। संचालन करते हुए रूपम सिंह ने महिलाओं से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने का आह्वान किया।




## खरीफ फसलें चक्रवाती वर्षा से प्रभावित , डीएम ने किसानों से बीमा दावा दर्ज कराने की अपील की

**देवरिया।** हाल ही में आई चक्रवाती वर्षा के कारण जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में खरीफ फसलों को व्यापक क्षति हुई है। इस पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने प्रभावित किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने अपनी फसलों का बीमा कराया है, वे शीघ्र अपनी फसल क्षति की सूचना एवं दावा (क्लेम) दर्ज कराएं, ताकि समय पर उन्हें बीमा का लाभ मिल सके।जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसान भाई यदि वर्षा से उनकी फसलें नष्ट या क्षतिग्रस्त हुई हैं, तो वे तत्काल प्रधानमंत्री फसल बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर सूचना दें। सूचना प्राप्त होने के बाद बीमा कंपनी का प्रतिनिधि 72 घंटे के भीतर स्थल पर जाकर क्षति का सत्यापन करेगा।



उन्होंने यह भी बताया कि किसान भाई चाहें तो अपनी जानकारी उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय या संबंधित बैंक शाखा में भी दर्ज करा सकते हैं। इससे उनके दावे की प्रक्रिया और शीघ्र पूरी हो सकेगी।जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि पकी हुई फसलें खलिहान में फैलाकर रखी गई थीं और चक्रवाती वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हो गई हैं, तो ऐसी स्थिति में भी बीमा योजना के अंतर्गत दावा स्वीकार किया जाएगा। अतः किसान ऐसे मामलों की सूचना भी अवश्य दें।उन्होंने बताया कि राजस्व, कृषि एवं बैंक विभाग की संयुक्त टीमें प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे करेंगी, जिससे वास्तविक क्षति का मूल्यांकन कर किसानों को शीघ्र सहायता दिलाई जा सके।जिलाधिकारी ने अंत में सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे अपनी फसल क्षति की सूचना समय से अवश्य दें और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पूरा लाभ प्राप्त करें।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस के मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन कार्यक्रम के तहत थाना तुर्कपट्टी पुलिस द्वारा खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, सपहां परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति को जागरूक करना और उन्हें अपने अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति सजग बनाना था।

कार्यक्रम में थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति समाज की सबसे बड़ी ताकत है। मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाना है। बल्कि उन्हें हर प्रकार के शोषण और अत्याचार से सुरक्षा का भरोसा दिलाना भी है।

पुलिस सदैव आपके साथ है। किसी भी समस्या या आपात स्थिति में तुरंत 112 या महिला हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।।संस्थान के मंत्री पंकज कुमार पांडेय ने थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह समेत मौजूद पुलिस कर्मियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया। उन्होंने कहा कि खादी ग्रामोद्योग सेवा संस्थान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सतत कार्य कर रहा है। यहाँ चल रहे विभिन्न उपक्रमों में सैकड़ों महिलाएँ रोजगार प्राप्त कर रही हैं और स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, घरेलू हिंसा अधिनियम, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 की जानकारी दी गई। अंत में सभी उपस्थित महिलाओं ने मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।इस दौरान सुनंदा आर्य, सरिता देवी, प्रमिला, राजकुमारी, गिरीजा, मनभावती, अमृता, मनीषा पूनम, नेहा, नरेंद्र पांडेय, विजय पांडेय, संदीप, विशाल, हीरालाल, अमर यादव मौजूद रहे।



## कई जन्मों के पुण्यलाभ से मिलता है मनुष्य का जन्म : अंजली

**देवरिया।** बरारी द्वितीय गांव में चल रहे नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ के पांचवें दिन कथावाचिका साध्वी अंजली द्विवेदी ने श्रोताओं को श्रीराम अमृत कथा का रसपान कराया। कहा कि कई जन्मों के पुण्यों के संयोग से जीव का मनुष्य योनि में जन्म होता है।

बैतालपुर के बरारी द्वितीय गांव स्थित हरिहर महादेव मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ के पांचवें दिन कथावाचिका साध्वी अंजली द्विवेदी ने सोमवार को मानस कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि जन्म लेने के बाद मनुष्य भौतिक सुख - सुविधाओं की लालच में मोह और माया में फंस जाता है।इससे वह अपने वास्तविक कर्तव्य की राह से भटक जाता है। शास्त्रों के अनुसार जब कई जन्मों का पुण्यलाभ एकत्रित होता है तब जीव का मनुष्य योनि में अवतरण होता है। यह जीवन सांसारिक चकाचौंध में पड़कर आनंद लेने का नहीं है। परोपकारी बन कर जरूरत मंद लोगों की सेवा और मदद करने के लिए है। यही सबसे बड़ा धर्म है। मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने धरती पर अवतरित होकर राजा दशरथ के पुत्र के रूप में जन्म लेकर अपने बाल रूपों से देवताओं को मुग्ध कर धरती को धन्य किया।

## बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए हुई तैयारी

**कुशीनगर।** बुद्ध इंटर कॉलेज के स्थित स्टेडियम पर सोमवार को ब्लाक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए तैयारी शुरू हुई। इस दौरान परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने स्टेडियम की साफ-सफाई सहित विभिन्न खेलों के लिए उनका मैदान तैयार कराने में जुटे रहे।बीईओ अशोक कुमार यादव ने बताया कि ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता छह नवंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। उन्होंने प्रतियोगिता को सफल तरीके से संपन्न कराने के लिए शिक्षकों को स्टेडियम पर पहुंचकर तैयारी में सहभागिता निभाने के लिए निर्देश दिया है। तैयारी को लेकर सोमवार को स्टेडियम पर राजेश शुक्ल, अमला प्रसाद, मनोज सिंह, महेश रजक, नीरज कुमार श्रीवास्तव शैलेश कुमार, हरीन्द्र कुमार चौरसिया, दिलीप सिंह, दुर्गेश कुमार यादव, कृष्ण मोहन, कृष्ण कुमार सिंह, अरुण कुमार वर्मा, सुशील कुमार शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राकेश मणि, महेश कर्णधार,रवीन्द्र कुमार टैगोर, चन्द्र पाल सिंह, संजय कुमार सिंह, संजय कुमार यादव, धनंजय मणि, विजय बहादुर यादव, सुनील कुमार गुप्ता, संगीता राय, प्रियंका पाण्डेय सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।



# दबंगों की प्रताड़ना से विकलांग महिला ने राष्ट्रपति से लगायी इच्छामृत्यु की गुहार

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** गांव के दबंगों द्वारा विकलांग महिला को प्रधानमंत्री आवास निर्माण कराने से रोकने व बार बार प्रताड़ित किये जाने के मामले मे विकलांग पीडिता ने राष्ट्रपति को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते पीडिता को न्याय दिलाने का भरोसा जताया है। दबंगों के प्रताड़ना से अपनी इहलीला समाप्त करने के उद्देश्य से राष्ट्रपति से इच्छामृत्यु की गुहार लगाने वाली दिव्यांग अल्पना तिवारी का कहना है कि वह दोनो पैरो से पूर्ण रूप से विकलांग है और भाईयों पर पूरी तरह से आश्रित है। राष्ट्रपति को संबोधित जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को सौपी गयी ज्ञापन मे कुशीनगर जनपद के रामकोला थानान्तर्गत सिंगहा गांव की निवासनी अल्पना तिवारी ने कहा है कि वर्ष 2024 में उन्हे प्रधानमंत्री आवास आवंटित हुआ था जिसका प्रथम किस्त भी अवमुक्त हो गया है। अल्पना ने कहा है कि वह अपने पैतृक भूमि पर अवमुक्त धनराशि से प्रधानमंत्री आवास का निर्माण करा रही है खिड़की दरवाजा के बराबर दीवार बनकर तैयार हो गया है 27 सितम्बर- 2025 को सायंकाल छह बजे सिंगहा गांव के ही अज्जू, धीरज पुत्रगण अरूण, मारकन्डेय, सत्यम पुत्रगण मनोज, अरूण व मनोज पुत्रगण मूरलीधर गोलबंद होकर हमारे घर पर धावा बोल दिया और हमारे घर में घुसकर बड़े भाई हेमन्त मणि त्रिपाठी को लात मुक्का से मारने पिटने लगे। चिल्लाहट की आवाज सुनकर वह खिसक-खिसक मौके पर पहुची तो अज्जू द्वारा गाली गुप्ता व जान माल की घुड़की धमकी देते हुए मेरे बाल पकड़कर जमीन पर घसीटकर उक्त लोगों ने बेरहमी से मारा-पीटा और मजदूर व मिस्त्री को भद्दी-भद्दी गाली देकर भगा दिया जिससे मकान का निर्माण कार्य बंद हो गया जो आज तक निर्माण कार्य रुका हुआ है। अल्पना का यह भी आरोप है कि जाते जाते दबंगो ने तोडफोड भी किया और मिस्त्री के सामान उठा ले गये।

- पीड़िता ने राष्ट्रपति को संबोधित जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन
- पीड़िता की हालत देख डीएम हुए गंभीर, न्याय दिलाने का जताया भरोसा



### अब तक न तो दर्ज हुआ मुकदमा, न हुई कोई कार्रवाई

राष्ट्रपति को संबोधित अपने ज्ञापन मे दोनो पैरो से दिव्यांग पीडिता ने आगे लिखा है कि घटना के दुसरे दिन मेरे भाई हेमवन्त मणि त्रिपाठी प्रार्थनापत्र लेकर रामकोला थाना गये और थानाध्यक्ष को पूरी घटना का वीडियो क्लिप दिखाते हुए तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी किन्तु थानाध्यक्ष राजप्रकाश सिंह न तो मुकदमा दर्ज किये और न ही दबंगों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई किये जिसके वजह से दबंग बेखौफ घूम-घूमकर धमकी दे रहे है।

### एसपी के निर्देश पर भी नही दर्ज हुआ मुकदमाः-

पीडिता ने लिखा है कि थक हार कर मेरे भाई हेमवन्त मणि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार से मिले, एसीपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल थानाध्यक्ष रामकोला को मुकदमा पंजीकृत कर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके बावजूद थानाध्यक्ष रामकोला राजप्रकाश सिंह ने कोई कार्रवाई नही किया और मेरे भाई से कहा कि मुकदमा नहीं लिखूंगा तुम न्यायालय से मुकदमा दर्ज कराओं। पीडिता का कहना है कि वह दोनों परो से विकलांग है कोई सहारा नही है, भाग दौड नहीं कर सकती है, रहने के लिए सिर पर छत नही है। ऐसी परिस्थति में जीने का कोई उददेश्य नहीं है।

## धूमधाम से मना भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रार्जुन जी का जन्मोत्सव

**देवरिया।** जायसवाल समाज के तत्वावधान में नगर के काली मंदिर (देवरिया खास) मे जायसवाल समाज के अराध्य भगवान राजराजेश्वर सहस्त्रार्जुन जी महाराज का भव्य जन्मोत्सव समारोह एवं समाज का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं जायसवाल समाज के संरक्षक जनसेवक मंटू बाबू जायसवाल और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जायसवाल समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष हरेन्द्र जायसवाल, नन्दलाल जायसवाल, अशोक जायसवाल और ध्रुप जायसवाल ने शिरकत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षताविरेन्द्र जायसवाल एवं संचालन अखिलेश जायसवाल ने किया।

## थाई और तिब्बती परम्परा के अनुसार हुआ शांति पाठ

**कुशीनगर।** म्यांमार मंदिर में दिवंगत भंते ज्ञानेश्वर के पार्थिव शरीर के समक्ष थाइलैंड और तिब्बत मॉनेस्ट्री के भिक्षुओं ने थाई और तिब्बती परम्परा के अनुसार शांति पाठ किया।सोमवार को तिब्बत मॉनेस्ट्री के प्रमुख कंचुक लामा ने तिब्बती परम्परा के अनुसार सभी रश्मों को पूरा करते हुए भदंत की आत्मा की शांति के लिए धम्म पाठ किया। इसी क्रम में थाई मॉनेस्ट्री के प्रमुख डॉ पी सोम पोंग के निर्देशन में भंते डॉ कितिफान, पी पविन, पी नलोंग, पी अनुवत आदि ने भदंत नंदिका के साथ बैठकर पाठ किया।



संक्षेप

## विद्युत संविदा कर्मियों का निष्कासन गलत, ज्ञापन

फतेहपुर ।उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/ संविदा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अनिल कश्यप के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि बिजली संविदा कर्मचारियों को विभाग में पुनः रखा जाए जिससे की आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को उपकेंद्रों में लगातार सेवा दे रहे हैं जो बिना किसी नोटिस के कारण इनका कार्य करने से निष्कासित कर दिया गया है उनके घर वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है समय रहते हुए उच्च अधिकारियों के आदेश के बावजूद भी ऊर्जा मंत्री व प्रबंध निदेशक एवं कंपनी के द्वारा आदेश ऑन का पालन नहीं किया गया है इन सभी आदेशों की अवहेलना की जा रही है समय रहते हुए ऊर्जा मंत्री एवं प्रबंध निदेशक के आदेशों का पालन किया जाए अन्यथा की स्थिति में संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा इसकी जिम्मेदारी स्वयं शासन- व प्रशासन एवं कंपनी की होगी इस मौके पर राहुल मौर्य अनिल मौर्य मंसूर अली नईम खान प्रेम सिंह सैफ अली सुधांशु कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आम जनमानस से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जिले के विभिन्न विकासखंडों और ग्रामीण अंचलों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। उन्होंने प्रत्येक शिकायत पर विस्तार से जानकारी ली और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्धता, पारदर्शिता और पूर्ण संतुष्टि के साथ किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी शिकायत के समाधान में लापरवाही, अनदेखी या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि जनता दर्शन कार्यक्रम आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक प्रभावी माध्यम है, और इससे प्रशासनिक पारदर्शिता को बल मिलता है।इसलिए सभी विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों का ट्रैकिंग सिस्टम के तहत नियमित फॉलोअप किया जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को वास्तविक राहत मिल सके।आज के जनता दर्शन में कुल 52 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, राजस्व, बिजली, पुलिस, चिकित्सा, शिक्षा तथा समाज कल्याण से जुड़ी अनेक शिकायतें शामिल थीं।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और प्रत्येक शिकायत के समाधान की रिपोर्ट कार्यालय को अवश्य भेजी जाए।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अंत में सभी फरियादियों को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए पूर्ण रूप से संवेदनशील और प्रतिबद्ध है।

## पराली जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई होगी, जुर्माना भी लगेगा

उन्नाव, (वीओएल)। सर्वोच्च न्यायालय तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा फसल अवशेष को खेतों में जलाना दण्डनीय अपराध घोषित है।फसलों के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के दृष्टिगत जनपद एवं तहसील एवं विकास खण्ड स्तर पर सेल का गठन करते हुये प्रत्येक दिन अनुश्रवण किया जा रहा है।खरीफ सत्र की फसले जैसे धान, मक्का गन्ना आदि फसलों के अवशेष/पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन सख्त कार्यवाही कर रहा है। जिसमें पराली जलाने वाले किसानों पर जुमार्ना लगाना व एफ0आई0आर0 दर्ज करना और उन्हें सरकारी योजनाओं से वंचित करना शामिल है। सैटेलाइट द्वारा पराली जलाने की प्रत्येक घटनाओं की निगरानी की जा रही है।दो एकड से कम जमीन वाले कृषक- 5000.00 रुपए का जुर्माना दो से पॉच एकड़ जमीन वाले कृषकों 10000.00 का जुर्माना एवं पाच एकड से अधिक खेत वाले किसान पर 30000.00 का जुर्माना निर्धारित किया गया है।

# डीएम ने चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



- 15 दिनों में व्यवस्थाएं सुधारने हेतु जिलाधिकारी का अल्टीमेटम, लापरवाही करने पर होगी कठोर कार्रवाई
- स्वच्छता व्यवस्था, भर्ती मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार हेतु भी किया निर्देशित

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने जिला चिकित्सालय सीतापुर एवं जिला महिला चिकित्सालय सीतापुर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी।जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। ड्यूटी पर तैनात ??सभी चिकित्सकों एवं कार्मिकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि कोई चिकित्सक अथवा कार्मिक ड्यूटी में लापरवाही करता पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। सभी स्टॉफ निर्धारित यूनीफार्म में रहे एवं पहचान पत्र भी साथ रखें।सभी वार्डों में ड्यूटी रजिस्टर रखा जाये एवं इसे नियमित रूप से अद्यतन किया जाये।इमरजेंसी वार्ड सहित सभी वार्डों में ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों का विवरण प्रदर्शित रखा जाये।

भर्ती मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच करते हुये जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन मरीजों को उपलब्ध कराया जाये तथा मेन्यू प्रदर्शित भी किया जाये। शौचालय की नियमित रूप से साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि सभी बेडशीट प्रतिदिन मानकों के अनुसार अवश्य बदली जायें। चिकित्सालय में सी0सी0टी0वी0 कैमरों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाएं जैसे डिजिटल एक्सरे, पैथॉलाजी, सीटीस्कैन आदि का लाभ मरीजों को मरीजों को समय से मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। निर्धारित ड्यूटी के अनुसार चिकित्सक वार्डों में नियमित रूप से राउण्ड अवश्य लें। जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को कड़े निर्देश दिये कि वह चिकित्सालय में उपलब्ध सेवाओं का नियमित रूप से पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें तथा भ्रमणशील रहकर मरीजों से भी नियमित रूप से फीडबैक अवश्य लें। पर्चा काउण्टर के पास हेल्पडेस्क नियमित रूप से संचालित रखी जाये। रेफर किये गये मरीजों की नियमित रूप से ट्रैकिंग किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिये रजिस्टर बनाते हुये ड्यूटी पर कर्मचारी तैनात किये जायें, जो रेफर किये गये मरीज के संबंध में फीडबैक प्राप्त कर रजिस्टर में दर्ज करें। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 इन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0 सुनीता कश्यप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान में नारियों को जागरूक कर बना रहे सशक्त

पाटन, उन्नाव (वीओएल)। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना बिहार पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने ग्राम रावतपुर में महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबल रूपा और शिखा तोमर ने उत्तर प्रदेश पुलिस की सेवाओं एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न महिला सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। टीम ने कहा कि अब महिलाएँ अपने अधिकारों को पहचानें, आत्मनिर्भर बनें और हर स्थिति में सजग रहें। महिलाओं को बताए गए प्रमुख हेल्पलाइन नंबर वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपात सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098, एम्बुलेंस सेवा 108, स्वास्थ्य सेवा 102, साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन 1930, है। टीम ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वावलंबन को ध्यान में रखकर कई कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। महिलाओं को जागरूक करते हुए संदेश दिया गया जागरूक बनें, सुरक्षित रहें।

## प्रतियोगिता में सेट जेवियर्स ने मारी बाजी



फतेहपुर।प्रथम ताइक्वांडो कप चैंपियनशिप का आयोजन सेंट जेवियर्स स्कूल में किया गया जिसमें फतेहपुर कानपुर लखनऊ बांदा चित्रकूट के 200 ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने अपनी पूर्ण शक्ति के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें प्रथम ट्रॉफी सेंट जेवियर्स स्कूल द्वितीय ट्रॉफी जयपुरिया स्कूल तृतीय ट्रॉफी कानपुर टीम बनी, शेष सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों को उनके उत्तम प्रदर्शन के लिये मेडल प्रदान किये गए, कार्यक्रम में सेंट जेवियर्स स्कूल की प्रधानाचार्य प्रियंका गुप्ता ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला सचिव राजकुमार, संरक्षक स्मिता सिंह सुनिधि तिवारी डाक्टर विनय बाजपेई कोच भारत वर्मा शिवकुमार उत्कर्ष पटेल कोपल रस्तोगी पंकज मिश्रा तनुज बाजपेई मनीषा राजपूत रिचा राजपूत आदित्य सिंह सहित कोच व अभिभावक उपस्थित रहे।

## बड़कऊ सिंह स्मारक विद्यालय में लगा नेत्र शिविर, मरीजों को मिली बड़ी राहत

हरगांव (सीतापुर)।विकासखण्ड हरगांव अन्तर्गत स्थित बड़कऊ सिंह विद्यालय गनेशपुर फिरोजपुर में सीतापुर अस्पताल द्वारा नेत्र शिविर युवा समाजसेवी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह तोमर की प्रेरणा से लगाया गया।इस नेत्र शिविर का फीता काटकर शुभारम्भ कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष ममता



वर्मा ने फीता काटकर किया। इस नेत्र शिविर में 217 मरीज आये सीतापुर से आए कुशल चिकित्सकों ने सभी मरीजों का नेत्र परीक्षण किया।नेत्र परीक्षण में मोतिया बिंद के 132 मरीज चिन्हित किए गये।मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किए गए 132 मरीजों को दो बसों में भरकर अस्पताल ले जाया गया।शिविर के आयोजन कर्ता कांग्रेस कमेटी की किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह तोमर ने बताया कि आज सभी मरीजों की जांच पूरी कर ली जाएगी कल सुबह ऑपरेशन प्रारम्भ हो जाएगा। ऑपरेशन के बाद दूसरे दिन यानी परसों सभी मरीजों को नेत्र शिविर स्थल पर बसों द्वारा वापस भेज दिया जाएगा।युवा नेता तोमर द्वारा बताया गया कि यह 24वां नेत्र शिविर का आयोजन है। अब तक के शिविर से लगभग दो हजार से अधिक मोतियाबिंद पीड़ित मरीजों को लाभ पहुंचाया जा चुका है।नेत्र शिविर से पड़ोसी जिला बहराइच व लखीमपुर खीरी के मरीज भी लाभ के भागीदार बने।इस नेत्र शिविर में डॉ. कमरुज्जमा, विजय कुमार, श्याम सिंह, रशीद अहमद, अखिलेश सिंह यादव, रामसेवक भार्गव, अनूप कुमार भार्गव, मेवालाल, कमलेश यादव, मातादीन, प्रमोद कुमार, महेश यादव, मदन मोहन शर्मा, सुशील कुमार, संदीप अवस्थी, संजीव सिंह, छोटेलाल सिंह, संतोष सिंह, रामबख्श भार्गव, राजू लाल गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, संत बक्स सिंह, देशराज भार्गव, राधेश्याम यादव, चंद्रकली, भागीरथ शर्मा, रामचंद्र भार्गव, नितिन पांडेय, आशुतोष शुक्ला, बृजलाल, रामाधार, विवेक सिंह, सुशील अवस्थी, रूप कुमार भार्गव, बिजनेस राजवंशी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## धूमधाम से मना श्री खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव



जिला संवाददाता(vol)

हरगांव (सीतापुर)। प्रथम खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव सीतापुर सहित हरगांव कस्बे में भी धूमधाम से मनाया गया। प्रथम खाटू श्याम बाबा जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों संख्या में भक्त गण निकट सेवा रेलवे क्रॉसिंग सीतापुर रोड पर जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव के आयोजन कर्ताओं ने बताया कि यह प्रभु खाटू श्याम का प्रथम भंडारा है और आगे भी सभी के सहयोग से प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम किया जायेगा।

खाटू श्यामजी का जन्मोत्सव विधि विधान के साथ पण्डित जी के द्वारा पूजन अर्चन कर सम्पन्न कराया गया।

इस कार्यक्रम में श्री श्याम सलोना परिवार के मनोज कुमार गुप्ता, राज कमल यादव, राम शंकर यादव, सुरजीत यादव, सर्वेश यादव, सचिव, शिवम, पुष्पेन्द्र वर्मा, अभिलाष मदेसिया, शिवा, रवि, अंकित, निक्की मिश्रा, रवि पूर्व प्रधान, ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष के.डी. सिंह संस्थापक दिनेश दीक्षित राष्ट्रीय विधिक सलाहकार विशाल कुमार सिंह मंडल प्रवक्ता मुकुल मिश्रा छोटू आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा आदर्श नगर पंचायत हरगांव के गंज वार्ड में महेश्वरी स्वीट्स हाउस पर केक काटकर बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव पूजन अर्चन के साथ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। मनाया जा रहे जन्मोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उम्र पड़ी। कार्यक्रम के शुभारंभ में भगवान खाटू श्यामजी का पूजन अर्चन आरती के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने माला अर्पण कर श्याम जी का श्रृंगार किया। एक बालक के द्वारा बाबा श्याम के रूप में केक काटा गया और कार्यक्रम में बज रहे भजनों पर श्रद्धालु झूमने गाने लगे। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर पण्डित मनोज शास्त्री ने पूजन अर्चन कराया। इस मौके पर महेश्वरी स्वीट्स हाउस के प्रोपराइटर प्रभात महेश्वरी, विश्व मोहन श्रीवास्तव, प्रमोद माहेश्वरी, क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के प्रदेश प्रभारी सुनील गुप्त, दिनेश मिश्रा लालन, भारतीय जनता पार्टी के सुनील त्रिपाठी, बल्लू पत्रकार चंद्र मोहन तिवारी, राजेंद्र शुक्ला, रजनीश श्रीवास्तव, रामबाबू गुप्ता, प्रियंक मिश्रा, सज्जन गुप्ता, कृष्ण माहेश्वरी, यश महेश्वरी, नयन महेश्वरी गोविंद महेश्वरी, शिबू महेश्वरी, यशिका महेश्वरी, आकाश महेश्वरी, सुधांशु पांडे गोलू, बृजेश सिंह सहित सैकड़ों लोग इस शुभ अवसर पर मौजूद रहे।

## श्री श्याम बाबा के भजनों में रात भर झूमे श्रद्धालु

बिसवां नगर (सीतापुर)।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को रात्रि 8 बजे से श्री श्याम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देर रात तक सभी श्रद्धालु भक्त खाटू श्याम के सुन्दर भजनों में डुबकी लगाते रहे। इसके अलावा हवन कुंड की अग्नि से अखंड श्याम ज्योति का आविर्भाव हुआ। श्री खाटू श्याम जी का फूलों द्वारा विशेष अलौकिक श्रंगार कर उन्हें छप्पन भोग लगाया गया। इस अवसर पर मशहूर भजन गायक अनुराग अखण्ड, योगिता गुप्ता, मयूर वर्मा, अम्बर श्रीवास्तव और कपिल द्वारा गाये गये सुन्दर भजनों का आनन्द लेते हुए श्रद्धालु जिनमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे झूमते नाचते गाते हुए श्री श्याम को मनाते रहे। भक्तों ने हवन पूजन किया तथा खाटू श्याम बाबा का आशीर्वाद लिया।

भजन गायक अम्बर श्रीवास्तव ने गणेश वंदना तेरी जय हो गणेश....तेरी जय हो तथा जलती रहे ज्योति तेरी जलती रहे भजन गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में सीतापुर से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक कपिल गुप्ता ने श्याम बाबा की जय, खाटू वाले की जय भजन गाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीतापुर से ही पधारी प्रसिद्ध भजन गायिका योगिता गुप्ता ने भजनों की समां बांध दी। उन्होंने ग्यारस कार्तिक की आई, भक्तों को मस्ती छाई.. भजन गाकर सभी भक्तों को खूब नचाया। इसके बाद भजन गायक अनुराग रोशन ने हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है...भजन गाकर श्याम भक्तों को तालियां बजाकर झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर भजन गायक मयूर वर्मा ने अपने सुन्दर भजनों मच गया शोर सारी नगरी में.....गाकर श्रोताओं में जोश भर दिया। मध्य रात्रि केक काटकर बाबा का जन्मोत्सव मनाया। पूरा पंडाल सुन्दर भजनों पर झूम उठा। श्रद्धालु इतना सम्मोहित हो गये कि देर रात तक उठने का नाम ही नहीं लिया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक, विशाल गुप्ता, आयोजक सांवरा सेठ एवं संयोजक श्री श्याम परिवार के शिव प्रसाद सिंघल, बसंत खेतान, विजय बंसल, अमित सिंघल, पंकज खेतान, नितिन मंगल, रवि प्रकाश बंसल, राज कुमार अग्रवाल, अमन श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, सुनीत अग्रवाल, प्रदीप जायसवाल, मनीष व विकास सहित पुरैनीगंज व आसपास क्षेत्र के सैकड़ों महिला, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे। आयोजकों द्वारा कलाकारों सहित गणमान्य लोगों का श्रीश्याम चुनर डालकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत व सम्मान भी किया गया।

## नीलमथा लखनऊ क्रिकेट टीम ने फाइनल मैच में गौरा कटरवा को पराजित किया

हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। स्थानीय गांव पारा मे चल रही ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता मे सोमवार को सेमी फाइनल व फाइनल मैच खेला गया। जिसमें नीलमथा लखनऊ ने गौरा कटरंवा नबाबगंज को 34 रनों से पराजित कर फाइनल कप अपने नाम किया। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं ने खेल के हर क्षेत्र मे उम्दा प्रदर्शन करके दर्शकों की वाहवाही लूटी। खेल समापन पर खिलाड़ियों को उपहार और नगद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में नीलमथा लखनऊ और रत्नापुर के बीच में सेमीफाइनल मैच खेला गया। नीलमथा लखनऊ की टीम ने ट्रास जीतकर





निर्धारित दस ओवरों में 7 विकेट खोकर 125 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रत्नापुर की टीम 67 रन ही बना सकी। नीलमथा टीम ने 58 रनों से मैच को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। उसके बाद फाइनल मुकाबला गौरा काटरंवा नबाबगंज और नीलमथा लखनऊ के बीच खेला गया। नीलमथा लखनऊ की टीम ने ट्रास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 107 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काटरंवा नबाबगंज टीम 73 रन ही बना सकी। नीलमथा लखनऊ की टीम ने 34 रनों से फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। रनर टीम को ग्यारह हजार और ट्राफी और विनर को इक्कीस हजार रुपये और विजेता कप देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य डॉ शकील व समाजसेवी आकाश यादव को आयोजन समिति ने स्वागत किया। सैकड़ों दर्शक खिलाडियों का तालियां बजाकर मनोबल बढा रहे थे। इमरान शेख, शोएब शेख, रिजवान, फैज, उस्मान खान, रिहान, साहिल व्यवस्था संभाले रहे।

## परेशान परिवार की समाजसेवी ने आर्थिक मदद की



पाटन, उन्नाव (वीओएल)। बीघापुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सारू खेड़ा के मजरें बदिया खेड़ा मे कुछ समय पूर्व पप्पू ऊर्फ संतोष कुमार का हार्ट अटैक आ जाने से असमय दुःखद निधन हो गया था परिवार के भरण पोषण का सहारा घरवालों से छिन गया था घर मे पत्नी गंगादेई व दो बेटे व एक बेटी है, परिवार की दयनीय स्थिति की जानकारी मिलने पर प्रमुख समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह शोकाकुल परिजनों से उनके गाँव बदिया खेड़ा जाकर दिवंगत पप्पू की पत्नी गंगादेई को आर्थिक मदद की व संवेदनाये ब्यक्त की मदद पाकर परिजनों ने कहा कि हमारी विपरीत परिस्थितियों मे सहारा देने के लिये धन्यवाद दिया इस मौके पर दीपू पटेल, सेनू यादव, विजय सिंह, राघवेंद्र सिंह, रामजी यादव, रोहित सिंह, पंकज सिंह, दीपक राजावत, लोटन आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी दी

उन्नाव, (वीओएल)। सोमवार को गुरु नानक इंटर कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में यातायात विभाग से उपनिरीक्षक तिलक सिंह, ई-चालान एडमिन रजत वर्मा तथा डॉ. आशीष श्रीवास्तव, प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र समिति द्वारा छात्र-छात्राओं, चालकों एवं शिक्षकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यशाला के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित मुख्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



विद्यार्थियों को रोड साइन, आयरलैंड, जेब्रा लाइन, स्टॉप लाइन, ई-चालान प्रक्रिया, ड्राइविंग लाइसेंस की न्यूनतम आयु, एवं मोटर व्हीकल एक्ट की प्रमुख धाराओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि नाबालिग द्वारा वाहन चलाना दंडनीय अपराध है। बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के वाहन चलाने से होने वाले दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला में ह्यगुड सम रिटन स्कीम की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर उसे अस्पताल पहुँचाने वाले व्यक्ति को सरकार द्वारा सम्मानित करने का प्रावधान है। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली तथा सुरक्षित यातायात के संदेश को समाज में फैलाने का संकल्प भी व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की शिक्षिका डॉ. प्रेमलता सिंह, रामप्रकाश दीक्षित एवं कॉलेज के प्रबंधक सतविंदर सिंह अरोड़ा ने अतिथियों का आभार प्रकट किया और ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## किसानों की समस्याओं को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन



फतेहपुर ।मृतक किसानों के लिए 50-50 लाख रुपए मुंवावजे की रखी मांगआज जनपद के कांग्रेसियों द्वारा जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी के नेतृत्व में कचेहरी पहुंच कर किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए सूबे के मुख्यमंत्री को जिला धिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन भेजा गया।

प्रस्तुत ज्ञापन में बताया गया कि गत दिनों हुई बेमौसम बारिश से किसानों की खेत में खड़ी धान, तेलहन व अन्य फसलों का भारी नुकसान हुआ है जिससे जिले सहित पूरे प्रदेश का किसान पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है जिसका प्रमाण महोबा जनपद के किसान छोटे लाल की फसल नुकसान में सदमे से मौत व झांसी जनपद के किसान कमलेश यादव द्वारा नुकसान से आहत हो आत्म हत्या कर लेना है ।ज्ञापन में मृतक किसानों को 50-50 लाख रुपए मुंवावजे की भी मांग की गई।प्रस्तुत ज्ञापन में मुख्यमंत्री से यह भी मांग की गई कि कृषि विभाग की एक टीम भेज कर किसानों को हुए नुकसान का स्थलीय सर्वे कराकर उनके नुकसान की भरपाई की जाए।ज्ञापन में किसानों को समय से खाद न मिलने एवं खाद की काला बाजारी रोकने की भी मांग रखी गई ।ज्ञापन के उपरांत पत्रकारों से बात करते हुए जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द किसानों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर उन्हें उसका मुवावजा दे ताकि महोबा व झांसी जनपद की घटना की पुनरावृत्ति न हो उन्होंने आगे कहा कि जिले में किसानों को खाद की अनुपलब्धता एक अहम समस्या बन गई है दिन भर लाइन में खड़े रहने के बाद भी किसान को खाली हांथ लौटना पड़ता है और बाद में वही खाद बिचौलियों द्वारा उसे ब्लैक में खरीदनी पड़ती है जो बहुत ही दुखद है अतः सरकार को अविलंब इस ओर ध्यान देना आवश्यक है। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि किसानों की आय को दुगना करने का दम भरने वाली सरकार आज किसानों को खाद देने में ही असमर्थ है साथ ही किसानों को प्रकृति का कोप भाजन भी बनना पड़ रहा है जब कि भारत एक कृषि प्रधान देश है फिर भी मौजूदा भाजपा सरकार बराबर किसानों का अहित कर रही है परंतु कांग्रेस किसानों के हित में आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है हम किसी भी सूरत में किसानों का अहित बर्दाश्त नहीं करेंगे। ज्ञापन में मुख्यरूप से संतोष कुमारी शुक्ला, शेख एजाज अहमद, सईद चच्चा, कलीम उल्ला, ई ०देवी प्रकाश दुबे, राजेंद्र लोधी,राम नरेश महराज, अनुराग नारायण मिश्र, ओम प्रकाश कोरी, ब्रजेश मिश्रा, आनंद सिंह गौतम,सैयद सहाब अली, मिस्बाहुल हक, एफ रहमान अस लम, मोइन राइन, एम एल श्रीवास, मो. इमरान, मोहित मिश्रा, कौशल कुमार शुक्ला, नजमी कमर, हम्माद हुसैन, राजबीर सिंह, आहद मौजूद रहे।

## कैलशिया सभा के माध्यम से धर्म परिवर्तन का आरोप, 5 गिरफ्तार

रेउसा (सीतापुर)।क्रिश्चियन धर्म के अनुयायियों द्वारा पिछले कई वर्षों से कैलशिया सभा लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों के भोले भाले लोगों को उनकी दैविक समस्याओं को ठीक करने का हवाला देकर सैकड़ों की संख्या में भीड़ एकत्र कर झाड़-फूंक करके ठीक करने का राग बताते हैं। झांसे में आने पर धर्म परिवर्तन कराने की विधि का प्रयोग होता है। ऐसा ही सनसनीखेज प्रकरण का खुलासा थानगांव इलाके के ग्वारी ग्रामसभा से सामने आया है। जिसमें बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद के जिला संयोजक नीरज अपने कार्यकर्ताओं सहित मौके पर पहुंचकर कैलशिया चलाने वाले पांच सदस्यों को मौके से पकड़कर थानगांव पुलिस के हवाले कर कार्यवाही हेतु तहरीर दी है। मौके से धर्म परिवर्तन कराने का सामान भी बरामद हुआ। जिसमें ढोल मंजीरा पानी क्रिश्चियन धर्म के फोटो व अन्य तांत्रिक सामग्री भी बरामद हुई हैं। इसी के साथ क्रिश्चियन धर्म के पांच अनुयायियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जिसमें वंश गोपाल, मुन्ना, सूरज लाल, सुशील, प्रदीप शामिल है।

## न्याय चला निर्धन की ओर नीतियों के तहत ग्राम न्यायालय का गठन



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। सोमवार को स्थानीय बार एसोशिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्यामलाल सोनी एडवोकेट, उपाध्यक्ष विनोद कुमार यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र श्रीवास्तव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार वर्मा, महामंत्री सुमेर सिंह यादव, संयुक्त मंत्री रामनरेश राजपूत, संगठन मंत्री प्रतीक दुबे, कोषाध्यक्ष रामकृष्ण गौतम सदस्यों अभिषेक मिश्रा, आशू शर्मा, विजयपाल, नरेन्द्र कुमार रावत, सौरभ यादव, रवी शंकर व देवेंद्र प्रताप सिंह को शपथ दिलाई गई। वक्ताओं में एडीजे प्रथम डॉ० सत्यवान सिंह, सीजेएम भव्या तिवारी, मुंसिफ मजिस्ट्रेट पुरवा हिमानी गौतम ने अपने उद्बोधन में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी। बार काउंसलिंग के सदस्य अंकज मिश्रा ने कहा कि हमारी विरासत को संजोए रखने का समय है। इसमें संक्रमण न आने पाए। बार और बेंच का दायित्व है कि वादकारी को न्याय मिले। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरीश मिश्रा एडवोकेट ने की और संचालन रईश हैदर नकवी एडवोकेट ने किया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि संविधान को बदलने की किसी में हिम्मत ही नहीं है। न्यायालय से वाद पर निर्णय इस बात पर निर्भर है कि आपकी प्रस्तुति कैसी है? किसी समस्या की जड़ में जाने से ही उसका निदान होता है। न्याय चला निर्धन की ओर की नीतियों के तहत ही ग्राम न्यायालय का गठन किया गया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्यामलाल सोनी ने कहा कि अधिवक्ता समाज को अपनी गरिमा का ध्यान रखकर कार्य करना है। एल्डर कमेटी के राकेश श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष गंगा महेश यादव, पूर्व महामंत्री रेवा शंकर रावत, सुरेश यादव, कल्पना पाण्डेय, सैफुद्दीन, मोहसिन खान, अमर नाथ यादव, राज किशोर, योगेश, संदीप पांडेय, रामकृष्ण गौतम, कौशलेंद्र शंकर शुक्ल, राम लखन यादव, धर्मेंद्र सिंह, अनूप समेत सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सैन्य दंपति ठगी का शिकार, कार्रवाई नहीं हुई

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी विश्व धरोहर स्मारक अवलोकन करने आए सैन्य अधिकारी दंपति से बाबा की चादर चढ़वाने के नाम पर ठगी करने वाले लपका तंत्र के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई है। पर्यटन पुलिस कर्मियों द्वारा पीड़ित दंपति को लपका तंत्र से चादर के नाम पर ठगी का रुपया वापस लेकर सैन्य अधिकारी दंपति को वापस करके अपनी पीठ थपथपा ली गई है। यह पहला अवसर नहीं है जब लपका तंत्र से ठगी की रकम वापस लेकर पीड़ित पर्यटक को वापस की गई हो। लेकिन थाना पुलिस एवं पर्यटन पुलिस व गुलिस्ता पर्यटक वाहन पार्किंग का संचालन करने वाले अधिकारी द्वारा लपका तंत्र से गठजोड़ के चलते करवाई नहीं की जाती है। गुलिस्ता पर्यटक वाहन पार्किंग क्षेत्र लपका तंत्र के फल फूलने का सबसे प्रमुख अड्डा है। आगरा जयपुर हाईवे स्थित कोरई टोल प्लाजा से गुड़ की मंडी नहर, मोड बाईपास, आगरा गेट से गुलिस्ता पर्यटक वाहन पार्किंग होकर शाह कुली से स्मारक क्षेत्र तक लपका तंत्र के गुर्गे पर्यटकों को धार्मिक भावना एवं मीठी बातों में फंसा कर घेर लेते हैं। वाईकर्स लपके पर्यटक वाहनों का पीछा करते-करते अपनी बाइक गाड़ी के आगे लगा देते हैं। जिससे दुर्घटना भी होती रही है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से सैन्य अधिकारी कर्नल अमरनाथ अपनी पत्नी के साथ स्मारक भ्रमण करने के लिए शनिवार दोपहर गुलिस्ता पर्यटक वाहन पार्किंग पहुंचे थे। बैटरी कर में बैठने जा रहे पार्किंग के समीप लपका तंत्र ने दंपति को घेर लिया और अपनी बातों में फंसा लिया। सैन्य अधिकारी दंपति से 3100 रुपया, 1100 रुपया, 150 एवं 250 रुपया सूफी संत हजरत शेख सलीम चिश्ती बाबा की चादर चढ़वाने व अन्य कार्यों के लिए ले लिए थे। कर्नल अमरनाथ एवं उनकी पत्नी के विरोध करने एवं कड़ा रुख अपनाने के पश्चात गुलिस्ता पर्यटक वाहन पार्किंग में तैनात पर्यटन पुलिस कर्मियों ने लपकौ से चादर के नाम पर लिए ?3100 वापस लेकर सैन्य अधिकारी दंपति को देकर गंतव्य के लिए विदा कर दिया गया था।

## पर्यावरण इंजीनियर पर हमला

**आगरा।** शहर के प्रसिद्ध पर्यावरणविद और ताज ट्रिपेजियम जोन (टीटीजेड) के पूर्व सदस्य इंजीनियर उमेश शर्मा पर सोमवार तड़के मॉर्निंग वॉक के दौरान अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल उमेश शर्मा को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही जांच और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना सुबह करीब 6 बजे मानस नगर की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इंजीनियर उमेश शर्मा रोज की तरह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। रास्ते में सड़क किनारे खड़े कुछ लोगों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि उन लोगों ने अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों ने लात-घूंसे से मारपीट की और पीछे से किसी ने उनके सिर पर ईंट से वार कर दिया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़े। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले गए। पुलिस ने बताया कि घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इंजीनियर उमेश शर्मा ने बताया कि वह रोजाना मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं और इससे पहले कभी किसी से विवाद नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना ने उन्हें स्तब्ध कर दिया है।

# जिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं निराकरण का दिया आश्वासन

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** नवागत जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने सोमवार को सुबह से ही अपने कार्यालय में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने दूर दराज क्षेत्रों से आये किसान, वृद्ध, गरीबों के प्रति अपनी संवेदनाएं दिखाते हुए उन्हे भरोसा दिया कि उनकी समस्या जल्द ही दूर होगी। इसके लिए उन्होंने

**● मौके से ही फोन पर अधिकारियों को निस्तारण कर अवगत कराने के दिये निर्देश**

अधिकतर शिकायतों में सम्बंधित अधिकारियों को शिकायत व्हाट्सएप पर भेजकर स्वयं फोन कर निर्देशित किया कि वह शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित निस्तारण कर मुझे अवगत करायें।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों एवं जन-समस्याओं का प्रभावी और समयबद्ध समाधान शसन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान कुछ प्रमुख शिकायतें प्राप्त हुईं। ग्राम रोड़ा निवासी किसान राधेलाल पुत्र रतनलाल अहिरवार ने ग्राम रोड़ा की सोसायटी पर विपक्षी जगदीश बाबू पर खाद न देने, कालाबाजारी करने और मारपीट करने सम्बंधी शिकायत की, जिसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए एआर कॉपरेटिव को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार से अजय प्रताप सिंह बुन्देला पुत्र गजेन्द्र सिंह बुन्देला निवासी ग्राम आलापुर ने फसल बीमा योजना के तहत बैंक द्वारा प्रीमियम की राशि काटने के बाद भी पॉलिसी नम्बर न दिये जाने की शिकायत की, जिस पर उप निदेशक कृषि को कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिये गए। ग्राम नाराहट निवासी शिकायतकर्ता ने उसकी जमीन पर विपक्षियों द्वारा जबरन कब्जा कर मकान का निर्माण कराने की शिकायत की है, जिसके सम्बंध में एसओसी व एसओ नाराहट को संयुक्त टीम के साथ परीक्षण कराकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। इसके अतिरिक्त बुन्देलखण्ड प्रांत निर्माण के सम्बंध में बुविसे ने ज्ञापन दिया, जिसको जिलाधिकारी ने उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया। इस दौरान उप जिलाधिकारी भूपेन्द्र सिंह व डीआईओ उपस्थित रहे।

## किसान दुर्घटना योजना के लाभार्थी लिपिक की कार्यशैली से वंचित

जिला संवाददाता

**बांदा।** कलेक्ट्रेट में तैनात एलआरसी महेन्द्र सिंह की कार्यशैली से कृषक दुर्घटना बीमा योजना की फाइलें डंप पड़ी हैं।

पीड़ित आयुक्त कार्यालय और हाई कोर्ट पहुंचकर न्याय की फरियाद लगा रहे हैं। बीते दिनों पीड़ित केदार नाथ

**● योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिए मुख्य स्थानों पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग नही दिखाई पड़ते**

साहू की याचिका पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई के बाद जिला मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना कल्याण योजना के तहत मुआवजे के आवेदन पर एक माह के अंदर फैसला लेने का निर्देश दिया था।

कलेक्ट्रेट में कार्यरत एलआरसी महेन्द्र सिंह फाइलों को अधिकारियों तक पहुंचाने की जहमत नही उठाते। इसी के चलते अनेक किसान और बटाईदारों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का लाभ शासन की मंशा के अनुरूप नही मिल पा रहा है। मुख्यमंत्री किसान दुर्घटना कल्याण योजना में बटाई पर खेती करने वालों को भी मृत्यु अथवा शारीरिक क्षति पर लाभ देने की व्यवस्था है। योजना में शारीरिक क्षति पर 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रभावित अथवा उसके विधिक वारिसानों को दी जाती है, लेकिन योजना संचालन की स्थिति यह है कि दुर्घटना प्रभावित बटाईदारों को लाभ लेने के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़ती है।

बीते दिनों हिन्दुस्तान किसान यूनियन के अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी व रामदास साहू आदि ने कहा कि समय बीत जाने के बाद भी विभागीय लिपिक की स्वार्थपूर्ति नीति के चलते करीब 85 मामले महीनों से डंप पड़े हैं।

उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशों के बावजूद योजना का प्रचार-प्रसार करने के लिए मुख्य स्थानों पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग नही दिखाई पड़ते और न ही सरकारी कर्मचारी ही इस योजना के बारे में किसानों को जानकारी देते हैं।

प्रश्न उठना लाजमी है कि योजना के क्रियान्वयन में देरी के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है।

## मस्जिद के मकान को तोड़कर किरायेदार कर रह नवनिर्माण

**नगीना, बिजनौर।** मस्जिद के मकान में किराएदार द्वारा बिना अनुमति मकान को तोड़कर मकान का नया निर्माण कार्य कराने का मांमला सामने आया है। मस्जिद की प्रबंध कमेटी ने नये निर्माण का विरोध जताते हुए पुलिस से कार्रवाई कर निर्माण को रुकवाने की मांग की है।मोहल्ला अकाबरान स्थित

**● थाने में दी गयी लिखित शिकायत**

मस्जिद की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों व मोहल्ले के गणमान्य लोगों द्वारा थाना प्रभारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया कि मोहल्ला अकबरान स्थिति मस्जिद के मकान में रहने वाले किराएदार मोहम्मद फुरकान पुत्र हामिद तथा फुरकान के पुत्र रिहान आपराधिक प्रवृति के लोग हैं। किराएदार मोहम्मद फुरकान ने पिछले दो वर्षों से मकान का किराया भी मस्जिद कमेटी को नहीं दिया है। किराएदार मोहम्मद फुरकान व उसके पुत्र रिहान ने मस्जिद की प्रबंध समिति की अनुमति के बिना ही मस्जिद के मकान को तोड़कर तथा ईंटों व सामान को खुर्दबुर्द कर मकान की स्थिति में परिवर्तन कर नया निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। उक्त मस्जिद में नमाज पढ़ने वाले लोगों व मोहल्ले के गणमान्य लोगों ने आपत्ति जताते हुए मकान की स्थिति में परिवर्तन कर नया निर्माण कार्य करने से रोका तो दोनों पिता पुत्र लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गए और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहे है। मस्जिद प्रबंध समिति के लोगो ने पुलिस से निर्माण कार्यों को तुरंत रुकवाने की मांग की है। शिकायती पत्र पर दिलशाद सैफी, शहजाद, अहसान मंजूर, खुर्शीद अनवर, नासिर हुसैन, आदिल, निसार अहमद, हारून, परवेज समेत तमाम लोगों के हस्ताक्षर हैं।



## शिक्षक एमएलसी चुनाव में सपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार की कमान संभाली

**बिजनौर।** बरेली-मुरादाबाद शिक्षक खंड एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी दानिश को जीत दिलाने के लिए सपा के नेता उनके पक्ष में चुनाव प्रचार में जुट गए है। सपा कार्यकताओं और शिक्षक समाज चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। समाजवादी पार्टी के चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश ने बीते दिन बरेली-मुरादाबाद शिक्षक खंड एमएलसी चुनाव के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी दानिश का जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि यह चुनाव किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि समाजवादी पार्टी का है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा शिक्षकों, कर्मचारियों और आम जनता की आवाज रही है। इसलिए शिक्षक एमएलसी चुनाव में भी सपा की नीतियों और विचारधारा को जनता का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक जनमत संग्रह बन चुका है। विधायक ने कहा कि शिक्षक वर्ग आज की सरकार से निराश है। स्वामी ओमवेश ने कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस चुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न मानते हुए हाजी दानिश को जिताने के लिए पूरी ताकत झोंक देगा। उन्होंने कहा कि हाजी दानिश एक शिक्षित, जमीनी और संघर्षशील प्रत्याशी हैं, जो शिक्षक समाज की हर समस्या को मजबूती से उठाने का साहस रखते हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने बताया कि पार्टी ने बूथ स्तर तक तैयारी कर ली है। सभी कार्यकताओं को शिक्षकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने और मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि हर जिले, हर ब्लॉक में पार्टी की टीम लगातार शिक्षक मतदाताओं के संपर्क में है। विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि इस बार शिक्षक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी ने जोरदार एंट्री की है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज सपा की नीतियों पर भरोसा करता है और आने वाले चुनाव में इसका परिणाम स्पष्ट रूप से दिखेगा। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे बूथ-स्तर पर एकजुट होकर पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाएं।



## दुष्कर्म की रिपोर्ट से आहत युवक ने लगायी फांसी

**बांदा।** मरका थाना के औगासी गांव में रमाकांत पुत्र कैलाश 21 का शव सोमवार सुबह बबूल के पेड़ से लटकता मिला। परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। रमाकांत रविवार की शाम घर से निकल गया और देर रात तक जब वह घर नही लौटा तो उसकी खोजबीन हुई। लेकिन पता नही चला। सुबह घर से डेढ़ किलोमीटर दूर पहुंची मां कमलेशा ने देखा तो रमाकांत का शव बबूल के पेड़ पर गमछे के सहारे खंभे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की मां कमलेशा और बहन ने बताया कि रमाकांत सूरत में रहकर काम करता था। दीपावली में गांव आया था। पड़ोसी युवक ने रमाकांत के खिलाफ छेड़खानी और पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पड़ोसी युवक का कहना था कि रमाकांत ने उसकी बहन के साथ दुष्कर्म किया है। जबकि रमाकांत का कहना था कि यदि उसने दुष्कर्म किया है तो उसका डीएनए टेस्ट कराया जाए लेकिन पड़ोसी युवक मानने को तैयार नही था। बहन ने कहा कि पड़ोसी युवक ने उसे अपने बोर पर बुलाया था। रमाकांत वहां पहुंचा, पड़ोसी ने पहले रमाकांत को शराब पिलाई इसके बाद घसीटकर उसे रमेश तिवारी के खेत ले गया और गमछे से गला कसकर हत्या कर दी। आत्महत्या का रूप देने के लिए रमाकांत को खंभे पर लटका दिया। प्रभारी निरीक्षक मरका ने कहा कि पड़ोसी युवक ने 20 अक्टूबर को रमाकांत के विरूद्ध छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी से आहत उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीएम रिपोर्ट के बाद सही स्थिति का आंकलन हो सकेगा।

## नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष सोनाली जैन का शपथ ग्रहण समारोह आज

**ललितपुर।** दीपावली के पहले सम्पन्न हुये नगर पालिका परिषद के प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष पद के उप चुनाव में नपाध्यक्ष रहीं श्रीमती सरला जैन के असमय निधन उपरान्त उनकी बहू भाजपा प्रत्याशी सोनाली जैन ने विजय हांसिल की थी। शपथ ग्रहण के लिए तारीख का ऐलान किया गया है। नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष सोनाली जैन अभिलाषा आज 4 नवम्बर मंगलवार को तुवन मंदिर के विशाल प्रांगण में अपने पद व गोपनीयता की शपथ लेंगी। शपथ ग्रहण समारोह में अतिथियों के तौर पर सांसद अनुराग शर्मा, प्रभारी मंत्री दानिश अंसारी, राज्यमंत्री मनोहरलाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, एमएलसी रमा निरंजन, शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव शामिल होंगे।

# पीवीसी के बिना ही डाल दी भूमिगत विद्युत लाइनें

**ललितपुर।** पिछले आठ वर्षों से वार्ड नं. 16 आजादपुरा करीमनगर में बिना पीवीसी पाइप के डाली गयी अण्डर ग्राउण्ड विद्युत केबिल हटवाने एवं जल भराव के लिए नाली निकासी की समस्या बनी हुयी है। इस समस्या को लेकर पत्रकार अबरार अली ने डीएम सत्य प्रकाश को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग उठायी। समस्या को काफी गंभीरता से लेते हुये

**● आठ साल से परेशान आजादपुरा करीमनगर के लोगों ने मांगा न्याय**

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को दो दिन के अंदर समस्या निस्तारण किये जाने के लिए निर्देश दिये हैं। डीएम को दिये शिकायती पत्र में पत्रकार अबरार अली ने बताया कि आजादपुरा करीमनगर में गीता सिंह मदनपुर वालों के मकान से राजेन्द्र चैधरी के मकान तक नाली निकासी नहीं होने के कारण गली में जल भराव बना हुआ है। पहले खाली प्लाटों में पानी जमा हो जाता था, लेकिन भवन निर्मित होने के बाद नालियों व बारिश का पानी गलियों से एकत्र होकर खाली पड़े मैदान में एकत्र हो जाता है। हालात तो यह है कि अब विषैले कीड़ों और मच्छरों से लोगों को काफी परेशानी है।

इसके अलावा यह समस्या भी बतायी कि विद्युत विभाग द्वारा बिना पीवीसी पाइप के अण्डर ग्राउण्ड विद्युत केबिल डाल दी गयी है, जिससे करंट फैलने जैसी गंभीर संभावना भी बनी रहती है। पूर्व में इसी वार्ड में अण्डर ग्राउण्ड केबिल से विभिन्न स्थानों पर फैले करंट की चपेट में आकर दो भैंसों सहित कई जानवरों की मौत हो चुकी है। नाली निकासी में बाधक बनी गली के बीच पड़ी विद्युत केबिल भी बड़ी समस्या है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस समस्या का संज्ञान लेकर अण्डर ग्राउण्ड विद्युत केबिल हटवाये जाने एवं जल भराव की समस्या निस्तारण की मांग उठायी है।

## एसपी ने बुजुर्ग महिला की सुनी समस्या, दिया आश्वासन



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने पुलिस कार्यालय में प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई की जा रही थी। जनसुनवाई के दौरान एक 75 बर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी शिकायत लेकर पुलिस ऑफिस में आयीं। उक्त बुजुर्ग महिला को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने उनके पास आकर, सर्वप्रथम उसका हाल-चाल पूंछकर उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना। उक्त बुजुर्ग महिला की पारिवारिक जमीन सम्बन्धी शिकायत थी, जिसको लेकर वह शिकायत करने आयी थीं। पुलिस अधीक्षक ने शिकायत का त्वरित व उचित निस्तारण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। बुजुर्ग महिला ने पुलिस अधीक्षक को हृदय से धन्यवाद और आशीर्वाद दिया। ललितपुर पुलिस के इस कार्य की मौके पर मौजूद आम जन मानस द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

## स्पीडो मीटर से हाई-वे पर बेखौफ भागते वाहनों की हुई जांच

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** ग्राम रोंडा में स्पीडो मीटर से यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बेखौफ होकर अनियंत्रित गति से भाग रहे वाहनों की गति की जांच कर उनके खिलाफ सख्त से कार्यवाही की।यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने कहा कि दो

**नियंत्रित गति से वाहन चलाएं, नियमित गति रोकेगी सड़क दुर्घटनाएं: सीओ**

पहिया, चार पहिया या बड़े वाहन सभी की गति मोटरवाहन अधिनियम के तहत निर्धारित की गयी है।

यह भी एक तथ्य है कि शहरी क्षेत्र, हाई-वे और एक्सप्रेस-वे पर इन गाड़ियों की गति का अलग-अलग मानक भी है। बाजवूद इसके अनियंत्रित गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को सुरक्षित यात्रा के लिए नियंत्रित गति से वाहन चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वाहनों को लोगों की सुविधा अनुसार एक स्थान से दूसरे स्थान तक लोगों को पहुंचाने या फिर सामान ढ़ोने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन लोग समय बचाने के चक्कर में ओवर स्पीडिंग करते हैं, जिससे कई बार सड़क हादसे हो जाते हैं और कभी-कभी यह हादसे काफी गंभीर रूप ले लेते हैं, जिससे कि असमय ही लोग काल के गाल में समा जाते हैं। अनियंत्रित गति से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को ओवर स्पीडिंग से वाहन न चलाने और सुरक्षित यात्रा के लिए और भी जागरूक किया जा रहा है। वहीं उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों से आह्वान किया कि वह ओवर स्पीडिंग व स्टंटबाजी न करें, हेलमेट लगायें और सभी आवश्यक दस्तावेज गाड़ी में साथ रखकर चलें। ओवर स्पीडिंग को लेकर 13 वाहनों के एम.व्ही. एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालानी कार्यवाही की गयी। इस दौरान टीएसआई अब्दुल नफीस, टीएसआई साकेब हाशिमी के साथ यातायात विभाग के अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## विधवा से मारपीट के आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या।** थाना रौनाही क्षेत्र के ग्राम कपासी में बरसात के पानी निकालने को लेकर विधवा मिथलेश दूबे और उनके एकलौते पुत्र रजत दूबे से दबंग युवकों द्वारा की गई मारपीट और जानमाल की धमकी के मामले में अयोध्या पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता मिथलेश दुबे ने इस प्रकरण की शिकायत एसपी ग्रामीण बलवंत चैधरी से की थी। शिकायत मिलने पर एसपी ग्रामीण ने तत्परता दिखाते हुए थाना रौनाही पुलिस को तत्काल प्रभाव से उचित कार्रवाई के निर्देश दिए।निर्देश के अनुपालन में रौनाही पुलिस ने आरोपी युवकों युगल सिंह व दिग्विजय सिंह के खिलाफ बी.एन.एस. की धारा 115(2), 351(3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। मामले की त्वरित कार्रवाई से संतुष्ट पीड़ित परिवार ने अयोध्या पुलिस के प्रति आभार जताया है।

## तालाब में दिखा मगरमच्छ, लोगों का उमड़ा हुजूम



**बांदा।** ओरन कस्बे में तिलहर माता मंदिर तालाब में सोमवार की दोपहर कुछ लोगों ने मगरमच्छ को देखा। मामला फौरन वन विभाग तक पहुंचा। सूचना के बाद भी जब वन विभाग की टीम नहीं पहुंची तो समाजसेवियों ने स्थानीय चैकी में सूचना दी। कस्बा निवासी समाजसेवी मार्तंड द्विवेदी ने बताया कि कुछ लोगों ने तिलहर माता मंदिर के तालाब पर सोमवार की दोपहर मगरमच्छ जैसा जीव देखा। उसकी फोटो खींचकर कस्बे के कुछ लोगों को वायरल कर दिया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ लग गयी। मगरमच्छ देखने से आस-पास हड़कंप मच गया। लोगों ने वन विभाग व ओरन चैकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर ओरन चैकी पुलिस तथा वन विभाग सूचना के दो-तीन घंटे बाद तक नहीं पहुंचे हैं। आसपास दहशत का माहौल है। मगरमच्छ देखने वालों की भीड़ बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर मगरमच्छ जल्दी नहीं पकड़ा गया तो कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

## बारिश से धान की फसल का नुकसान, नहीं हुआ सर्वे



**बांदा।** जिले में बीते दिनों हुई बेमौसम बरसात के चलते धान की खड़ी और कटी फसल को भारी नुकसान हुआ है। फसलों के नुकसान के लिए प्रदेश के राहत आयुक्त डॉ हृषिकेश भास्कर याशोद ने 31 अक्टूबर को जिलाधिकारी को पत्र भेजकर हुई बेमौसम बारिश से फसलों के नुकसान का आंकलन कराकर राहत अनुदान वितरित करने के लिए क्षति का तत्काल आंकलन कराने की अपेक्षा जताई थी। उन्होने प्रभावित क्षेत्रफल, फसल एवं किसानों का व्यौरा निर्धारित पोर्टल पर तत्काल फीड कराने और नियमानुसार सहायता वितरित करने को लेकर 31 अक्टूबर तक की गयी कार्रवाई की अंतरिम आख्या 1 नवंबर तक मांगी थी। धान की फसल के नुकसान के आंकलन के लिए दर्जनों गांवो में अब तक न तो लेखपाल सर्वे के लिए पहुचें और न ही किसी दूसरे विभाग के कर्मचारी पहुंचे। कुलकुम्हारी गांव के किसान विजय, लखन राजपूत, कतरावल के अंबिका राजपूत, लखनलाल, कुरौली गांव के शिवगोपाल, नागेश यादव ने बताया कि धान की फसल का काफी नुकसान हुआ है। बांदा सहकारी क्रय-विक्रय समिति के संचालक और पूर्व सैनिक राकेश बाजपेयी ने भी जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद व जिलाधिकारी को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## बिक्री केंद्रों को लगातार भेजी जा रही खाद

**बांदा।** रबी फसलों की बुवाई के लिए खाद वितरण केन्द्रों में लगातार भेजी जा रही है। सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक सहकारिता अंशल कुमार ने बताया कि सोमवार को 25 मीट्रिक टन डीएपी व 500 मीट्रिक टन एनपीकेएस खाद पीसीएफ गोदाम मवई व फतेहपुर से अनेक वितरण केन्द्रों पर भेजी गयी है। वितरण केन्द्रों में बी-पैक्स पपरेंदा, तिंदवारी, नवीन क्योटरा, जौरही, पीसीएफ, केएसके मंडी बांदा, निवाईच, रामपुर, बिलगांव, खुरहण्ड, सहकारी संघ खुरहंड, बी-पैक्स अतर्रा, ओरन, सिंघपुर, औदहा, छिलोलर, पीसीएफ पखरौली, बी-पैक्स गोखिया, सहकारी क्रय-विक्रय नरैनी, बी पैक्स कालिंजर, केन्द्रीय उपभोक्ता भंडार को डीएपी खाद भेजी गयी है। बांदा के मंडी समिति स्थित उर्वरक बिक्री केन्द्र, डीसीडीएफ, केन्द्रीय उपभोक्ता भंडार, पीसीएफ, सहकारी संघ गिरवां, कालिंजर, तिंदवारी, बी-पैक्स तिंदवारी, खाईंपार, जौरही, चिल्ला, अतर्रा, मुरवल, पनगरा, रामपुर, डढवा मानपुर, व कई सहकारी बिक्री केन्द्रों से डीएपी व एनपीएस का वितरण किया गया। उन्होने बताया कि एचयूआरएल डीएपी 263 मीट्रिक टन शीघ्र ही जिले में पहुंचने वाली है। इफको डीएपी की एक रैक अगले दो दिनों में जनपद को मिलेगी जिसे सीधे रैक प्वाइंट से सहकारी खाद बिक्री केन्द्रों पर भेजा जाएगा। उन्होने कहा कि फास्फेटिक उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और यह बिक्री केन्द्रों पर मांग के अनुरूप नियमित रूप से भेजी जा रही है।

## गंगा बैराज में लगाई यूपीएससी की तैयारी कर रही युवती ने छलांग, तलाश जारी



**बिजनौर।** गंगा बैराज पुल पर एक युवती ने सोमवार की सुबह गेट नंबर 24 से गंगा नदी में छलांग लगा दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों की टीम युवती की तलाश में जुटी हुई है। युवती कानपुर आईआईटी से बीटेक कर चुकी थी और यूपीएससी की तैयारी के लिए मेहनत रही थी।

जानकारी के अनुसार तहसील चांदपुर क्षेत्र के वेद प्रकाश की बेटी ललिता सिंह सोमवार सुबह करीब 6 और 7 बजे के बीच बिजनौर मेरठ मार्ग गंगा बैराज के पुल पर एक छोटी बच्ची के साथ पहुंची। ललिता सिंह ने बच्ची को गेट नंबर 24 पर खड़ा कर गंगा में छलांग लगा दी। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोगो की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर गंगा बैराज पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि ललिता सिंह ने कानपुर से बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी और वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। स्थानीय लोगों ने गंगा बैराज पुल पर ऊंची रेलिंग लगाने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। लोगो का कहना है कि पहले भी कई लोग यहां से कूदकर अपनी जान दे चुके हैं। कुछ समय पहले एक फौजी की पत्नी अपनी बेटी के साथ इसी गंगा बैराज में कूदी थी। घटना के कुछ दिन बाद फौजी ने भी इसी गेट से छलांग लगा दी थी। गंगा बैराज में कूदने वाले फौजी व उसके परिवार का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस और गोताखोरों की टीम सुबह से ही युवती की तलाश में जुटी हुई है।

## सीओ व थाना प्रभारी ने कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेले का किया निरीक्षण



**नगीना, बिजनौर।** कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले मेले का सीओ व थाना प्रभारी नगीना द्वारा मेले स्थल का भ्रमण व निरीक्षण किया गया। सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के दृष्टिगत सभी संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना अंजनी कुमार चतुवेर्दी व थाना प्रभारी अवनीत मान द्वारा बीते दिन नगीना क्षेत्र के ग्राम तिगरी मनकावाला में खो नदी पर लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले के अवसर पर मेला स्थल का भ्रमण व निरीक्षण किया गया। सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के दृष्टिगत सभी संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। खो नदी पर आस पास के ग्रामीण कही दूर न जाकर यहीं पर गंगा स्नान का आनन्द लेते है।

## यातायात माह के अंतर्गत चलाया जागरूकता अभियान




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में यातायात माह नवम्बर के तहत जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा प्राइवेट बस स्टैण्ड पहुंचकर वहां उपस्थित बस चालकों एवं परिचालकों को एकत्रित कर उन्हें सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। वाहन चालकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय किन सावधानियों का पालन किया जाए जिससे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम संभव हो सके। सभी चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई, तथा उन्हें यातायात नियमों से संबंधित जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीरपुर कांटा के मजरे नई बाजार में एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता मिला। सोमवार की सुबह नई बाजार के ग्रामीणों ने अनंतराम पुत्र सुकई उम्र लगभग 47 वर्ष का शव घर के बाहर नीम के पेड़ से लटकता देखा। इस बात की सूचना रौनाही पुलिस को दी। मौके पर पहुंची रौनाही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पूछे जाने पर एस आई कमल सिंह ने बताया कि आज सुबह ग्रामीणों की सूचना के आधार पर मौके पर पहुंच कर देखा गया तो एक अधेड़ का शव उसके कमरे के बाहर नीम के पेड़ से लटकता मिला।

# कृषि संकट और चुनाव

देश में कृषि संकट इतना जटिल, हाहाकारी और करोड़ों किसानों के जीवन को प्रभावित करने वाला है कि इस पर राष्ट्रव्यापी गंभीर विमर्श की जरूरत है। व्यापक विमर्श और सभी हितग्राहियों के सहयोग से आधुनिक खेती की दिशा में बढ़ने की जरूरत है। ऐसी कृषि नीति की जरूरत है जिसमें एक किसान को उसकी लागत और श्रम का समुचित प्रतिफल मिल सके, किसानों की सामाजिक और स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति संवेदनशील व्यवस्था निर्मित हो सके और एक किसान को भी ठीक उसी तरह का प्रतिफल मिले जैसे एक सरकारी या कारपोरेट कर्मी को मिलता है या फिर अन्य व्यवसायों में लगे लोगों को मिलता है। दुर्भाग्य से इस तरह के व्यापक संदर्भ में कभी कृषि की चर्चा नहीं होती है। कृषि से जुड़े जनांदोलन और भी पुरानी सोच के हैं। अधिकांश किसान यूनियन कृषि और किसान हित के प्रति समर्पित होने के बजाय सिर्फ अपने स्वार्थ की रोटियां सेंकते हैं। ऐसे में कृषि को लेकर देश की कोई ऐसी नीति सामने नहीं आ रही है जिसमें समग्र समाधान की झलक हो। हां चुनावी समाधान जरूर होते रहते हैं। जिस राज्य में चुनाव होगा वहां किसान कर्जमाफी, कृषि के लिए फ्री बिजली, किसान सम्मान या कृषि पर अनुदान जैसी कुछ चीजें सामने आती हैं लेकिन इनका कोई गंभीर




असर चुनाव के बाद देखने को नहीं मिलता है। इसलिए कृषि को लेकर चुनावी नीतियों के बजाय समग्र समाधान की जरूरत है ताकि विकसित भारत की यात्रा में कृषि क्षेत्र का भी वाजिब योगदान रहे। किसान आंदोलन देश में कहीं न कहीं होते ही रहते हैं। इसके पीछे भी काफी हद तक चुनावी नीतियां हैं। बिहार में चुनाव है तो किसानों को प्रति एकड़ खेती पर अनुदान की बात की जा रही है। मध्य प्रदेश में चुनाव था तो कर्जमाफी की योजना आ गयी। लेकिन इनका क्या असर होता है यह चुनाव के बाद पता चल जाता है। अभी कुछ दिन पहले महाराष्ट्र में किसान आंदोलित थे क्योंकि चुनाव के दौरान कर्जमाफी, फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद, दिव्यांग किसानों को मानदेय आदि पर जो वायदे किए गए थे, अभी तक अधूरे हैं। उन्हें लागू क्यों नहीं किया जा रहा है? महाराष्ट्र सरकार आर्थिक संकट का रोना रो रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीती 29 अक्टूबर को तुरंत कर्जमाफी से इंकार कर दिया है। फसल बीमा योजना किसानों को बेवकूफ बना रही है। कंपनियां मालामाल हो रही हैं। राज्य सरकार 1 रुपए की जो प्रतीकात्मक किस्त देती थी, उसे भी बंद कर दिया गया है, क्योंकि उससे 5000 करोड़ रुपए की बचत हुई है। लिहाजा किसान एक बार फिर आंदोलित हैं। दरअसल बुनियादी मुद्दा किसान की कर्जमाफी का है। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने 2008 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की रूपरेखा के मुताबिक, किसानों के 72,000 करोड़ रुपये के कर्ज माफ किए थे। इस आंकड़े पर विवाद है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी का दावा है कि कुल 53,000 करोड़ रुपये के कथित कर्ज माफ किए गए। उनमें कई लाभार्थी फर्जी थे अथवा कुछ लोग दिवंगत हो चुके थे, लेकिन उनके नाम पर कर्जमाफी की गई। बहरहाल इस आंकड़े को भी छोड़ते हैं, लेकिन उसके बाद कर्जमाफी एक राजनीतिक फैशन बन गई, लिहाजा राज्य सरकारों ने भी किसानों के कर्ज माफ किए। हम आंकड़ों की पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन यह तय है कि कर्जमाफी के तौर पर सरकारें किसानों की आर्थिक मदद करती रही हैं। आखिर किसान कितने कर्जदार हैं, यह यक्ष प्रश्न किया जाता रहा है? इस गंभीर सवाल को भी समझना चाहिए कि आखिर कब तक सरकारें किसानों की कर्जमाफी करती रहेंगी? महाराष्ट्र सरकार पर भी 2024-25 का कुल कर्ज 8.40 लाख करोड़ रुपये है और इस पर सालाना ब्याज करीब 65000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। ऐसे में किसानों को कर्जमाफी या योजनाओं के झुनझुने में बहकाने के बजाय कृषि संकट के समग्र समाधान की जरूरत है। जब तक कृषि को लेकर समग्र नीति नहीं होगी, किसानों को कितनी सहायता, कितनी सब्सिडी और कितने फायदे देने हैं, यह सभी के लिए नहीं होती, तो सिर्फ चुनावी योजनाएं बनेंगी, तो इससे किसानों का किसी तरह भला नहीं होगा।

---

विचार

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती रहती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

# भारत की बेटियों ने रच दिया इतिहास


विजय कपूर

> आखिरकार बेटियों का निरंतर संघर्ष रंग लाया। इस तरह विश्व क्रिकेट को एक नया चैंपियन मिला और भारतीय महिला क्रिकेट का सुनहरा अध्याय आरंभ हुआ। इस जीत की, कपिल देव के अनुसार, 1983 की जीत से तुलना करना दुरुस्त नहीं है, क्योंकि ये लड़कियां अधिक बेहतर, अधिक स्मार्ट हैं और अगले लेवल का क्रिकेट खेल कर इतिहास रचा है।

कपिल देव (1983), सौरव गांगुली (2002) एमएस धोनी (2007, 2011 व 2013), रोहित शर्मा (2024 व 2025) के बाद अब हरमनप्रीत कौर को भारत के लिए आईसीसी की आठवीं ट्राफी उठाने का गौरव प्राप्त हुआ है, जिनमें से 2002 (श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता, बारिश की वजह से), 2013 व 2025 के खिताब चैंपियंस ट्राफी से संबंधित थे, 2007 व 2024 की जीत टी-20 विश्व कप में थीं और 1983, 2011 व अब 2 नवम्बर 2025 की शानदार कामयाबी ओडीआई वर्ल्ड कप की हैं। ये सभी सफलताएं भारत की क्रिकेट यात्रा में मील का पत्थर साबित हुई हैं। लेकिन जिस प्रकार भारत की बेटियों ने अपना नाम इतिहास में दर्ज कराया है, वह किसी परीकथा से कम नहीं है। लीग स्टेज में तीन मैच हारने पर लग रहा था कि हमारी टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंच पायेगी, लेकिन उसके बाद जो टीम ने असाधारण जोश व जज्बे का परिचय दिया, विशेषकर सेमीफाइनल में 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 339 रन की रिकॉर्ड चेज के दौरान, उससे यह उम्मीद तो प्रबल हो गई थी कि भारत अपना पहला महिला विश्व कप खिताब उठा लेगा, यही हुआ। फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52-रनों के प्रभावी अंतर से पराजित करके अपने सपने को हकीकत का रूप दिया।

दरअसल, लीग स्टेज में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड से लगातार पराजित होने के बाद भारत ने रिकवरी का सिलसिला आरंभ किया अपनी दो सबसे भरोसेमंद बैटर्स- स्मृति मंधाना व प्रतीका रावल की बदौलत, जिन्होंने अपने अपने व्यक्तिगत शतक लगाते हुए न्यूजीलैण्ड के खिलाफ पहले विकेट के लिए दोहरे शतक की रिकॉर्ड साझेदारी की और उसके बाद भारत ने मुड़कर नहीं देखा, खासकर इसलिए कि उसे हर मैच में कम से कम दो खिलाड़ी उल्लेखनीय व प्रभावी प्रदर्शन करने के लिए मिलते रहे, जैसे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध जेमिमा रोड्रिग्स व हरमनप्रीत कौर की शानदार बल्लेबाजी। जेमिमा के नाबाद शतक को सुनील गावस्कर ने महिला क्रिकेट का सर्वश्रेष्ठ शतक बताया, जो उन्होंने देखा और फाइनल जीतने पर




उनके साथ जैमिंग करने का भी वायदा किया।

भारत 2005 व 2017 के बाद तीसरी बार महिला ओडीआई विश्व कप के फाइनल में पहुंचा था और दक्षिण अफ्रीका के लिए यह पहला फाइनल था। इस प्रतियोगिता के इतिहास में यह पहला अवसर था, जब ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड में से कोई भी फाइनल में नहीं पहुंचा था, जबकि ये क्रमशः 7 व 4 बार के विजेता हैं। फाइनल से पहले विश्व कपों में भारत व दक्षिण अफ्रीका की टीमें तीन बार आमने सामने हुई थी और हर बार दक्षिण अफ्रीका ने ही बाजी मारी थी। लेकिन फाइनल का अलग ही दबाव होता है, विशेषकर जब बोर्ड पर अच्छा स्कोर चेज करने के लिए लगा दिया गया हो। गौरतलब है कि ओडीआई व टी-20 के जो पिछले सात विश्व कप हुए हैं (दोनों पुरुष व महिला वर्ग) उनमें छह में (2023 को छोड़कर) पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत दर्ज की थी। इसलिए इसे दक्षिण अफ्रीका की गलती समझना चाहिए कि उसने टॉस जीतकर भारत को पहले खेलने का अवसर दिया, जबकि सेमीफाइनल में उसने इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी करने के बाद 123 रन के विशाल अंतर से हराया था।

## एकदिवसीय क्रिकेट की बनीं सरताज

बहरहाल, फाइनल में भारत की शानदार जीत का सेहरा एक बार फिर दो खिलाड़ियों के सिर बंधा- शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा। शेफाली, जो टीम का हिस्सा नहीं थीं, को प्रतीका रावल के चोटिल होकर व्हीलचेयर पर पहुंचने के कारण सेमीफाइनल व फाइनल में खेलने का अवसर मिला। सेमीफाइनल में तो वह कुछ खास न कर सकीं कि 5 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हो गईं, लेकिन फाइनल की रात को उन्होंने अपने नाम कर लिया, हमेशा के लिए। पहले तो उन्होंने 78 गेंदों पर अपनी चिर परिचित शैली में तेजतर्रार 87 रन की पारी खेली, जिससे भारत अपना स्कोर 298 तक पहुंचा सका। फिर उन्होंने गेंदबाजी करते हुए 36 रन देकर 2 विकेट लिए और मैच का रुख भारत के पक्ष में कर दिया। इस तरह शेफाली ने पांच वर्ष पहले जो एमसीजी में टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारतीय खेल प्रेमियों का दिल तोड़ा था, उसे भुला दिया। उस दिन भारत की उम्मीदें शेफाली पर टिकी हुई थीं, लेकिन वह जल्दी आउट हो गई थीं, जिससे भारत की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई थी और आखिरकार 85-रन से हमारी हार हो गई थी। लेकिन नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में शेफाली ने भारतीय क्रिकेट की महानतम सफलताओं में से एक की पटकथा लिखी और उन्होंने आईसीसी प्रतियोगिता के फाइनल में सबसे कम आयु में अर्द्धशतक लगाने वाली खिलाड़ी बनीं। शेफाली को अपने हरफनमौला खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया और उन्होंने अपना नाम उन भारतीय लीजेंड्स की सूची में दर्ज करा लिया, जो विश्व कपों के फाइनलों में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे हैं- मोहिंदर अमरनाथ (1983), इरफान पठान (2007), एमएस धोनी (2011) और विराट कोहली (2024)। शेफाली के अतिरिक्त फाइनल की जीत का सेहरा दीप्ति शर्मा के सिर भी बंधा। आलराउंडर दीप्ति ने पहले तो बल्ले से प्रभावी अर्द्धशतक (58 रन) लगाया और फिर उन्होंने अपनी फिरकी गेंदों से जादू करते हुए मात्र 39 रन देकर 5 विकेट लिए। दीप्ति का पूरी प्रतियोगिता में ही प्रभावी प्रदर्शन रहा, उन्होंने सर्वाधिक 20 विकेट लिए और उन्हें एकदम सही प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। हालांकि शेफाली व दीप्ति ही विशेषरूप से लाइमलाइट में रहीं, लेकिन व्यक्तिगत प्रदर्शनों के बावजूद क्रिकेट आखिरकार टीम गेम ही है, जो इसके आकर्षण को दोगुना कर देता है। भारत की बेटियां एकजुट होकर टीम की तरह खेलीं, जिसका अंदाजा अमनजोत कौर की फील्डिंग से लगाया जा सकता है। लक्ष्य का पीछे करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने पहले विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी कर ली थी और हरमनप्रीत की समझ में नहीं आ रहा था कि विकेट कहां से आये, तभी अमनजोत ने अकल्पनीय फील्डिंग का प्रदर्शन करते हुए सीधी थ्रो से तज्मिन ब्रिट्ज को रन आउट कर दिया और भारत के लिए विजय के द्वार खोल दिये।

श्रीचरणी को इस विकेट पर खेलना आसान नहीं था और उन्होंने अन्नेके बाश को शून्य पर आउट करके यह साबित भी किया। हालांकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान ने सेमीफाइनल (169 रन) के बाद फाइनल में भी शानदार शतक (101 रन) लगाया, लेकिन भारत ने जो पहले विकेट की साझेदारी तोड़ने के बाद लगातार झटके दिये, उससे दक्षिण अफ्रीका उबर न सका। भारत वर्षों से इसी कामयाबी के लिए प्रयास कर रहा था। 2005, 2017 व 2020 में जीत के मुहाने तक पहुंचने के बावजूद वह विजयरेखा पार न कर सका था। आखिरकार बेटियों का निरंतर संघर्ष रंग लाया। इस तरह विश्व क्रिकेट को एक नया चैंपियन मिला और इस तरह भारतीय महिला क्रिकेट का सुनहरा अध्याय आरंभ हुआ। इस जीत की, कपिल देव के अनुसार, 1983 की जीत से तुलना करना दुरुस्त नहीं है, क्योंकि ये लड़कियां अधिक बेहतर, अधिक स्मार्ट हैं और अगले लेवल का क्रिकेट खेलकर इतिहास रचा है।

---

सोशल मीडिया

हर चुनाव में भाजपा की बी टीम काम करती है, बिहार में तो सी टीम भी काम कर रही है, और पी टीम भी, मुखबिर का साथी खुफिया, पर डूबेगी दोनों की लुटिया अबकी बार। अखिलेश यादव.



लोकतंत्र में हिंसा का स्थान नहीं है, लोकतंत्र में विचारधारा और जन हित के मुद्दों की लड़ाई होती है। बमबारी और गोलीबारी नहीं। सत्ता पोषित अपराधी तांडव मचा रहे। तेजस्वी यादव.



महापुरुषों को सम्मान देकर विरासत का संरक्षण डबल इंजन की सरकार कर रही है। जबकि कांग्रेस राजद और सपा पार्टी जैसे दल विरासत का अपमान करते हैं। -सीएम योगी.



# आनन्द हमारा गोत्र है

अंतर्दृष्टि



आचार्य रजनीश यानी ओशो दुनिया के महान विचारकों में से एक माने जाते हैं। उनका असली नाम चंद्र मोहन जैन था लेकिन लोगों ने उन्हें 'ओशो' बना दिया। ये शब्द लैटिन भाषा के 'ओशनिक' शब्द से लिया गया है जिसका अर्थ है सागर में विलीन हो जाना। ओशो जब तक जिंदा रहे विवादित रहे। कुछ लोगों ने उनके दर्शन को पसंद किया कुछ ने नापसंद। ओशो ही पहले ऐसे गुरु थे जिन्होंने प्रेम के साथ विरोध की बात की। मृत्यु को उत्सव कहा। संभोग को समाधि। आस्तिकता-नास्तिकता की बात की। ओशो ने अपने दर्शन में मृत्यु सिखाने की बात की, जिस शब्द को सुनकर ही रोंगटे खड़े हो जाएं उस पर जश्न मनाने की बात की। प्रेम, परमात्मा, संभोग की बात की। नदियों की तरह बह जाने की बात की। धर्म की बात की। अच्छे शब्दों को सुनना और उसे आत्मसात करना, दोनों में अंतर होता है। खुद को सहज स्वीकार करना इतना आसान कहां? शायद यही वजह है कि लोग ओशो के दर्शन को सुनना पसंद करते हैं फॉलो करना नहीं। वैसे भी खुद को खुरेदना इतना आसान कहां होता है। अगर खबर हो जाए तो एक पल, नहीं तो जमाना लग जाता है।

कहते थे ओशो, 'उत्सव हमारी जाति, आनंद हमारा गोत्र' अब ऐसी बात कोई कहे तो उसे कैसे कोई फॉलो करेगा? जाति तो आधार है लड़ाई का, हम उसे उत्सव कैसे मान सकते हैं। वैसे भी सत्य को स्वीकारना मुश्किल होता है। हलक में अटक जाता है। नीचे नहीं उतरता। बहुत कष्ट होता है। बिल्ली को देखकर कबूतर की तरह आंख बंद कर लेना आसान होता है। हम सबकुछ आसान ही तो चाहते हैं। इसलिए ये दर्शन हजम नहीं होता। बखिया उधेड़ने वाले अब इस शख्स को हम क्या कह कर बुलाएं। आध्यात्मिक गुरु, दार्शनिक, पाखंडी या आलोचक। इन्हीं शब्दों से उन्हें कितनी ही बार बुलाया गया है। हमें सीधी बात सुनने की आदत है और ओशो ने हमेशा उल्टी ही बात कही। फिर कोई कैसे उनका दर्शन फॉलो कर सकता है। ओशो किसी संगठित धर्म में विश्वास नहीं रखते थे। उनका कहना था अगर कोई धर्म जीवन को व्यर्थ बताए तो वो खुद ही व्यर्थ है। जीवन तो आनंद है। उनकी इस बात से पुरी के शंकराचार्य नाराज हो गए थे। कई बार उन्होंने उनका भाषण रुकवाने की कोशिश की। लेकिन आवाज में एक आकर्षण था लोग बड़ी तादात में खुद-ब-खुध खींचे चले आते थे।

**ओशो.**

# हंसते-हंसते फंस गये तो...

व्यंग्यलोक

हंसना बहुत रहस्यमयी कला है। अगर हंसते हुए फंस गए तो यह भारी बला है। पहले हंसे, फिर फंसे और प्यार में धंसे तो यह भारी जलजला है। हर ट्रक-टेंपो पर जीवन का असली भेद वाक्य गुदा हुआ है कि हंस मत पगली प्यार हो जाएगा। अगर कोई पगली हंस जाए तो शर्तिया प्यार हो जाता है। प्यार की दुनिया में पहला कदम धरने के लिए हंसना बहुत जरूरी है। हंसते-हंसते फंसना बहुत जरूरी है। हंसने पर प्यार और फिर वार ही वार। मीरा ने साफ कहा था- 'जो मैं यह जानती, प्रीत करे दुख होय, तो नगर ढिंढ़ोरा पीटती, प्रीत न करियो कोय।' हंसने की इच्छा हो जाए तो इसके लिए शर्मिंदा मत होइए। गंभीर या दुखद अवसरों पर हंसने की इच्छा होनी बहुत स्वाभाविक है, क्योंकि इससे आपको परेशानी में कमी होती महसूस होती है। दूसरों की परेशानी और दूसरों के दुख में ही तो खुद को असली हंसी आती है। अगर आपको बीवी के सामने भूले भटके हंसी आ जाए तो तुरंत उसे रोकिए। आप हंसे नहीं कि फंसे नहीं। आज तक कोई मां का इक लाल, माइक का लाल, माया का दलाल अथवा माई का लाल बीवी के सामने नहीं आ सका है। इसके लिए आप कमरे में किसी एक जगह अपनी नजरें केन्द्रित करके शून्य में प्रायश्चित कीजिए। इस समय जब बीवी आपको ताक रही है तो आपका मुंह से सांस लेना कतई संभव नहीं होगा। तब आप तुरंत अपना मुंह बंद कर लें और केवल नाक से ही गहरी-गहरी सांस लेना शुरू कर दें। यह मंत्र तो आपको पहले ही पता है कि हंसे नहीं कि फंसे नहीं। अगर बीवी के सामने हंसे तो वार होगा और फंसना पक्का तय है। बीवी के सामने असली मंत्र यही है- हंस मत पगले वार हो जाएगा। पड़ोसन के सामने हंसे तो फिर शर्तिया प्यार होगा और फंसना पक्का तय है। प्यार हो या वार फंसना तो पक्का! बेवकूफ लोग होते हैं जो यह कहते हैं कि हंसने से तनाव कम होता है। जिंदगी का असली फंडा है कि अगर आप हंसे तो तनाव बढ़ना पक्का। द्रौपदी ने अंधे का बेटा अंधा कहकर जोरदार कहकहा लगाया था और इसी से एक नया महाभारत पैदा कर दिया था। द्रौपदी की हंसी से वह इंद्रप्रस्थ की जनता फंसी और खुद युद्ध की आग में धंसी। सुलोचना मेघनाथ की पत्नी थी। रणभूमि में मेघनाथ का कटा हुआ सिर पत्नी सुलोचना को देख कर जोर-जोर से हंसने लगा। कहते हैं कि मेघनाथ मरने के बाद ही पत्नी के सामने हंस पाया था। आज के नेताओं और मंत्रियों की चलाकियों के आगे जनता का हंसना दुर्लभ है। फिर आप किस खेत की मूली हैं?


पूरन सरमा

# नक्सलवाद के खिलाफ सरकार की सफलता


सामयिक

सरकार नक्सलवाद के खिलाफ कठोरता से कार्रवाई कर रह है और इसका असर भी अब दिखायी दे रहा है। पूर्व नियोजित प्रयास इस दिशा में बड़ी सफलता दिला सकते हैं। सुरक्षा बलों के सशस्त्र जवान जब सटीक सूचना, सधी हुई रणनीति और पूरी तैयारी के साथ नक्सलियों पर प्रहार करते हैं, तो उनको सफलता मिलती है। बीते अप्रैल महीने में छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुठभेड़ में 29 नक्सलियों की मौत हुई थी। ऐसे पूर्वनियोजित रणनीति से ही देश नक्सली समस्या पर काबू पा सकता है। एक समय था जब देश में नक्सलवाद की समस्या इतनी जटिल हो गयी थी कि करीब-करीब आधे भारत में इनका विस्तार हो गया था। यूपी, बिहार, झारखंड, पं. बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में नक्सली समस्या बहुत गंभीर हो गयी थी। नक्सली आये दिन सुरक्षा बलों पर हमला करने के साथ ही वसूली का रैकेट चलाते।

नक्सलियों की अर्थव्यवस्था वसूली के जरिए चलती है। इनके सेंट्रल कमेटी के मेंबर और नक्सलवाद से प्रभावित पढ़े लिखे लोग शहरों में रहकर चंदा जुटाते हैं, वहीं जंगलों में रहकर नक्सली व्यापारिक प्रतिष्ठानों से वसूली, विकास योजनाओं में कमीशन लेते हैं। इनके प्रभाव वाले क्षेत्र में कोई भी सड़क या अन्य योजना तब तक आगे नहीं बढ़ती जब तक इनको हिस्सा नहीं मिल जाता। इस वसूली और गुप्त चंदे व आर्थिक मदद के जरिए नक्सलियों का बड़ा रैकेट तैयार हो जाता है। जंगल के आसपास के इलाकों से ये लोगों को अपने साथ जोड़कर उनको ट्रेनिंग देते हैं और फिर हिंसक गतिविधियों में धकेल देते हैं। पूर्व में ऐसी भी कई घटनाएं सामने आयी कि जब किसी को अपने अभियान में जोड़ लिया, तो फिर उसका बाहर निकलना कठिन हो जाता है। नक्सली दुनिया से निकलने के लिए भी जान जोखिम में डालना पड़ता है। बहरहाल हाल के एक दशक के दौरान नक्सलवादियों पर सुरक्षा बलों ने जिस तरीके से शिकंजा कसा है उसके कारण नक्सली समस्या काफी हद तक सीमित हो गयी है। अब देश में बंगाल, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, आन्ध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के बामुश्किल बीस-पच्चीस जिलों में ही नक्सली समस्या रह गयी है। हाल के वर्षों में नक्सलियों का बड़े पैमाने पर सफाया हुआ है, नक्सलियों पर सुरक्षा बलों के कठोर प्रहार के कारण बड़ी संख्या में नक्सली नेताओं और उनके कॉडर ने आत्मसर्मपण भी कर दिया है। नक्सलियों का बचा-खुचा दायरा भी सिमट रहा है। यही कारण है कि अब नक्सली बड़ी-बड़ी हिंसक घटनाओं को अंजाम नहीं दे पाते। अन्यथा एक समय ऐसा भी था जब ये सीधे केन्द्रीय बलों पर हमला बोल देते थे और बड़ी संख्या में शहादत की घटनाएं होती थीं।

नक्सलियों की संख्या कम होने और नक्सल प्रभावित क्षेत्र का दायरा घटने के कारण आंतरिक सुरक्षा की स्थिति काफी हद तक मजबूत हुई है। लेकिन देश में अगर एक भी जिला नक्सल प्रभावित है, तो वह भी सरकार को सीधे-सीधे चुनौती है। इसलिए बेहतर यही है कि नक्सलियों पर कठोर प्रहार जारी रखा जाये, वहीं दूसरी तरफ नक्सलियों को आत्म समर्पण के लिए भी प्रेरित किया जाये। वैसे भी जंगलों में जो नक्सली गन उठाकर देश के कानून को और सांविधानिक व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं, वे दरअसल भटके हुए या फिर नक्सलियों के कॉडर द्वारा ब्रेनवॉश किये गये नौजवान हैं। इसलिए बंदूक छोड़कर राष्ट्र की मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं, आम आदमी की तरह जीवन जीना चाहते हैं, तो उनको एक बार मौका देना चाहिए। वैसे सरकार की इस संदर्भ में योजना चल भी रही है। आत्मसर्मपण करने वाले नक्सलियों का सरकार नकदी और रोजगार में मदद देकर उनके पुनर्वास का कुछ प्रबंध करती है। इस तरह की योजनाओं का लाभ भी मिला है। बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। अप्रैल महीने में छत्तीसगढ़ के ही सुकमा जिले में जो नक्सलवाद से सर्वाधिक प्रभावित है, वहां तीन हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। जबकि अप्रैल में कांकेर मुठभेड़ में जिन 29 नक्सलियों के शव बरामद हुए थे उनमें टॉप कमांडर शंकर और ललिता भी था जिस पर 25 लाख का ईनाम था। इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने व टॉप कमांडर के ढेर होने से नक्सली कॉडर को बड़ी क्षति पहुंची होगी। सरकार इनके पुनर्वास, रोजगार और समर्पण के बाद बेहतर भविष्य की गारंटी देती है, तो संभव है समर्पण के लिए बहुत से नक्सली तैयार हो जायें

**- विवेक कुमार.**

## आप की बात

## देश में स्किल डेफिसिट

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

## जरूरी है कानून का डर

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## कंप्यूटर से बच्चो में होगा तकनीकी विकास : डॉ. चक्रवर्ती

**अयोध्या।** इनरव्हील क्लब द्वारा कंपोजिट विद्यालय अटरावां को कंप्यूटर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि आज हम डिजिटल इंडिया की तरफ बढ़ रहे हैं।इनरव्हील क्लब ने विद्यालय को कंप्यूटर देकर बच्चों को तकनीक के क्षेत्र में नई रोशनी दी है, क्लब के इस प्रयास की भूरि भूरि प्रशंशा करते हैं।क्लब की अध्यक्षा निशा गोयल ने कहा कि हम विभिन्न विद्यालय को समय समय पर संसाधन उपलब्ध कराते रहते हैं। विभिन्न पुरूस्कारों से सम्मानित शिक्षिका कुबरा यास्मीन के अनुरोध पर विद्यालय को एक कंप्यूटर प्रदान किया जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता ने कहा विद्यालय में कंप्यूटर प्राप्त होने से निश्चित ही बच्चे लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व तच अनामिका मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में सरिता गुप्ता, ललिता अग्रवाल,स्नेहलता अग्रवाल, ऋचा कौशल , अर्चना वर्मा, अंशु श्रीवास्तव उपस्थित रही ।

# संवेदनशीलता से जनता की शिकायतों को सुनें अधिकारी:निखिल टीकाराम फुंडे

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर की उपस्थिति में तहसील बीकापुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के दौरान व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे गंभीरता व संवेदनशीलता से जनता की शिकायतों को सुनें और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

तहसील बीकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान गौहानी खुर्द विकासखंड तारुन, तहसील बीकापुर के शिकायतकर्ता ने सरकारी इंडिया मार्का हैंडपंप को ठीक कराने की शिकायत की थी, जिसमें जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत को इंडिया मार्का हैंडपम्प को शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता ग्राम कटारी विकासखण्ड बीकापुर ने हल्का लेखपाल की कार्यशैली, लापरवाही व अनियमितता की शिकायत, ग्राम परसावाँ महोला, विकासखंड तारुन में शिकायतकर्ता ने हल्का लेखपाल द्वारा बिना स्थलीय निरीक्षण किये गलत रिपोर्ट लगाने व ग्राम बैंतीकला, विकासखण्ड बीकापुर में शिकायतकर्ता ने बंजर भूमि पर अवैध अतिक्रमण रोकने की शिकायत में जिलाधिकारी ने तहसीलदार बीकापुर को उक्त मामलों की जांच कर न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

इसी क्रम में ग्राम हथिगो विकासखण्ड तारून के शिकायकर्ता ने चकमार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने की शिकायत की थी, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिये। एक अन्य प्रकरण ग्राम कटारी विकासखण्ड बीकापुर के शिकायतकर्ता ने विपक्षी गणों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जाने की शिकायत की थी जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी



से जांच कर न्यायोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने बीकापुर सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 140 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सुबह 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। तहसील दिवस में मुख्यतः राजस्व, भूमि विवाद, जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, पेंशन आदि से संबंधित अधिकतर शिकायतें प्राप्त हुईं, इसके निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी बीकापुर, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, तहसीलदार व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनकर तैयार

अयोध्या। योगी सरकार ने रामनगरी अयोध्या को एक और सौगात दी है। अयोध्या में डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनकर तैयार हो गया है। नौ नवंबर से 26 नवंबर तक अयोध्या प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या धाम में पहली बार उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में जिला क्रिकेट संघ की ओर से नौ नवंबर से टी 20 की तर्ज पर अयोध्या प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में आठ टीम प्रतिभाग करेंगी। सभी टीमों का नाम उत्तर प्रदेश की आठ नदियों सरयू, गंगा, जमुना, बेतवा, हिंडन, चंबल, गोमती व मनोरमा के नाम से होगा, जो हमारी संस्कृति और प्राकृतिक विरासत को दशार्ता है। यह जानकारी जिला क्रिकेट संघ के सचिव मोहम्मद उमेर अहमद ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाली सभी टीमों का चयन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अनुभवी चयनकताओं की ओर से ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा।

एक टीम में 16 सदस्य का चयन होगा जिसमें 11 खिलाड़ी अयोध्या मंडल के और पांच खिलाड़ी अतिथि प्लेयर होंगे जो कि उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले के हो सकते हैं। इस आयोजन से अयोध्या मंडल में क्रिकेट को बढ़ावा मिलेगा। खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। प्रतियोगिता में कुल 29 मैच खेले जाएंगे, जो कलर ड्रेस और सफेद बॉल से खेले जाएंगे।

प्रतियोगिता में सभी ऑफिशियल उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से उपलब्ध कराए जाएंगे। इस प्रतियोगिता का संचालन जय सियाराम ग्रुप आफ कंपनीज और वेलफेयर सोसाइटी की ओर से किया जाएगा। अयोध्या प्रीमियर लीग के ब्रांड एंबेसडर पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ज्ञानेंद्र पांडेय होंगे। जीतने वाली टीम को 11 लाख रुपये और रनर को 5.50 लाख रुपये पुरस्कार दिया जाएगा।

## कोहरे मे सुरक्षित ड्राइविंग के लिए एआरटीओ ने की अपील

**बाराबंकी।** ठड के साथ कोहरे का प्रभाव धीरे-धीरे बढ ? लगा है। हालांकि अभी कोहरे का असर उतना नहीं है। लेकिन वह समय अब दूर नहीं है जब कोहरे व धुंध के कारण यात्रा करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यदि कुछ सावधानियां बरती जाएं तो कोहरे के कोहराम से बचा जा सकता है। उक्त बात सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने शीतलहरी व कोहरे के दौरान सड़को पर होने वाले हादसो से बचाव को लेकर वाहन चालको से अपील करते हुये कही। एआरटीओ ने आगे कहा कि चालक वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें और आपस में बात न करें। तेज गति से वाहन न चलाये और न ही ओवरटेक करे। कोहरे की स्थिति में वाहन मे म्यूजिक बंद रखे। नीद, थकान एंव नशे की हालत मे वाहन न चलाये। धीमी गति व अपनी लेन मे चले। वाहन की हेड़ लाइट को लो बीम पर ही जलाये। फांग लाइट व डी फागर का इस्तेमाल करे। मुड़ने या लेन बदलने से पहले हमेशा इंडिकेटर का इस्तेमाल करें।

## हुतात्मा दिवस पर बजरंग दल ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**बाराबंकी।** विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा हुतात्मा दिवस पर जिला अस्पताल ब्लड़ बैक मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे ब्लड़ बैक प्रभारी डा0 वी0पी सिंह, डा0 राकेश प्रताप, डा0 गौरव, डा0 अर्चना, विनोद कुमार की देख-रेख मे राहुल विक्रम सिंह, अमन मौर्य, रितेश मौर्या, हर्ष, इंद्रेश, अतुल कुमार, अभिषेक गुप्ता, पवन पांडे, अतुल कुमार आदि ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल किया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्र सेवा, धर्म सेवा एवं समाज सेवा में अपना अप्रतिम योगदान देने हेतु सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर नगर मंत्री अभिनव रस्तोगी, साध्वी अर्चना गिरी, राजेंद्र सिंह, ब्रह्म प्रकाश दीक्षित, राहुल कुमार वर्मा, तुलसीराम चैहान, वीरेंद्र यादव, मनीष कनौजिया, प्रिंस कुमार वर्मा, विनय कुमार वर्मा, पवन पांडे, अमन मौर्य, सचिन प्रताप सिंह, हिमांशु चैरसिया आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच।** मिशन शक्ति अभियानके तहत थाना कोतवाली नगर, थाना विशेश्वरगंज, थाना कैसरगंज, थाना रूपईडीहा, थाना दरगाह शरीफ, थाना जरवल रोड, थाना रिसिया, थाना बौण्डी व अन्य थानों में मिशन शक्ति टीम द्वारा भ्रमण कर व चौपाल लगाकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी को महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गयामहिला सुरक्षाः महिलाओं पर हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक किया गया और उनकी समस्याओं का संज्ञान लिया गया।टोल फ्री नंबरः महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 आदि और साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई।सरकारी योजनाएंः उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया।साथ ही मानव तस्करी / बच्चों की तस्करी के संबंध में भी पुलिस टीम द्वारा विस्तार से जानकारी दी गयी तथा संबंधित को बताया गया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों से कैसे सुरक्षित रहा जा सकता है । अंत में महिलाओं को आत्म-रक्षा के सरल तरीके तथा खतरनाक परिस्थितियों से बचने के उपाय भी साझा किए गए ।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

## एएसपी ने विवेचनाओं की समीक्षा की



**बहराइच।** थाना कोतवाली देहात के विवेचकों का अर्दली रूम कर विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई तथा लम्बित विवेचनाओं के त्वरित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा शेष अभियोगों का शीघ्र अनावरण करते हुए बरामदगी/गिरफ्तारी करने के लिए विवेचकों को निर्देशित किया गया।

## लूट की कार जब्त, चार गिरफ्तार



**बहराइच।** जिले की स्वाट व कैसरगंज पुलिस ने चार पहिया वाहन को बुक करा उसे लूटने वाले चार शातिर अपराधियों को सरगना समेत गिरफ्तार किया है । इनके पास से लूटी गई कार व तीन नंबर प्लेट भी बरामद हुई हैं । गिरफ्तार किए गए एक अपराधी के ऊपर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 28 मुकदमे दर्ज हैं । जिले के विशेषरगंज थाना क्षेत्र में स्थित बड़ागांव निवासी प्रवेश कुमार ने चार दिन पहले कैसरगंज कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया था , कि लखनऊ स्थित अवध बस स्टेंड से चार अज्ञात युवकों ने उनकी वैगन आर कार बुक करा बहराइच चलने के लिए कहा जिसके बाद कैसरगंज क्षेत्र में सभी ने उसके साथ मारपीट कर उसे रास्ते में उतार कर कार लेकर फरार हो गए ।

जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने इलाके में लगे सी सी टी वी कैमरे को चेक किया तो उसमें वाहन लुटेरों की तस्वीर कैद हो गई । जिसके बाद पुलिस की टीमें लगातार इन्हें पकड़ने के प्रयास में लगी हुई थी । अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज बृजेंद्र मिश्रा को मुखबिर ने सूचना दी कि वाहन लुटेरे पयागपुर इलाके से होते हुए नटबीर बाबा मंदिर की ओर जा रहे हैं । जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बृजेश उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह , इजलास प्रसाद। सिपाही स्वामीनाथ , विजय , संदीप व अंशुमान के साथ घेराबंदी करते हुए कार को रोक सभी को हिरासत में ले लिया । पुलिस अधीक्षक रामानंद ने बताया कि पुलिस ने गिरोह के सरगना रंजीत कुमार उर्फ मंगलेश समेत उसके तीन अन्य साथी लवकुश मौर्य , दिलीप कुमार व रमा रमन को गिरफ्तार किया है ।

# कार्तिक पूर्णिमा कल, आज अयोध्या में बंद हो जायेगा भारी वाहनों का प्रवेश

**अयोध्या।** आगामी 5 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा स्नान के कारण रामनगरी में चार नवंबर दोपहर 12 बजे से यातायात डायवर्जन लागू हो जाएगा, जो पांच नवंबर की रात भीड़ के खत्म होने तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

गोंडा की ओर से पुराना सरयू पुल होकर लता मंगेशकर चैक आने वाले सभी वाहनों को लोलपुर बाईपास होकर भेजा जाएगा। साकेत पेट्रोल पंप बैरियर से नया घाट व लता मंगेशकर चैक की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। साकेत पुल, बालूघाट मल्टीलेवल, सूर्या पैलेस, और बैकुंठ धाम के पास पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। हनुमानगुफा चैराहा से नयाघाट की ओर वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। सभी वाहन फटिकशिला आश्रम व हनुमानगुफा चैराहा के पास पार्किंग में खड़े किए जाएंगे।रामघाट चैराहा और तपस्वी छावनी से रामपथ की ओर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दीनबंधु नेत्र चिकित्सालय बैरियर से छोटी छावनी से रामपथ की ओर आने वाले सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे और इन्हें काशीराम कॉलोनी परिक्रमा मार्ग से निकाला जाएगा। विद्याकुंड बैरियर से जैन मंदिर की ओर से रामपथ पर जाने वाले वाहन बंद रहेंगे।उदया चैराहा से टेढ़ीबाजार की ओर चार पहिया वाहन नहीं जा सकेंगे। वाहनों को उदया फ्लाईओवर से निकाला जाएगा और गैस गोदाम तिराहा के पास उदया पार्किंग में खड़ा किया जाएगा। रानोपाली तिराहा से टेढ़ी बाजार की ओर दोपहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। ऐसे वाहन रानोपाली क्रॉसिंग से लंगड़वीर चैराहा होकर जाएंगे। टेढ़ी बाजार चैराहा से श्रीराम अस्पताल की ओर वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। वाहन लंगड़वीर फ्लाईओवर होकर जाएंगे। चूड़ामणि चैराहा से टेढ़ी बाजार की ओर जाने वाले वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। वाहन आसिफबाग और गैस गोदाम होकर जाएंगे। गैस गोदाम से काशीराम कॉलोनी, चक्रतीर्थ व राजघाट की ओर वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। वाहनों को उदया फ्लाईओवर से निकाला जाएगा।

## सोहावल तहसील में गरमाया रहा आवारा पशुओं का मुद्दा

**सोहावल-अयोध्या।** तहसील सभागार में सोमवार को उप-जिलाधिकारी सविता देवी की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में लगभग 100 शिकायतकताओं ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। जिसमें सिर्फ 5 शिकायतों का ही निस्तारण मौके पर किया गया। जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा में निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।समाधान दिवस के दौरान आवारा पशुओं का मुद्दा मुख्य रूप से गरमा गया। अर्थर गांव निवासी राम सुरेश सिंह बाबा ने आवारा पशुओं की समस्या को लेकर शिकायती पत्र दिया। इस पर खण्ड विकास अधिकारी अनुपम वर्मा और शिकायतकर्ता के बीच तीखी नोकझोंक हो गई।

# आभूषण और नगदी बरामद, छह गिरफ्तार



**बहराइच।** थाना फखरपुर से बड़ी खबर चोरी के सोने चांदी के जेवर ५०००/ रुपए नगद सहित ६ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस अधिक्षक के कड़े निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधिक्षक रामानंद कुशवाहा के सफल संचालन में फखरपुर थाना प्रभारी ब्रह्मा गौण पुलिस बल के साथ बी एन एस में वादी के घर से चोरी गए सोने चांदी के जेवर के साथ चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया चोरी जेवर खरीदने वाले सोनार सहित दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया थाना प्रभारी फखरपुर ने बताया कि नितिन गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता ग्राम घासीपुर थाना फखरपुर परिवार सहित लड़के का जन्मदिन मनाने बहराइच गए थे इसी दौरान वादी के घर में अभियुक्त द्वारा घुस कर अलमारी बक्से का ताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवरात पचास हजार रूपए नगद चोरी कर ले गए। जिसके संबंध में वादी का उपरोक पंजीकृत मुकदमे में सुराख रस्सी के आधार पर अभियान चला कर अभियुक्त अभय गुप्ता उर्फ.बंटी पुत्र अनिल कुमार गुप्ता ग्राम घासीपुर थाना फखरपुर शेर बहादुर वर्मा उर्फ.प्रधान पुत्र राम सिंह ग्राम आलिया मूसेपट्टी थाना बौंडी सचिन सैनी पुत्र सुखाराम सैनी ग्राम छोटीपुरवा थाना कैसरगंज गोविंद कुमार शुक्ला पुत्र श्रावण कुमार शुक्ला ग्राम माधवपुर फखरपुर अंशुल सोनी पुत्र मनोज कुमार सोनी ग्राम हरीनगर थाना नाका लखनऊ कृष्ण कुमार सोनी उर्फ.गुड्डू सोनी पुत्र शंकरदयाल नि० बालागंज शक्तिनगर थाना ठाकुरगंज लखनऊ को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी गए सोने चांदी के जेवर व पचास हजार रुपए नगद बरामद कर जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों ने पुलिस की भोर भोर प्रशंसा व सराहना करते हुए पुलिस अधिक्षक से पुलिस टीम को पुरस्कृत किए जाने की मांग की है।

# कई वर्ष पूर्व बंद किया गया रास्ता आंदोलन हुए, बस मिला आश्वासन



**बाराबंकी।** शहर से जिला सदर अस्पताल जाने वाले रास्ते पर बने गेट पर लगा ताला क्या कभी खुल पाएगा ? कई वर्षों से समाजसेवियों द्वारा उठाये जा रहे इस विकराल समस्या से क्या आम जनता को निजात मिलेगी ? जाम की स्थिति से जूझता शहर और उस पर शहर के बीचोंबीच से जिला अस्पताल जाने के रास्ते पर कई वर्षों से लटकता ताला क्या कभी खुल पाएगा ? कई ऐसे सवाल है जिनके जवाब देने वाला कोई भी नहीं है ? बस आश्वासन के सहारे उम्मीद की किरण के इंतजार में समाज का अंतिम व्यक्ति गेट खुलने के इंतजार मे है। ऐसा नहीं है कि जिला अस्पताल के गेट को खुलवाने के लिए आंदोलन नहीं हुए है। कई बार समाजसेवियों सहित कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा भी प्रदर्शन कर बंद किए गए गेट को खोलने की माँग कई वर्षों पूर्व की जा चुकी थी। बावजूद आज तक गेट पर लटकता ताला आंदोलन को मुंह चिढ़ाता हुआ दिखाई दे रहा है। उस पर अभी हाल ही में व्यापारियों द्वारा गेट खुलवाये जाने की उठायी गई माँग पर खबर नवीसों द्वारा प्रकाशित की गई खबर की रिलाइटी चेक करने के लिए जब जिला सदर अस्पताल के अधीक्षक से पूछा गया तो उनका कहना था कि अभी कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है ? ऐसे में गेट खुलवाने के दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। आपको बता दे कि कई वर्षों पूर्व शहर के बीचोंबीच बने जिला अस्पताल जाने वाले रास्ते पर गेट लगवा दिया गया था। जबकि दशको से शहरवासी इसी रास्ते से जिला सदर अस्पताल इलाज करवाने व आपात स्थिति मे जाते थे। लेकिन बाद मे अधिकारियो की तानाशाही के चलते इस गेट पर ताला लटका दिया गया। जिसके बाद कई आन्दोलन भी हुये। लेकिन समस्या जस की तस रही। अब ऐसी स्थिति मे आपातकालीन समस्या के दौरान मरीजों को ले जाने के लिये लगभग 2 किलोमीटर के लम्बे सफर के बाद तीमारदार अपने मरीजो को ले जाने के लिये कदम तय करते है। अभी हाल ही मे व्यापारियो द्वारा जिलाधिकारी के सामने इस विकराल समस्या का मुद्दा उठाया गया। जिस पर व्यापारियो की माने तो गेट खुलने का आश्वासन भी उनको मिला है। लेकिन आज तक जिला सदर अस्पताल शहर गेट पर लटकता ताला व्यापारियो के दावे की पोल खोलता हुआ नजर आ रहा है ? इस सम्बन्ध मे जब जिला अस्पताल के अधीक्षक जयप्रकाश मौर्या से बात की गई तो उनका कहना था कि अभी तक कोई भी आदेश गेट खुलवाये जाने के लिये प्राप्त नही हुआ है। आदेश आने पर अनुपालन किया जायेगा।

- व्यापारियो ने की मांग!डी0एम ने दिया आश्वासन,सीएमएस बोले नही मिला आदेश
- क्या कभी खुलेगा शहर से सदर अस्पताल जाने वाले रास्ते पर लगा गेट
- दशको पूर्व शहरवासी इसी रास्ते से जाते थे सदर अस्पताल

## चैरिटेबल ट्रस्ट का रक्तदान शिविर 23 को

अयोध्या। आगामी 23 नवंबर को अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट बड़े पैमाने पर रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा यह निर्णय शहर के गुलाब बाड़ी मैदान देवकली रोड स्थित आई एम ओके रेस्टोरेंट में संपन्न हुई बैठक में लिया गया ब्लड डोनेट कैंप 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को प्रातः 9:00 बजे से ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेन्द्रा के आवास हनुमत सदन बड़ा रमना देवकली रोड कोहिनूर पैलेस चैराहा शहर फैजाबाद अयोध्या में आयोजित किया गया है।

ट्रस्ट के संरक्षक डॉक्टर जावेद अख्तर संरक्षक प्रीतम सिंह संरक्षक राम बहल जी संरक्षक अरविंद कुमार सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में एक आयोजन समिति का गठन किया गया है ब्लड डोनेट कार्यक्रम के लिए ट्रस्ट के सचिव मनीष कुमार मौर्य को संयोजक तथा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष भारती सिंह एडवोकेट को प्रभारी तथा ट्रस्ट के सचिव मंसाराम यादव को सह प्रभारी तथा प्रोफेसर अनंत राम सिंह को सहसंयोजक बनाया गया है कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा उपाध्यक्ष सचिन सरीन उपाध्यक्ष मंजूर खान उपाध्यक्ष नीलम श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष एकता टंडन सांस्कृतिक प्रभारी बबीता पूर्ण सचिव पूनम शर्मा सचिव आरती शुक्लसाहनी राजकुमार जायसवाल सांस्कृतिकअध्यक्षता संजय महेन्द्रा व संचालन महामंत्री प्रतीक वैश्य ने किया।

## ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने लगायी पाठशाला, नियम पालन करने की छात्रों को दिलायी शपथ



**बाराबंकी।** यातायात माह जागरुकता अभियान के तहत नियमों का पालन करने के महत्व को समझाने को लेकर रानी लक्ष्मी बाई स्कूल मे यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने जागरुकता पाठशाला आयोजित की। यातायात प्रभारी श्री यादव ने छात्र-छात्राओ को सीट बेल्ट पहनने, हेलमेट लगाने, ट्रैफिक सिग्नल और गति सीमा का पालन करने और नशे में गाड़ी न चलाने जैसी महत्वपूर्ण बातों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में भी बताया गया ताकि वे खुद को और दूसरों को दुर्घटनाओं से बचा सकें। यातायात प्रभारी ने छात्रो को यातायात नियम जीवन की सुरक्षा के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, इस बात पर जोर देते हुये सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के मंत्र के साथ नियम पालन करने की शपथ दिलाई।

## फोरेंसिक सांइस की भूमिका पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ



**सतरिख, बाराबंकी।** टीआरसी लॉ कॉलेज में फोरेंसिक विज्ञान विश्लेषण और विशेषज्ञ की राय विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ टीआरसी लॉ कॉलेज शासी निकाय अध्यक्ष डा0 सुजीत चतुर्वेदी, लेटेन्ट फारेंसिक धनबाद झारखण्ड के श्री सुयश, सहयोगी नीलेश, कॉलेज प्राचार्य डॉ0 अश्वनी कुमार गुप्ता, एलएलएम विभागाध्यक्ष डा0 अविनाश मिश्र ने माँ वीणापाणि सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। फारेंसिक साइंस विशेषज्ञ सुयश ने सम्बोधित करते हुये कहा कि वर्तमान में तीन नये आपराधिक कानूनों के आने के पश्चात्‌फारेंसिक सांइस एवं फारेंसिक सांइस की भूमिका बढ़ती जा रही है। उन्होने फारेंसिक सांइस के पाँच मूलभूत सिद्धान्तों के की विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर लेटेन्ट फारेंसिक ने टीआरसी लॉ कॉलेज के साथ भविष्य में शैक्षणिक आदान-प्रदान के लिये समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया।

## उ.प्र. बार काउंसिल प्रत्याशियों का दौरा तेज,मांगा प्रथम वरीयता वोट का समर्थन

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल चुनाव की घोषणा होते ही अधिवक्ताओ का जनसम्पर्क अभियान तेज हो गया है। अधिवक्ताओ से प्रथम वरीयता का समर्थन मांगने की अपील भी शुरू हो चुकी है। प्रत्याशियो का लगातार अलग-अलग जनपदो मे चुनावी दौरा भी देखने को मिल रहा है। आज सोमवार को हाइकोर्ट लखनऊ के अधिवक्ता डा0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह यादव ने सिविल कोर्ट बाराबंकी, कलेक्टेªट परिसर, रजिस्ट्री आफिस सहित टैक्स बार एसोसिएशन मे पहुंचकर अधिवक्ताओ से अपने समर्थन मे वोट की अपील की। इस अवसर पर उनके साथ टैक्स बार एसोसिएशन अध्यक्ष पवन कुमार वैश्य, अधिवक्ता रामकुमार यादव, मोनू यादव, शैलेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र पाल मिश्रा, वैध अजय वर्मा, योगेन्द्र सिह वर्मा, सतीश चन्द्र, जगत पाल सिंह, विमलेश कुमार यादव, देवराज यादव, राहुल सरोज, राजा फारुकी, शहादत हुसैन खान आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर काग्रेसियो ने की समीक्षा बैठक

**बाराबंकी।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आगामी स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रुप मे कांग्रेस प्रत्याशी स्नातक एम0एल0सी0 देवमणि तिवारी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक मे जिला क्वार्डिनेटर राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला ने विस्तार रूप से कार्यकर्ताओ को जानकारी देते हुये कहा कि पूरे जनपद से लगभग 4000 स्नातक फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं। प्रथम चरण में और अभी पर्याप्त समय है समय के रहते हुये कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के सहयोग से ब्लाक स्तर पर दूसरे चरण में पांच पांच हजार स्नातक फॉर्म भराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें ब्लाक अध्यक्ष, न्याय पंचायत प्रभारियों द्वारा फॉर्म भराने का कार्य करेगी। प्रत्याशी श्री तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार पूर्व में संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत बाराबंकी का संगठन संघर्षशील ऊजार्वान अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रहा है उससे यह आभाष ही नही पूर्ण विश्वास है कि जनपद बाराबंकी के अन्दर कांग्रेस स्नातक वोट बनाने में अपना रिकॉर्ड बनायेगी।

संक्षेप

## उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम 17 नवम्बर को

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निदेर्शानुसार उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत 17 नवम्बर को राजकीय इंटर कॉलेज मैदान रायबरेली में श्री अन्न महोत्सव, मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग में मिलेट्स से संबंधित क्रियाकलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी, प्रदर्शनी/स्टाल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों/उपभोक्ताओं को दी जानी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु मिलेट्स/पौष्टिक अनाज के उपभोग के प्रति जागरूक किया जाना है, जिसमें समस्त विभागों के प्रगतिशील कृषकों की भागीदारी तथा जनपद के समस्त कृषक उत्पादक संगठनों (एफ०पी०ओ०) के सदस्यों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जानी है।

## बाइक अनियंत्रित होकर पिकअप से टकराई, युवक घायल

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। धर्मराज पाठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास सोमवार शाम एक तेज रफ्तार पल्सर बाइक अनियंत्रित होकर हाइवे पर गिर पड़ी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, शाहपुर लपटा निवासी दारा पुत्र रामरंग (36 वर्ष) शाम करीब साढ़े चार बजे घर से मोतिगरपुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और घिसटते हुए करीब 50 मीटर दूर सुल्तानपुर की दिशा से आ रही पिकअप से जा टकराई। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल सीएचसी मोतिगरपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

## दो गुमशुदा बालिकाओं को सकुशल बरामद किया

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान और मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जयसिंहपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो गुमशुदा बालिकाओं को मात्र 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। थाना क्षेत्र के ग्राम मसीरपुर निवासी अनीता विश्वकर्मा पत्नी पवन कुमार विश्वकर्मा ने कोतवाली में सूचना दी थी कि उनकी पुत्रियां अंशिका विश्वकर्मा (17 वर्ष) और रुनझुन (12 वर्ष) शनिवार की शाम डांट खाने के बाद घर से लापता हो गई हैं। सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और मोबाइल लोकेशन के आधार पर खोजबीन शुरू की।

## न्याय पंचायत मऊ स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं सम्पन्न

महराजगंज रायबरेली। रायबरेली। ब्लॉक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कैड़ावा में न्याय पंचायत मऊ स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित हुई है। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न खेल जैसे दौड़, लंबी कूद, कबड्डी, गोला फेक और खो-खो शामिल रहे। खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कार्यक्रम के नोडल संकुल दयाशंकर अवस्थी प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय मऊ शर्की एवं कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन किया, तत्पश्चात राष्ट्रगान इसके बाद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के नोडल संकुल दयाशंकर अवस्थी ने बताया कि, इन आयोजनों का उद्देश्य छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना और शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहित करना है। आपको बता दें कि, कंपोजिट विद्यालय कैड़ावा में आयोजित संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय मऊ सर्की, दसवंतपुर, बरीबरा, जियापुर, शिवगढ़, मुरैनी, डेपार मऊ, सिकंदरपुर, कंपोजिट विद्यालय कैड़ावा, प्राथमिक विद्यालय मूंग ताल, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मऊ गर्वी समेत 13 विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# स्वच्छता की दिशा में बड़ा कदम

जिला संवाददाता



- अदिति सिंह की पहल पर 225.91 लाख से नाला निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति

रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। सदर विधायक अदिति सिंह की सक्रिय पहल और निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप नगर विकास विभाग द्वारा संचालित सीवरेज एवं जल निकासी योजना के तहत क्षेत्र में नाले के निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना की कुल लागत 225.91 लाख निर्धारित की गई है, जो क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। विधायक अदिति सिंह ने इस स्वीकृति को क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपहार बताते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में उनका प्राथमिक दायित्व यही रहा है कि वे अपने क्षेत्र के लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए उनके सुविधाजनक, स्वच्छ और सुरक्षित जीवन के लिए सतत प्रयास करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह परियोजना उनके निरंतर प्रयासों का परिणाम है, जो क्षेत्र में जलभराव, गंदगी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर करने में सहायक सिद्ध होगी। इस जनहितकारी निर्णय के लिए अदिति सिंह ने उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मंत्री जी ने उनकी प्रस्तावित पहल को तुरंत स्वीकार करते हुए निर्माण कार्य को मंजूरी प्रदान की, जिससे योजना को गति मिली। अदिति सिंह ने कहा, मंत्री जी का यह सहयोग क्षेत्र के विकास में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा। वहीं स्वच्छता और स्वास्थ्य सुधार नाले के निर्माण से क्षेत्र में जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा, जिससे बारिश के मौसम में जलभराव से होने वाली असुविधा और बीमारियों पर अंकुश लगेगा। यह योजना क्षेत्रवासियों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी। सीवरेज एवं जल निकासी प्रणाली के विस्तार से सदर विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा जो स्थानीय निवासियों के दैनिक जीवन को आसान बनाएगा।

अदिति सिंह ने आगे कहा कि यह परियोजना केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होकर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासी जल्द ही इसके लाभ उठा सकेंगे।

रायबरेली सदर के निवासियों ने इस स्वीकृति पर विधायक अदिति सिंह की सराहना की है और इसे विकास की नई शुरूआत बताया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसी योजनाएं न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगी, बल्कि क्षेत्र को स्वच्छ और विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# पुलिस ने 485 वाहनों का किया ई-चालान



रायबरेली। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और बढ़ती दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रायबरेली पुलिस ने यातायात माह के दूसरे दिन व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीम ने जनपद के मुख्य चैराहों व तिराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों और स्वामियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। कुल 485 वाहनों का ई-चालान किया गया, जिनमें काली फिल्म लगे 17 वाहन, बिना हेलमेट के 194 वाहन, दोपहिया पर तीन सवारी या स्टंटबाजी करने वाले 81 वाहन, नो पार्किंग में खड़े 57 वाहन बिना सीट बेल्ट के 33 वाहन, हूटर लगे 14 वाहन, गलत दिशा में चलने वाले 16 वाहन, फाल्टी नंबर प्लेट वाले 23 वाहन, अन्य धाराओं के तहत शेष वाहन षमिल हैं।

## कार्रवाई के साथ-साथ अपनाया गया मानवीय स्पर्श

हेलमेट और सीट बेल्ट न लगाने वाले चालकों को फूल और माला देकर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में इन सुरक्षा उपायों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। अन्य यातायात नियमों का पालन करके ह्यसड़क सुरक्षा जीवन रक्षाह्य के सिद्धांत को अपनाएं और एक जिम्मेदार नागरिक बनें। यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## दो शातिर अपराधी गिरफ्तार, असलहा व गाड़ी बरामद



मुसाफिरखाना, अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मुसाफिरखाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह व उनकी टीम ने शनिवार की देर रात रसूलाबाद जंगल स्थित पानी की टंकी के पास गोकशी की योजना बना रहे अन्तरजनपदीय गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान दोनों आरोपी पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गए। मौके से अवैध असलहे, कारतूस, एक महिन्द्रा जायलो गाड़ी और गोकशी के उपकरण बरामद हुए। क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रसूलाबाद जंगल में कुछ शातिर बदमाश गोकशी की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो तीन व्यक्ति त्रिपाल बिछाकर चाकू, चापड़ और बोरियां निकाल रहे थे। पुलिस को देख दो बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस की आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपी घायल हो गए, जबकि तीसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। घायलों की पहचान सरताज पुत्र हसन जहीर निवासी खानपुर मऊ, महमूदनगर थाना चौक लखनऊ (उम्र 44 वर्ष) और मोहम्मद मुस्तफा पुत्र करम अली निवासी वांसी उत्तर का पुरवा, थाना अंतू जनपद प्रतापगढ़ (उम्र 42 वर्ष) के रूप में हुई। उनके कब्जे से दो तमंचे, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, एक महिन्द्रा जायलो गाड़ी, एक लकड़ी का ठीहा, लोहे का चापड़, चाकू, सूजा, व अन्य उपकरण बरामद हुए हैं।

## रेडीमेड की दुकान में लगी भीषण आग

अमेठी। जगदीशपुर कस्बे में रविवार देर रात एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। हादसे में दुकान में रखा करीब लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना रविवार देर रात करीब दो बजे की है। स्थानीय व्यापारी उमेश कौशल की दुकान में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया और 10 फीट तक लपटें उठने लगीं। आसपास के लोगों ने धुआं उठते देख व्यापारी को सूचना दी। उमेश कौशल ने बताया कि वे रमणीक सिंह के मकान के दूसरे तल पर किराए पर दुकान चलाते हैं। कुछ दिन पहले ही त्योहारी सीजन के लिए नया स्टॉक मंगाया गया था, जो आग की लपटों में पूरी तरह नष्ट हो गया। फर्नीचर और इलेक्ट्रिक उपकरण भी जलकर राख हो गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने बिजली सप्लाई बंद कर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। संकरी गली होने के कारण दमकल कर्मियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लगभग दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग बुझाई जा सकी। आग की गर्मी और धुएं से इमारत भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि आसपास की दुकानों में भी धुआं भर जाने से कपड़े और अन्य सामान खराब हो गया। कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र यादव ने बताया कि आग इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट से लगी थी। समय रहते फायर ब्रिगेड के पहुंचने से बड़ी दुर्घटना टल गई।

# रामसनेही यादव अध्यक्ष व पंकज श्रीवास्तव महामंत्री ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



महराजगंज रायबरेली। तहसील सभागार में महराजगंज बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गौतम सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार तथा सीओ द्वितीय ऋतिक कपूर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मुख्य अतिथि एसडीएम गौतम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बार और बेंच एक ही सिक्के के दो पहलू हैं न्याय व्यवस्था की सुदृढ़ता के लिए दोनों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ता समाज को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अध्यक्ष रामसनेही यादव व महामंत्री पंकज श्रीवास्तव सहित अनेक नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। शपथ ग्रहण के दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं की एकता बनाए रखने और न्याय व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया समारोह का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता द्वारा किया गया तथा अंत में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने सभी अतिथियों एवं अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# कला अभिव्यक्ति ही नहीं समाजसेवा का भी माध्यम

## सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्केच आर्टिस्ट नितिन महादेव को मिला लोक सेवा सम्मान

जिला संवाददाता

रायबरेली। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास के तत्वावधान में चल रहे पुस्तक मेला का दूसरा दिन कला, प्रतिभा और शिक्षा को समर्पित रहा। रविवार को आयोजित इस सत्र में देश और जिले की दो विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। दोनों ने अपने-अपने क्षेत्र में नई मिसाल कायम की हैं। मुंबई के ख्यात स्केच आर्टिस्ट नितिन महादेव यादव को डॉ. राम मनोहर त्रिपाठी लोक सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। नितिन यादव ने अब तक अपने स्केच आर्ट के जरिये 500 से अधिक अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में पुलिस की मदद की है। सम्मान ग्रहण करते हुए उन्होंने कहा- कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की सेवा का भी सशक्त साधन बन सकती है। जब मेरी बनाई तस्वीरों से अपराधी पकड़े जाते हैं, तो लगता है कि मेरी कला ने न्याय में योगदान दिया है ᅠइसी कार्यक्रम में जिले की मेधावी छात्रा



प्रांजलि जायसवाल को शिवानन्द मिश्र लाले सम्मान प्रदान किया गया। प्रांजलि ने इस वर्ष यूपी बोर्ड की कक्षा 12वीं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सम्मान समारोह की रूपरेखा घनश्याम मिश्र ने रखी और मुंबई के पत्रकार अनुराग त्रिपाठी ने सभी का स्वागत किया। संचालन चंद्रमणि वाजपेई ने किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय त्रिपाठी, कर्मचारी नेता रामेंद्र मिश्रा, लेखक डॉ केके पांडेय, श्रीमती किरन शुक्ला, अशोक शुक्ला, यादवेंद्र प्रताप सिंह, शिक्षक नेता शिव शंकर सिंह, अमर द्विवेदी, प्रवेश नारायण सिंह, अनुराग पांडेय, धर्मेंद्र तिवारी, मुन्ना लाल साहू, लंबू बाजपेई, मनोज पांडेय बजरंगदास, विनोद श्रीवास्तव, श्रीमती निरुपमा बाजपेई, हिमांशु तिवारी आदि मौजूद रहीं।

चित्रकला प्रतियोगिता में 100 बच्चों ने किया प्रतिभाग रायबरेली। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मिथ न्यास की ओर से पुस्तक मेला स्थल पर चित्रकला प्रतियोगिता सीनियर एवं जूनियर वर्गों में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के विषय- मेरी प्रिय पुस्तक, मेरे प्रिय लेखक और सुरक्षित यातायात थे। प्रतियोगिता में रायन इंटरनेशनल स्कूल, संशिक्षा क्रिएटिव स्कूल, रामकृष्णा पब्लिक स्कूल, गोपाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज एवं सरस्वती बालिका मंदिर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी बच्चों ने निर्धारित विषय के अनुरूप अच्छे चित्र बनाए हैं।

## अज्ञात बदमाशों ने युवक पर चलायी ताबड़तोड़ गोलियां



अमेठी। जनपद में गोली कांड की बड़ी वारदात सामने आई जहां गांव के बाहर मौजूद एक युवक पर बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी. युवक को चार गोलियां लगी जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए जिला जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है. एएसपी समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल जिला अस्पताल में मौजूद हैं। पूरा मामला जनपद के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के पैंगा गांव का है जहां गांव का रहने वाला अंकित सिंह सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अपने गांव के बाहर मौजूद था तभी बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश मौके पर पहुंचे और अंकित पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी. तीन गोली अंकित के पैर में लगी जबकि एक गोली उसके हाथ में लगी है, घटना को अंजाम देकर बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए, घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अंकित को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# किसानों ने उठाई एमएसपी कानून व मुआवजे की मांग

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। जिले की लंभुआ तहसील के ग्राम बरनी में भारतीय किसान यूनियन (हरपाल गुट) की पंचायत आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता सीताराम यादव ने की जबकि संचालन राजेश यादव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाकियू गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैधरी हरपाल सिंह एवं प्रदेश महामंत्री चैधरी हरेंद्र सिंह अलीगढ़ से आकर उपस्थित रहे। बैठक में बेमौसम वर्षा से धान, तिलहन व दलहन की फसलें बर्बाद होने पर किसानों को मुआवजा देने की मांग की गई। साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानून का रूप देने तथा विद्युत विभाग को निजी हाथों में न सौंपने की जोरदार मांग उठाई गई। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए 13 पदाधिकारियों की घोषणा की गई। राजेश यादव को जिला अध्यक्ष, इंद्रजीत को जिला सचिव, अनुपम तिवारी को लंभुआ तहसील अध्यक्ष, विजय प्रताप सिंह को प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक अध्यक्ष तथा कंचन मौर्य को प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा सीताराम यादव, पवन यादव, सुरेश कुमार, जयप्रकाश मौर्य, प्रमोद, रामचन्द्र निषाद, अमरनाथ व गया प्रसाद मिश्र को भी संगठन में शामिल किया गया। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष चैधरी हरपाल सिंह ने कहा कि 2014 से अब तक देश पर कर्ज बढ़ता जा रहा है और सरकार ने 350 देशों की तुलना में सबसे अधिक टैक्स लगा रखा है। उन्होंने कहा कि यदि 1965 को आधार वर्ष मानकर कृषि उत्पादन का मूल्य तय किया जाए तो गेहूं का मूल्य 6,000 प्रति कुंतल होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में चले किसान आंदोलन के दौरान 13 महीनों में 710 किसानों ने अपनी जान गंवाई। अब सरकार बिजली को निजी कंपनियों के हाथों में सौंपने की तैयारी में है, जिससे किसान वर्ग पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि किसान को अब आंदोलन के माध्यम से ही पूंजीपति शासन से मुक्ति मिल सकती हैं।



# कटका क्लब सामाजिक संस्था ने दिखाई मानवता

## सड़क हादसे में घायल बंदर को दिलाया उपचार



सुलतानपुर (वीओएल)। कूरेभार स्थित स्टेट बैंक के पास एक सड़क हादसे में एक बंदर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत कटका क्लब सामाजिक संस्था को सूचना दी। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने तत्परता दिखाते हुए कूरेभार पशु चिकित्सालय और संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन न उठने पर स्थानीय लोगों ने स्वयं प्राथमिक उपचार शुरू किया।

इसके बाद संस्था की टीम घायल बंदर को जिला मुख्यालय पशु चिकित्सा केंद्र लेकर पहुंची, जहां अधिकारी अनुपस्थित थे। स्थिति की जानकारी मिलते ही संस्था अध्यक्ष ने जिलाधिकारी से संपर्क किया। जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद कुछ ही घंटों में पशु चिकित्सा अधिकारी और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने बंदर का सफल उपचार किया और उसके शरीर पर लगभग 10 टांके लगाए गए। संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने कहा कि सुलतानपुर में पशुओं के प्रति प्रशासन की लापरवाही चिंताजनक है। सूचना देने वालों में अतुल यादव, शिवकुमार धुरिया, मनीष अग्रवाल, अजीत शुक्ला, अनिल गुप्ता, उदय प्रकाश, तौहीद अहमद, अर्जुन यादव और इंसान सेवा ट्रस्ट के भीम ओके शामिल रहे। सभी के सहयोग से घायल बंदर की जान बचाई जा सकी।

## संगठन को सेवा, सहयोग और सम्मान के रास्ते कार्य करना चाहिए : प्रदीप सिंघल



अमेठी। केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज स्थित राजीव गांधी सभागार में आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि समाज में अच्छा माहौल बनाए रखने के लिए संगठन को सेवा, सहयोग और सम्मान के रास्ते निरंतर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नींव हमेशा से सेवा, समर्पण और त्याग पर टिकी रही है। कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य केवल राजनीति करना नहीं, बल्कि समाज में समरसता, भाईचारा और न्यायपूर्ण व्यवस्था स्थापित करना है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अमेठी की कांग्रेस ने हर दौर में संगठन को मजबूत किया है और कार्यकताओं ने हर परिस्थिति में जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को अपनी प्राथमिकता दी है। आपकी सक्रियता, अनुशासन और एकजुटता कांग्रेस की असली पूंजी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं, और संगठन की मजबूती आपके के समर्पण पर निर्भर करती है। प्रदीप सिंघल ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीति हमेशा से जनसेवा और जनकल्याण पर केंद्रित रही है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे जनता के सुख-दुख में सहभागी बनें, समस्याओं के समाधान में सहयोग करें और जनता का विश्वास जीतें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के सम्मान, अधिकार और न्याय की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहे।

# भगवान शिव विश्वास स्वरूप हैं तो मां पार्वती श्रद्धाः डॉ.मिश्र



चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। मानस जागरण समिति प्रतापपुर कमैचा के तत्वावधान में चल रहे त्रिदिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव के पहले दिन वाराणसी से पधारे मानस कोविद डॉ. मदन मोहन मिश्र ने कहा कि भगवान शिव साक्षात विश्वास हैं और मां पार्वती श्रद्धा की मूर्ति। श्रद्धा और विश्वास का यही सम्मिलन शिव-पार्वती विवाह कहलाता है। डॉ. मिश्र ने कहा कि शिव परिवार सामंजस्य और सकारात्मकता का अद्भुत संदेश देता है। गले का सर्प कार्तिकेय के वाहन मोर का भोजन है, सर्प गणेश के वाहन चूहे को खा सकता है, बैल को पार्वती के वाहन शेर से भय हो सकता है, फिर भी भगवान शंकर का परिवार एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि शिव का रूप भले अमंगल प्रतीत होता हो, पर वे स्वयं मंगल के देवता गणेश के पिता हैं। जब श्रद्धा (पार्वती) और वि वास (शिव) से ज्ञान रूपी कार्तिकेय उत्पन्न होते हैं, तब वही तर्क रूपी तारकासुर का अंत करते हैं। जालौन से आईं पंडिता अखिलेश्वरी मानस माधुरी ने माता मैना और पार्वती संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। इस दौरान राम जी रामायणी ने कथा को संगीतमय रूप में प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ भाजपा नेत्री श्रीमती रागिनी मिश्र एवं इंजीनियर विश्वजीत मिश्र ने किया। मौके पर अनिल दुबे, जयशंकर त्रिपाठी, पंकज गोस्वामी, अमृत लाल जायसवाल, सभाजीत मिश्र व जगदंबा प्रसाद पांडेय आदि मौजूद रहे।

# एम. सुंदरम्मा यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित हुई डा. श्रुति अग्रहरि

## भवानीपुर की बेटी ने किया सुलतानपुर और अग्रहरि समाज का नाम रोशन

सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)। सूरापुर जयपुर के प्रसिद्ध उद्यमी एवं समाजसेवी प्रदीप कुमार अग्रहरि की परिश्रमी और मेधावी सुपुत्री डा. श्रुति अग्रहरि ने अपने अदम्य परिश्रम और उत्कृष्ट प्रतिभा से क्षेत्र और समाज का नाम गौरवान्वित किया है। उन्हें इंडियन कॉलेज ऑफ एलर्जी, अस्थमा एंड एप्लाइड इम्यूनोलॉजी द्वारा प्रदान किया जाने वाला प्रतिष्ठित सम्मान एम. सुंदरम्मा यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड प्राप्त हुआ है। सूरापुर की मूल निवासी डा. श्रुति अग्रहरि ने जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज एसमस मेडिकल कॉलेज से एम.बी.बी.एस. की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने राजस्थान में चिकित्साधिकारी (मेडिकल ऑफिसर) के रूप में कार्य किया। वर्तमान में वे लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सा संस्थान से बाल रोग (एम.डी. पीडियाट्रिक) के अंतिम वर्ष की मेधावी छात्रा हैं। डा. श्रुति अग्रहरि ने यह गौरवशाली सम्मान प्राप्त करने के उपरांत इसे अपनी हाल ही में स्वर्गवासी



हुई पूज्य दादी जी को ससम्मान समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके परिवार के संस्कार, प्रेरणा और आशीर्वाद का परिणाम है। उनके इस भाव ने समाज में पारिवारिक मूल्यों और आदर्शों का सुंदर संदेश दिया है। वहीं मदद अभियान वैश्य समाज उत्तर प्रदेश के संस्थापक पंकज गुप्ता ने बधाई दी अग्रहरि फाउंडेशन एक पहल के संस्थापक के केशव अग्रहरि दिल्ली ने बताया कि हमारे समाज में ऐसे बच्चियों की जरूरत है राजकुमार लंभुआ, सत्य प्रकाश अग्रहरि वाराणसी, अनिल अग्रहरी दिल्ली ने बधाई दी। डा. श्रुति की इस उपलब्धि पर सूरापुर, भवानीपुर सहित पूरे अग्रहरि समाज में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि डा. श्रुति ने अपने परिश्रम और समर्पण से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन किया है इसे सूरापुर में अंबे अग्रहरि, संदीप अग्रहरि, वीके अग्रहरि, पवन अग्रहरि, गोलू अग्रहरि, सत्यम अग्रहरि, जयप्रकाश अग्रहरि आदि ने लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की डिजिटल लैब रिपोर्टिंग सुविधा



सुलतानपुर (वीओएल)। बीते शुक्रवार को सीएमओ ऑफिस में सभी सीएचसी प्रभारी और लैब टेक्नीशियन की मौजूदगी में ऑनलाइन रिपोर्टिंग के फायदे बायोकेमेस्ट्री सीबीसी मशीन की ट्रेनिंग लैब में कुछ प्रॉब्लम आए तो उसको रिजॉल्व करने का तरीका बताया गया। अभी तक जिले में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केदो पर मैन्युअल जांच की व्यवस्था है आने वाले दिनों में सीएचसी पर लैब संचालन शुरू होने से लिवर किडनी लिपिड प्रोफाइल आदि टेस्ट से मरीजों को सुविधा मिलेगी। सीएमओ डॉक्टर भारत भूषण बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत योजना संचालित की जा रही है। एसीएमओ ने बताया कि अब आभा कार्ड व्यक्तियों की रिपोर्ट और दवा में मदद करता है। एबीडीएम ट्रेनर अमर सोनकर सेल्स मैनेजर दिलीप यादव, देवेंद्र तिवारी, राहुल जायसवाल, सैफ और हर्ष मौजूद रहे।

संक्षेप

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**आगरा।** थाना सिकंदरा क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, वहीं एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। आगरा से किरावली कोरई लौट रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। दूसरी दुर्घटना में आगरा जा रहें युवक की खडवाई नहर पर दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार की जान चली गई। वहीं दूसरे की हालत गंभीर है। थाना सिकंदरा क्षेत्र में रविवार रात को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों ही घटनाओं से परिजनों में कोहराम मच गया है।

पहली घटना आगरा-मथुरा हाईवे पर रुनकता फुट ओवरब्रिज के समीप हुई, जहां मनीष कुमार (25) निवासी कोरई, किरावली की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मनीष आगरा से अपने घर लौट रहे थे। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। परिवार में माता-पिता के अलावा दो बहनें और पत्नी के साथ दो छोटे बच्चे एक चार माह और दूसरा दो वर्ष का हैं। दूसरी घटना गांव खडवाई नहर के समीप हुई, जहां दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान ज्ञान सिंह (40 वर्ष) निवासी मागरौल जाट के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम गृह भेज दिया है, जबकि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## गोकुल बैराज के पास सड़क हादसे में युवक की मौत

मथुरा। गोकुल बैराज के पास एक युवक की सोमवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। बाकलपुर का रहने वाला रामबीर (25 वर्ष) पुत्र चंदन सिंह कल देर रात्रि लगभग 1 बजे महावन से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। जब वह गोकुल बैराज के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रामबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल मथुरा में भर्ती कराया,

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को भी घटना की सूचना दी तो परिजन भी वहां पहुंच गये।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि रामवीर महावन में रहने वाली अपनी बहिन के घर गया था जहां से वापिस लौटते समय यह हादसा हुआ।

# बार काउंसिल ऑफ इंडिया और बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने रोके बार चुनाव

जिला संवाददाता

**मथुरा।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा दोबारा निर्देश जारी करने के बाद बार एसोसिएशन का चुनाव कराने के लिए धरना दे रहे अधिवक्ताओं के मंसूबे पूरी तरहा विफल होते नजर आ रहे हैं। बार

- बार चुनाव के संभावित प्रत्याशियों और विरोध कर अधिवक्ताओं के मंसूबे हुए विफल

काउंसिल ऑफ इंडिया ने पुनः पत्र जारी करते हुए उत्तर प्रदेश के समस्त बार एसोसिएशन को निर्देश दिए हैं कि किसी भी परिस्थिति में 15 नवंबर से 15 फरवरी तक बार एसोसिएशन के चुनाव नहीं होंगें। इसके बावजूद जनपद के बार एसोसिएशन कार्यालय के बाहर कुछ अधिवक्ता धरना देकर चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। धरना दे रहे अधिवक्ताओं के विरोध को देखकर मथुरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा और सचिव शिवकुमार लवानियां ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया में पत्र भेजकर स्थिति के बारे में बताया। इसके बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने पुनः पत्र जारी करते हुए सख्त निर्देश दिए हैं कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में 15 नवंबर से 15 फरवरी तक किसी भी परिस्थिति में बार चुनाव नहीं कराए जाएंगे। इस संबंध में बार अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया कि धरना दे रहे अधिवक्ताओं के विरोध को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने बार काउंसिल ऑफ इंडिया से पत्राचार किया था। बताया कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने पुनः पत्र जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में 15 नवंबर से 15 फरवरी तक बार चुनाव नहीं कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया के आदेश का मथुरा बार एसोसिएशन पूरी तरहा पालन करेगी। बार चुनाव को लेकर चल रहे धरने से बार चुनाव के संभावित प्रत्याशियों और विरोध कर रहे अधिवक्ताओं के मंसूबों पर पानी फिरता हुआ दिखाई दे रहा है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्देश के बाद बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव ने भी पत्र जारी करते हुए 15 नवंबर से 15 फरवरी के मध्य चुनाव कराने पर रोक लगा दी है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव ने पत्र जारी करते हुए स्पष्ट कहा है कि बार एल्डर्स कमेटी और सभी जिला एवं तहसील एसोसिएशन 15 नवंबर से 15 फरवरी तक चुनाव नहीं कराएंगे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के बाद बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव ने जारी पत्र में निर्देश दिए हैं कि एल्डर्स कमेटी द्वारा माडल बायलॉज के नियमों को दरकिनार करके मनमाने तरीके से 15 नवंबर 2025 से पहले चुनाव कराए जाने का आदेश पारित किया जा रहा है। वहीं मॉडल बायलॉज के नियम 18 में एक माह में चुनाव संपादित कराए जाने का प्राविधान है। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव ने निर्देश दिए हैं कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा विगत 25 अक्टूबर को जारी आदेश के अनुपालन में स्पष्ट रूप से पुनः निर्देश देते हुए कहा है कि 15 नवंबर से 15 फरवरी के मध्य किसी बार संघ का चुनाव नहीं कराया जाएगा। यदि किसी बार संघ में चेयरमैन और एल्डर्स कमेटी द्वारा मॉडल बायलॉज के नियम 18 के तहत 1 माह में ही चुनाव कराया जाना उचित है। इससे परे जाकर बिना अवशेष चंदा जमा कराए, मतदाता सूची पर आपत्ति हेतु बिना समय दिए बिना अतिशीघ्रता व जल्दबाजी में बिना समुचित प्रक्रिया के अवसर दिए, कम समयावधि में चुनाव घोषित किया जाता है तो वह विधि विरूद्ध है, एवं ऐसे सभी चुनाव कार्यक्रम को बार काउंसिल ऑफ इंडिया के उपर्युक्त पत्र के अनुपालन में स्थगित कर दिया है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव ने जारी किए गए पत्र का अनुपालन करने की आख्या बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के ईमेल या डाक के जरिए एक सप्ताह में प्रेषित करते के निर्देश दिए हैं, जिससे कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया को निर्धारित समयावधि में अनुपालन आख्या प्रेषित की जा सके। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देश के बाद बार चुनाव के संभावित प्रत्याशियों और विरोध कर रहे अधिवक्ताओं की मेहनत पर पानी फिर गया है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया और बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देश के बाद स्पष्ट हो गया है कि बार चुनाव 15 फरवरी के बाद ही हो सकेंगे। ऐसी स्थिति में विरोध करना और धरना देना व्यर्थ ही रहेगा।

## महिला को बस ने रौंदा, मौत

**मथुरा।** कोसीकलां थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह बाईपास तिराहे के पास हुये सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।सोमवार सुबह बाईपास तिराहे के पास तेजगति से आती बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार महिला मधु अग्रवाल (48 वर्ष) पत्नी विनोद अग्रवाल निवासी बापू पार्क, राधा कृष्ण मंदिर के पास, थाना कोटला साउथ दिल्ली बस के पहिए के नीचे आ गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा युवक चन्दन पुत्र नवल निवासी बठैनकलां गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। घायल को उपचार के लिए बीपीएल अस्पताल, कोसीकलां में भर्ती कराया गया है। वहीं मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया। बस चालक हादसे के बाद वाहन सहित मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। बताया गया कि मृतका मधु के जीजा का मकान कोसीकलां के केशव कुंज कॉलोनी में है।

## युवक की पानी में गिरकर मौत, मिला शव

**आगरा।** शमसाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जब सड़क किनारे पानी में एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान नगला कली निवासी 30 वर्षीय सूरज पुत्र मुन्नालाल के रूप में हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि सूरज शादी समारोह से लौटते समय शराब के नशे में बाइक से फिसलकर पानी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना इरादत नगर बाईपास तिराहे के पास की है। सुबह राहगीरों ने हेलमेट पहने एक युवक को औंधे मुंह पानी में पड़ा देखा, जिसके पास ही उसकी मोटरसाइकिल भी खड़ी थी। सूचना पर इंस्पेक्टर शमसाबाद पवन सैनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकलवाया। पुलिस जांच में पता चला कि सूरज अपने भाई चंद्रभान की साली की शादी में ग्राम नरीपुरा आया हुआ था। मृतक के भाई ने बताया कि सूरज ने शादी में काफी शराब पी रखी थी और रात में ही अपने बहनोई की बाइक लेकर घर के लिए निकल पड़ा था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। सुबह जब लोगों ने उसका शव देखा, तो परिजनों को सूचना दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए एस.एन. मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। इंस्पेक्टर पवन सैनी ने बताया कि हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। परिवार ने हादसे का कारण नशे में संतुलन बिगड़ना बताया है।

## यातायात माह जागरूकता अभियान के तहत किया जागरूक



**फिरोजाबाद।** यातायात माह जागरुकता अभियान के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद एवं थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा सोमवार को श्रीमती राजेश्वरी देवी निहाल सिंह इंटर कॉलेज मक्खनपुर पर छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं अन्य स्टाफ को यातायात नियमों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर प्रशिक्षित जागरुक किया गया।इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा तुलसी पैलेस थाना दक्षिण क्षेत्रान्तर्गत व्यापार मण्डल के सदस्यों के बीच यातायात एवं साइबर जागरुकता अभियान चलाया गया। जागरुकता अभियान के दौरान व्यापारी बंधुओं एवं आम जनमानस को यातायात नियमों के संबंध में जागरुक किया गया। जनपदीय पुलिस टीम द्वारा पम्पलेट बैनर, पोस्टर रैली नुक्कड़ नाटक आदि द्वारा लगातार जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस द्वारा सभी नागरिकों से अपील की कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करें, नशे में वाहन न चलाएं तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करें।

## महिला ने रात में फांसी लगाकर दी जान

**मथुरा।** थाना कोतवाली क्षेत्र में बीएसए कॉलेज के निकट एक किराये के मकान में रविवार रात एक महिला ने फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि सुबह पति से हुए विवाद के बाद वह मानसिक रूप से परेशान थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान 37 वर्षीय आशना उर्फ आशू पत्नी अजय, निवासी भरतपुर गेट, मथुरा के रूप में हुई है। वह अपने पति और बच्चों के साथ बीएसए कॉलेज के पास किराये के मकान में रहती थीं। परिजनों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते रहते थे, और रविवार सुबह भी उनमें किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। मृतका के बेटे मोनू ने बताया कि सुबह वह नौकरी पर चला गया था।दोपहर में उसकी मां ने फोन कर बताया कि उसके पिता, चाचा, ताऊ, बाबा और दादी घर आ रहे हैं। शाम को जब मोनू घर लौटा और दरवाजा खोला, तो उसकी मां फंदे पर लटकी मिली। उसने तुरंत पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए हैं। सीओ आशना चैधरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और अभी तक मृतका के परिजनों की ओर से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को बड़ी संख्या में न्यू एलनबैरी वर्क्स में मिली नौकरी



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के 43 विद्यार्थियों को न्यू एलनबैरी वर्क्स कंपनी में नौकरी मिली है। प्रसिद्ध आटोमोबाइल कंपनियों के लिए गेयर और शाफ्ट बनाने वाली कंपनी ने संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आफर लैटर जारी करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनकी मेहनत, पढ़ाई के प्रति गंभीरता और लगन की सराहना की है।

कंपनी द्वारा संस्कृति विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट के दौरान संस्कृति विवि के विद्यार्थियों का तीन चरणों में योग्यता परीक्षण करने के बाद 43 विद्यार्थियों को न्यू एलन बैरी वर्क्स लि. में काम करने का मौका दिया है। कंपनी के महाप्रबंधक एचआर प्रोडक्शन बीके खुंटिया ने बताया कि ह्लन्यू एलनबेरी वर्क्सह्ल कंपनी एक मजबूत उद्यमशीलता संस्कृति का लाभ उठाते हुए, भविष्योन्मुखी इंजन और ट्रांसमिशन अनुप्रयोगों के लिए ऑटोमोटिव गियर और शाफ्ट बनाती है। सिद्ध क्षमताओं और ठोस संसाधनों के साथ, पिछले 40 वर्षों में, स्वदेशी मांग को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता पर खरा उतरा है और वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सामने आया है।उन्होंने बताया कि संस्कृति विवि के छात्र-छात्राओं का चयन एक निर्धारित योग्यतापरक चयन प्रक्रिया के तहत हुआ। विवि के विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता परिचय देकर इंटरव्यू क्वालीफाई किया है। इन सभी बच्चों को कंपनी ने नौकरी के लिए चुना है। उन्होंने बताया कि संस्कृति विवि के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के छात्र ओमप्रकाश, प्रदीप, क्रिशन गोपाल, मोहित कुमार, गग्गन, मनोज, भविष्य कुमार, आकाश कुमार, गौरव सिंह, भूपेंद्र, राधारमन, हेमराज, मनीष कुमार, गजेंद्र सिंह, विशाल, भूदेव प्रसाद, प्रेमचंद्र, राहुल राजपूत, आकाश सिंह, प्रिंस राज कौशिक, संजय, गुड्डू यादव, शुभम शर्मा, जयराम, नवीन, विवेक, योगेश, अमन सिंह, ओमप्रकाश शहरीश चंद्र, संदीप, भूदेव शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, भरत, मोहित, प्रदीप को कंपनी ने आफर लैटर प्रदान किए हैं। विवि की सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने चयनित छात्र-छात्राओं को उनके प्लेसमेंट पर बधाई देते हुए कहा कि अपने ज्ञान और कौशल से नियोक्ता कंपनी के विकास में अपना सारा श्रम समर्पित करें।

## शिक्षण संस्थान छात्रवृत्ति पोर्टल का अवलोकन कर लें

**फिरोजाबाद।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025 - 26 में पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के कक्षा 9-10 तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 11-12 के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति आवेदन से लेकर भुगतान तक की कार्यवाही हेतु समय सारिणी निर्गत की गयी थी। जिसके अनुसार विद्यालय स्तर से आवेदन पत्रों को फारवर्ड रिजेक्ट करने की अन्तिम तिथि 06 नवम्बर, 2025 निर्धारित है।

उन्होंने बताया कि, 03 नवम्बर, सोमवार तक कुल 25611 छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्रों के सापेक्ष संस्थान लॉगिन से मात्र 17740 आवेदन पत्रों को अग्रसारित तथा 209 आवेदन पत्रों को रिजेक्ट किया गया है तथा 7662 आवेदन पत्र शिक्षण संस्थानों के लॉगिन पर कार्यवाही हेतु लम्बित है। जनपद में संचालित समस्त ऐसे शिक्षण संस्थानों को सूचित करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि, वे अपने छात्रवृत्ति पोर्टल का अवलोकन कर लें। यदि, संस्थान के छात्रवृत्ति पोर्टल पर किसी भी छात्र/छात्रा का आवेदन पत्र कार्यवाही हेतु लम्बित हो तो, उसे 4 नवम्बर की सांयकाल तक अनिवार्य रूप से परीक्षणोंपरान्त पात्रता की स्थिति में स्वीकृत कर अग्रसारित करें। किसी भी दशा में कोई भी आवेदन पत्र संस्थान के लॉगिन पर लम्बित न रह पायें।

# हिस्ट्रीशीटर ने दरोगा को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, फाड़ी वर्दी

जिला संवाददाता

**आगरा।** हिस्ट्रीशीटर को पकड़न गए दरोगाओं को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। उसकी वर्दी तक फाड़ डाली। पुलिसकर्मियो को दी जान से मारने की धमकी भी दी गई। आगरा के अछनेरा थाना क्षेत्र के गांव साधन में शनिवार रात झगड़े के मामले में हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने पर अछनेरा थाने के दो दरोगा सरताज हुसैन और अतुल कुमार पर हमला बोल दिया। दोनों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटते हुए आरोपी को छुड़ा लिया। बाइक की चाबी निकालकर दरोगाओं को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस दौरान एक दरोगा की वर्दी भी फट गई। दरोगाओं की सूचना पर पहुंची पुलिस फोर्स ने आरोपी के घर दबिश दी, लेकिन कोई नहीं मिला। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव साधन में शनिवार की शाम करीब 7:30 दो पक्षों के बीच हुए विवाद की शिकायत थाने में एक महिला ने की थी। मामले की जांच के लिए एसआई सरताज हुसैन और अतुल कुमार गांव पहुंचे। पूछताछ के बाद कुलदीप उर्फ कल्लड़ को पकड़ लिया। पुलिसकर्मी उसे बाइक पर बैठाकर अपने साथ थाने ले जाने लगे। आरोप है कि तभी कुलदीप का भाई अजीत उर्फ उनिया आ गया। उसने पुलिसकर्मियों की बाइक के आगे अपनी बाइक लगा दी। उसे हटने के लिए कहा तो उसने उनकी बाइक की चाबी निकाल ली। दरोगा ने मना किया तो अजीत धक्कामुक्की करने लगा। बाद में दो और लोग आ गए। वह भी दरोगा से भिड़ गए। दोनों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। खींचतान में एक की वर्दी भी फट गई। आरोपी कुलदीप को छुड़ाकर अपने साथ ले गए। दोनों दरोगा ने फोन करके थाने से अतिरिक्त फोर्स मंगाया। पुलिस ने आरोपी के घर दबिश दी, लेकिन तब तक सभी घर से भाग गए थे। पुलिस को मौके से एक बाइक मिली। उसे कब्जे में ले लिया। डीसीपी पश्चिमी जोन अतुल शर्मा ने बताया कि पुलिसकर्मियों से अभद्रता और सरकारी कार्य में बाधा का केस दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## एनसीसी शिविर में केडेटों से करायी फायरिंग



**टूंडला।** रामसिंह महाविद्यालय नगला सिकंदर में चल रहे 6 यूपी बटालियन एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के आठवे दिन सभी कम्पनिया समायोजित फाइरिंग कराई गई।इस मौके पर ब्रावो कम्पनी प्रथम व अल्फा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूंडला की डा. मनीषा द्वारा महिलाओ संबंधित व हैल्थ रोगों की विस्तार से जानकारी दी गई। तथा ड्रिल कम्पटीशंन का आयोजन हुआ जिसमें अल्फा कम्पनी ने प्रथम व द्वितीय ब्राबो ने स्थान प्राप्त किया। सभी पीआई व एएनओ के बीच टग ऑफ बार सम्पन्न हुआ। इस मौके पर केपीएस चौहान, ज्ञानेश त्रिपाठी, उपेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, देशराज सिंह, रक्षपाल सिंह, सीपी सिंह डीपी सिंह एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

## कारसेवकों की स्मृति में किया दीपदान अयोध्या के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**मथुरा।** श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में 02 नवंबर 1990 को शहीद हुए रामभक्त कारसेवकों की स्मृति में विभिन्न हिन्दू संगठनों द्वारा विश्राम घाट के समीप राजा घाट पर सैकड़ों दीपक प्रज्वलित कर तथा यमुना जी में प्रवाहित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ हिन्दू वादी नेता गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी विहिप नेता आचार्य ब्रजेन्द्र नागर विजय बहादुर सिंह प्रयाग नाथ चतुर्वेदी योगेश उपाध्याय आवा विजय अग्रवाल बंटा ज्योतिषाचार्य पंडित कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी रामदास चतुर्वेदी पूर्व पार्षद रमन बिहारी टंडन आदि ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव द्वारा

कारसेवकों को चुनौती दी गई कि 30 अक्टूबर 1990 को अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा इस चुनौती को स्वीकार करते हुए 30 अक्टूबर को लाखों की संख्या में रामभक्त कारसेवक अयोध्या पहुंचे और रामलला के मन्दिर की गुंबद पर ध्वजा पहरा कर व दर्शन कर मुलायम सिंह यादव का मानमर्दन कर दिया जिससे बौखला कर मुलायम सिंह यादव के आदेश पर 02 नवंबर 1990 को निहत्थे निरपराधी रामभक्त जो कि श्रीराम जय राम जय जय राम का कीर्तन करते हुए रामलला के दर्शन करने के लिए जा रहे थे उनपर अचानक बिना चेतावनी दिए गोलियों की बौछार कर दी गई जिससे अयोध्या की पावन धरती रक्तरंजित हो गई तथा सरयू नदी का जल कारसेवकों के रक्त से लाल हो गया और सैकड़ों की संख्या में रामभक्त कारसेवक शहीद हो गए।

# दो महिलाओं समेत चार ठग गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**आगरा।** सैंया थाना क्षेत्र के कटी पुल के पास पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार ठगों को गिरफ्तार किया है। उनसे 9600 रुपये नकद, सोने की एक चेन और एक पेंडेंट बरामद किया गया है। सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया जा चुका है। नगला मौहरे निवासी बुजुर्ग केदारनाथ 24 अक्तूबर को लादूखेड़ा से अपने घर जाने के लिए सड़क किनारे बैठे थे। तभी एक बाइक सवार उनके पास आया और उन्हें घर तक छोड़ने का प्रस्ताव दिया। इस दौरान अज्ञात बाइक सवार बुजुर्ग की जेब से 23,000 रुपये निकालकर फरार हो गया। पैसे गायब देख केदारनाथ हैरान रह गए। उन्होंने बाइक सवार की तलाश की और जब वह नहीं मिला तो लादूखेड़ा पुलिस चौकी में इसकी सूचना दी। मामले की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी सक्रिय हुए और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में बाइक पर युवक के साथ बुजुर्ग को बैठे देखा गया। एक अन्य घटना में, गांव खगार की निवासी सुनीता देवी विरहरू स्थित अपने मायके जा रही थीं। तेहरा-विरहरू मार्ग पर एक टेंपो में पहले से दो महिलाएं बैठी हुई थीं। टेंपो चालक ने सुनीता को भी बैठा लिया। रास्ते में दोनों महिलाओं ने सुनीता के गले से सोने की चेन और पेंडेंट तोड़ लिया और कुछ दूर जाकर टेंपो चालक ने उन्हें जबरन उतार दिया। जब सुनीता को अपने गले से चेन और पेंडेंट गायब दिखा, तो उन्होंने शोर मचाया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए टेंपो की तलाश शुरू की। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कटी पुल के पास चार ठगों को एक टेंपो में देखा गया। एसओ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी करके दो महिलाओं समेत चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार राजू निवासी एत्माद्दौला, आगरा ने ही बुजुर्ग केदारनाथ से 23,000 रुपये ठगे थे, जिनमें से 9600 रुपये तलाशी में बरामद हुए। वहीं, गिरफ्तार महिला आरोपी रेणु उर्फ भारती निवासी शाहगंज, आगरा, कुसुम और आशीष निवासी सिकंदरा, आगरा से सुनीता देवी की ठगी गई सोने जैसी धातु की चेन और पेंडेंट बरामद किए गए हैं।

## महिला गैंगस्टर नीलम गर्ग पर शिकंजा, पुलिस ने कुर्क की 14 लाख की संपत्ति

**आगरा।** महिला गैंगस्टर नीलम गर्ग की पुलिस ने 14.22 लाख की संपत्ति कुर्क की है। ये कार्रवाई पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त पश्चिमी के आदेश पर थाना खंदौली पुलिस द्वारा की गई। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस नेबड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट की अभियुक्त नीलम गर्ग निवासी नगला गोवर्धन, थाना बरहन की 14,22,000 रुपये की अवैध संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त पश्चिमी के आदेश पर थाना खंदौली पुलिस द्वारा की गई। थाना प्रभारी ने बताया की कुर्क की गई संपत्ति कुल 0.7110 हेक्टेयर कृषि भूमि है। उक्त संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत विशेष न्यायाधीश, अपराध जनित संपत्ति अधिग्रहण न्यायालय, आगरा के आदेश पर कुर्क किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी नीलम गर्ग अपने पति कुलदीप गर्ग उर्फ मोनू व अन्य साथियों के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य करती थी। गिरोह फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से भूमि का फर्जी बैनामा कराने, धोखाधड़ी करने जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त था। पुलिस ने बताया की आरोपी के खिलाफ एत्मादपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट के अलावा दो मुकदमे दर्ज हैं।

# असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों ने जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाए नवाचार



**फिरोजाबाद।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तहत आई.वे. इंटरनेशनल एकेडमी में प्रधानाचार्या नन्दनी यादव एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों की जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका प्रारंभ सिरसागंज नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रंजना गुरुदत्त सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पाण्डेय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह, शिकोहाबाद नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव गुप्ता डॉ गुरुदत्त सिंह, नन्दनी यादव एवं अश्वनी कुमार जैन ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया और सभी नवप्रवर्तकों के नवाचारों का अवलोकन किया एवं उनके नवाचारों की प्रशंसा करते हुए ऐसे अच्छे स्टार्टअप के नवाचारों को विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में अग्रसर करने के लिए प्रेरित किया। तथा, उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान सभी नवप्रवर्तकों का उत्साह वर्धन भी किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन डॉ ओमकार सिंह यादव डॉ नौशाद आलम और विशाल आनंद ने किया।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि, इस विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद के असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों के साथ विद्यालय के कुल 204 छात्र - छात्राओं ने 78 मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें ड्रैगन फ्रूट की खेती, प्राकृतिक खेती, मटका में लौकी उत्पादन जैविक सब्जी उत्पादन ऑटोमैटिक लैंडिंग गियर मशीन, कार्बनिक कीटनाशक क्रिकेट बॉल फैंकने की मशीन हैंडीक्राफ्ट नैनो फर्टिलाइजर वर्मी कंपोस्ट, चिकोरी उत्पादन मोमबत्ती उत्पादन, सोलर आदि नवाचार प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान देवीदयाल द्वितीय स्थान सचिन कुमार राजपूत, तृतीय स्थान लोकेश कुमार एवं पाँच सान्त्वना पुरस्कार क्रमशः राकेश कुमार प्रवेन्द्र कुमार, प्रमोद कुमार, विश्वनाथ सिंह एवं राहिल ने प्राप्त किया। उन्हें प्रमाण पत्र प्रतीक चिन्ह के साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद द्वारा क्रमशः 8000, 5000, 3000, 2000, 2000, 2000, 2000, 2000 रुपये आरटीजीएस के माध्यम से प्रदान किये जाएंगे।

## नशे में धुत फौजी का हंगामा, पुलिसकर्मी से हाथापाई कर फाड़ी वर्दी



**मथुरा।** सदर थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस स्थित एक फौजी ने शराब के नशे में रविवार रात को जमकर उत्पात मचाया। राहगीरों से गाली-गलौच करके मारपीट की। अंडे की ढकेल पलट दी। सूचना पर पहुंची पुलिस कर्मियों से भी हाथापाई कर दी। वर्दी फाड़ दी। चार पुलिस कर्मियों ने उसे संभाला। फिर उठाकर थाने ले गए। पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद उसे सेना के अधिकारियों के सिपुर्द कर दिया।रविवार रात आठ बजे शराब के नशे में एक फौजी सिविल लाइंस स्थित राहगीरों से गाली-गलौच कर रहा था। कुछ राहगीरों ने विरोध जताया तो उनके साथ मारपीट कर दी। पास ही स्थित अंडे की ढकेल के पास पहुंचे शराबी युवक की ढकेल संचालक से कहासुनी हो गई। उसने ढकेल पलट दी। हंगामे को देख आसपास के लोगों ने सदर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर नशे में धुत युवक उनसे भी उलझ गया। उसने एक सिपाही की वर्दी फाड़ दी और धक्का-मुक्की करने लगा। आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और किसी तरह युवक को काबू में किया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर चिकित्सकीय परीक्षण कराया। पूरी घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो गया। सदर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि युवक ने अपना नाम राजन निवासी बिहार बताया है। वह सेना में नौकरी करता है। सेना के अधिकारियों को बुलाकर नियमानुसार युवक को उनके सिपुर्द कर दिया गया।

## आध्यात्मिक ज्ञान और दर्शन का प्रसार करेगा श्री यति गुरुकुल

**वृंदावन।** सनातन संस्कृति के उत्थान और आध्यात्मिक जगत की सेवा के लिए भारतीय दर्शन, कर्मकांड और पुराणों की वैदिक परंपरा का ज्ञान अगली पीढ़ी को प्रसारित करने के लिए खलीफा स्थित अखंड दया धाम के श्री यति गुरुकुल का लोकार्पण सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ।

संतों और समाजसेवियों के सानिध्य में अखंड दया धाम के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज ने श्री यति गुरुकुल का लोकार्पण वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि गुरुकुल परंपरा भारतीय दर्शन और आध्यात्मिक ज्ञान की केंद्र रही हैं। इनका पोषण करना सभी धमार्चार्यों और सनातन प्रेमियों का महत दायित्व है। साध्वी कृष्णानंद ने कहा कि यह गुरुकुलै जो इस महान संस्कृति का प्रचार प्रसार संस्कारवान होकर विश्वव्यापी पटल पर करेंगे।

संक्षेप

## फोनपे ने लॉन्च किया फोनपे प्रोटेक्ट

नयी दिल्ली। फोनपे ने 'फोनपे प्रोटेक्ट' लॉन्च किया है झ यह एक ऐसा सुरक्षा सिस्टम है जिसे यूजर्स को धोखेबाजी वाले ट्रांजेक्शन से बचाने के लिए बनाया गया है। यह नया फीचर यूजर्स को उन नंबरों पर पैसे भेजने से बचने के लिए नोटिफाई करता है जो संदिग्ध हो सकते हैं। जब कोई यूजर ऐसे ट्रांजेक्शन की कोशिश करता है, तो स्क्रीन पर 'फोनपे प्रोटेक्ट' का अलर्ट दिखाई देता है। यह फीचर सुरक्षा कारणों से ट्रांजेक्शन कैंसिल होने पर उसमें शामिल जोखिमों के बारे में भी जानकारी देता है। इस पहल के साथ, फोनपे लाखों भारतीय नागरिकों के लिए सुरक्षित डिजिटल ट्रांजैक्शन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।'फोनपे प्रोटेक्ट' एक ऐसे सिस्टम का उपयोग करता है जो डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्यूनिकेशन के 'फाइनेंशियल फ्रॉड रिस्क इंडिकेटर' फीचर द्वारा चिह्नित संदिग्ध (यानी खतरा वाला) मोबाइल नंबरों और उनसे जुड़े ट्रांजैक्शन का पता लगाकर उन्हें ब्लॉक कर देता है। इफोनपे में, पेमेंट सुरक्षा सबसे ऊपर है, और हमने अपने ग्राहकों को सुरक्षित रखने के लिए कई पहल किए हैं। 'फोनपे प्रोटेक्ट' सुरक्षित वित्तीय सिस्टम बनाने की हमारी सोच को दर्शाता है, जहाँ हर एक ट्रांजेक्शन आसानी और सुरक्षित रूप से किया जा सके।

## टोयोटा ने बनाया मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त

बंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर ज़िले के खटीमा ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने तीन सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, खटीमा उप-जिला अस्पताल, तथा देवरी और चकरपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, में अत्याधुनिक चिकित्सा और सहायक उपकरण स्थापित किए हैं, जिससे लगभग 3 लाख लोगों को लाभ मिलेगा ।यह पहल टीकेएम के वित्त वर्ष 2025-26 के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत कंपनी स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सतत योगदान दे रही है। उत्तराखंड सरकार के साथ हुए समझौता ज्ञापन के तहत शुरू किए गए इस व्यापक कार्यक्रम से राज्यभर में लगभग 3.7 लाख लोगों के लाभान्वित होने की उम्मीद है। खटीमा ब्लॉक में पांच सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से लगभग 3 लाख लोगों को सेवा प्रदान की जाती है।

## स्कोडा की सालाना बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड

बंगलुरु। स्कोडा ऑटो इंडिया के लिए ऐतिहासिक रहा है कंपनी ने भारत में अपने 25 साल पूरे किए हैं। इसी वर्ष के अक्टूबर महीने में ब्रांड ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की, देश में अपनीअब तक की सर्वाधिक वार्षिक बिक्रीका आंकड़ा पार किया। जनवरी से अक्टूबर 2025 के बीच स्कोडा ऑटो इंडिया ने 61,607 वाहनों की बिक्री दर्ज की। यह उपलब्धि कंपनी के अब तक के सर्वश्रेष्ठ तिमाही और अर्धवार्षिक प्रदर्शन के बाद आई है। अक्टूबर 2025 में 8,252 से अधिक यूनिट्स की बिक्रीके साथ स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनीअब तक की सबसे बड़ी मासिक बिक्रीभी दर्ज की है। हमने वर्ष 2025 की शुरूआत भारत में ब्रांड को मजबूती से आगे बढ़ाने और नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के संकल्प के साथ की थी। यह अब तक की सबसे बड़ी बिक्री हमारे स्पष्ट दृष्टिकोण, दृढ़ संकल्प और तेज कार्यान्वयन का प्रमाण है – इन्हीं ने भारत में हमारी प्रगति को नई गति दीहै। हमारा नए और आकर्षक मॉडलों की पेशकश, भारतीय ग्राहकों से जुड़ती हमारी संवाद शैली, 318 ग्राहक टचप्वाइंट्स तक विस्तारित नेटवर्क और नए भौगोलिक क्षेत्रों में उपस्थिति, ये सभी हमारे 25वें वर्ष को भारत में अब तक का सबसे सफल वर्ष बनाने में निर्णायक रहे हैं।

## हिमाचल के बिलासपुर को मिला सीएनजी, पीएनजी नेटवर्क

बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में जिला प्रशासन ने एक व्यापक सीएनजी और पीएनजी नेटवर्क की स्थापना शुरू कर दी है। बिलासपुर के उपायुक्त राहुल कुमार ने सोमवार को बताया कि यह पहल भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा जनता को पर्यावरण के अनुकूल ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने बीपीसीएल को देश भर के 81 जिलों में शहरी गैस वितरण नेटवर्क विकसित करने के लिए अधिकृत किया है।

# सेंसेक्स में 40 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में करीब 40 अंक की तेजी आई जबकि एनएसई निफ्टी 25,700 अंक के ऊपर बंद हुआ। चुनिंदा वाहन और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 39.78 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,978.49 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 84,127 अंक तक गया तथा नीचे में 83,609.54 अंक तक आया। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 14 लाभ में रहे, जबकि 16 में गिरावट दर्ज की गयी। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 41.25 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 25,763.35 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, नए घरेलू संकेतों के अभाव और विदेशी पूंजी निकासी के कारण उच्चस्तर पर मुनाफावसूली से बाजार सीमित दायरे में रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा सबसे अधिक लाभ में रही। अक्टूबर के बिक्री आंकड़ों के बाद कंपनी का शेयर 1.7 प्रतिशत चढ़ा। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) में 1.69 प्रतिशत की तेजी आई। इटर्नल, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 3.37 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और टाइटन के शेयर भी नीचे आए। घरेलू बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। नए घरेलू संकेतों के अभाव में उच्चस्तर पर मुनाफावसूली देखी गई। तिमाही नतीजों के बाद से बाजार का प्रदर्शन बेहतर रहा है। निवेशक अल्पावधि से मध्यम अवधि के नजरिये को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी आय और बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता के कारण सावजनिक क्षेत्र के बैंकों से जुड़ा सूचकांक निवेशकों के लिए पसंदीदा बना रहा। इसके विपरीत, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर कम किए जाने की उम्मीदें कम होने के बीच आईटी शेयरों में गिरावट आई, जबकि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्धविराम ने सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की मांग को कम किया है। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.71 प्रतिशत और मझोली कंपनियों का मिडकैप 0.62 प्रतिशत चढ़े। सोमवार को बाजार स्थिर रहे और निफ्टी-50 लगभग स्थिर रुख के साथ 25,763.35 अंक पर बंद हुआ।

# सुरक्षित निवेश की मांग घटने से सोना 300 रुपये टूटा, चांदी मजबूत



नयी दिल्ली। मजबूत डॉलर और कम होती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों की सुरक्षित निवेश की मांग कम होने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर ।,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रही।

अखिल भारतीय दिल्ली सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। शुक्रवार को यह ।,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को ।,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, चांदी शुक्रवार के बंद भाव ।,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम से ।,000 रुपये बढ़कर ।,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत बढ़कर 99.89 पर पहुंच गया, जिससे सर्राफा कीमतों पर दबाव पड़ा। अंर्ताष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,000 डॉलर से नीचे 3,996.77 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि हाजिर चांदी मामूली गिरावट के साथ 48.64 डॉलर प्रति औंस पर रही। सोने की कीमतें सोमवार को 4,000 डॉलर प्रति औंस से नीचे गिर गईं, जो पिछले सत्र की गिरावट को और बढ़ाती है। इसका कारण ब्याज दर में और कटौती की उम्मीद सीमित होने और अमेरिका-चीन व्यापार समझौते के बाद सुरक्षित निवेश की मांग कम हो गई। इस बीच, चीन ने सोने की बिक्री पर लंबे समय से चली आ रही कर प्रोत्साहन राशि को हटा दिया है।

# केरल की नयी योजनाएं चुनावी लाभ के लिए नहीं

तिरुवनंतपुरम। केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा घोषित नई सामाजिक कल्याण योजनाएं चुनावी लाभ के लिए नहीं, बल्कि लोगों के प्रति जिम्मेदारी की भावना से शुरू की गई हैं।

मंत्री ने कहा कि ये घोषणाएं राज्य के लोगों के प्रति वामपंथी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार हर साल केंद्रीय कोष में लगभग 50,000 करोड़ रुपये की कटौती करके राज्य के खजाने को कम कर रही है, हालांकि इसके बाजवूद कल्याणकारी पहल जारी रहेंगी। बालगोपाल ने पीटीआई-वीडियोज के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि विपक्षी कांग्रेस को इन योजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि पिनाराई विजयन सरकार ने अपने सभी वादे पूरे किए हैं।

उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं की घोषणा मंत्रिमंडल में विस्तृत चर्चा और उनकी व्यवहार्यता सुनिश्चित करने के बाद की गई है। इन योजनाओं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि, योजना कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि और नौकरी चाहने वाले वंचित छात्रों और महिलाओं के लिए विशेष भत्ता शामिल है।

# त्योहारी खरीदारी से अक्टूबर में यूपीआई से रिकॉर्ड 27.28 लाख करोड़ का लेनदेन

नयी दिल्ली। त्योहारी मौसम के समय खरीदारी बढ़ने से एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) के जरिये रिकॉर्ड लेनदेन किया गया। अक्टूबर में कुल 20.7 अरब यूपीआई लेनदेन हुए जिनका मूल्य 27.28 लाख करोड़ रुपये रहा। यूपीआई का संचालन करने वाले भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मूल्य के आधार पर यह अबतक का सबसे उंचा आंकड़ा है। इससे पहले मई, 2025 में 25.14 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लेनदेन हुआ था, जबकि मात्रा के लिहाज से पिछला उच्चस्तर अगस्त में 20 अरब लेनदेन रहा था। एनपीसीआई के अनुसार, अक्टूबर, 2024 की तुलना में इस साल अक्टूबर में यूपीआई लेनदेन का मूल्य 16 प्रतिशत बढ़ गया। वहीं मासिक आधार पर यह वृद्धि 9.5 प्रतिशत रही, क्योंकि सितंबर में लेनदेन मूल्य 24.90 लाख करोड़ रुपये और मात्रा 19.63 अरब रही थी।

दशहरा और दिवाली के इस त्योहारी माह में यूपीआई से प्रतिदिन औसतन 66.8 करोड़ लेनदेन हुए जिनका औसत दैनिक मूल्य 87,993 करोड़ रुपये रहा। त्योहारी मौसम जैसे व्यस्त बिक्री समय में यूपीआई लेनदेन का लगातार बढ़ना भारत की डिजिटल अवसंरचना की मजबूती और वास्तविक समय में भुगतान संपन्न करने की उसकी क्षमता को दर्शाता है। यह भी बताता है कि डिजिटल भुगतान का व्यवहारगत परिवर्तन अब शहरों से लेकर भारत के गांवों तक मजबूती से स्थापित हो चुका है। फिलहाल देश में होने वाले कुल डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत है। वहीं वैश्विक स्तर पर वास्तविक समय में होने वाले डिजिटल भुगतान में यूपीआई का हिस्सा करीब 50 प्रतिशत है।

यूपीआई इस समय सात देशों-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस में संचालित है। फ्रांस में इसकी शुरुआत यूरोप में यूपीआई के पहले कदम के रूप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

# भारत-बहरीन ने महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की

नयी दिल्ली। भारत और बहरीन ने सोमवार को एक महत्वाकांक्षी व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करने और एक निवेश समझौते पर हस्ताक्षर करने के करीब पहुंचने की घोषणा की।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बहरीन के अपने समकक्ष अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अलजयानी के साथ आपसी संबंधों को और व्यापक बनाने के लिए बातचीत की। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने दोहरा कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) के लिए बातचीत शुरू करने को एक साझा समझ विकसित करने पर भी सहमति जताई। अधिकारियों ने कहा कि इससे दोहरे कराधान को खत्म करने, कर निश्चितता बहाल करने और व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। अलजयानी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे। वह एक ऐसे वक्त में व्यापार, निवेश और रक्षा क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं, जब पश्चिम एशिया भू-राजनीतिक तनाव का सामना कर रहा है। जयशंकर ने बैठक के दौरान अपने उद्घाटन भाषण में गाजा शांति योजना के लिए भारत के समर्थन को दोहराया और उम्मीद जताई कि इससे क्षेत्र में संघर्ष का एक स्थायी समाधान निकलेगा। जयशंकर और अलजयानी ने रक्षा, सुरक्षा, आर्थिक, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, वित्त प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

# रुपया पांच पैसे कमजोर होकर 88.75 पर बंद



मुंबई। रुपया में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और सोमवार को यह डॉलर के मुकाबले पांच पैसे कमजोर होकर 88.75 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो इसके सर्वकालिक निम्नतम स्तर के करीब है। डॉलर की मजबूती और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण रुपये में यह गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच रुपये को निचले स्तरों पर समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 88.73 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और 88.80 के निचले स्तर तक चला गया। कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 88.75 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से पांच पैसे की गिरावट दर्शाता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल के आक्रामक रुख के बाद, रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले एक पैसे की गिरावट के साथ 88.70 पर बंद हुआ था। एक दिन पहले बृहस्पतिवार को यह 47 पैसे टूटा था। घरेलू मुद्रा 14 अक्टूबर को डॉलर के मुकाबले 88.81 के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुई थी। मजबूत डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में व्यापक मजबूती के बीच भारतीय रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर के करीब पहुंच गया। हालांकि, सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों ने गिरावट को कम किया। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक का कोई हस्तक्षेप भी रुपये को समर्थन दे सकता है। उन्होंने कहा, डॉलर-रुपये का हाजिर भाव 88.50 से 89.10 के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.13 प्रतिशत बढ़कर 99.75 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.02 प्रतिशत गिरकर 64.76 डॉलर प्रति बैरल रह गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 39.78 अंक बढ़कर 83,978.49 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 41.25 अंक बढ़कर 25,763.35 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 6,769.34 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री की।

# 300 अरब डॉलर की हो सकती है भारत की जैव-अर्थव्यवस्था

नयी दिल्ली। देश की तेजी से बढ़ रही जैव-अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक 300 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंच सकती है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

किसी भी देश की जैव-अर्थव्यवस्था में कृषि, वानिकी, मत्स्य और जलीय कृषि समाहित होते हैं। रिपोर्ट कहती है कि किसी भी देश की संप्रभुता के लिए एक मजबूत कृषि प्रणाली बहुत जरूरी है क्योंकि यह खाद्य सुरक्षा की मूलभूत गारंटी सुनिश्चित करती है। कृषि के नए स्वरूप पर केंद्रित इस रिपोर्ट के मुताबिक, कृषि का तकनीकी रूपांतरण भारत के वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के केंद्र में प्रमुख भूमिका निभाएगा। रिपोर्ट में कहा गया, खाद्य उत्पादन से आगे बढ़ते हुए भारत की कृषि प्रणाली आर्थिक वृद्धि का एक मजबूत इंजन बनने की क्षमता रखती है। तेजी से बढ़ रही जैव-अर्थव्यवस्था के 2030 तक 300 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, हम खेती के हर चरण में प्रौद्योगिकी को समाहित करने वाली एक सहज पारिस्थितिकी तैयार कर रहे हैं। ये नवाचार किसानों को फसल रोगों से निपटने, उत्पादकता बढ़ाने और नई पीढ़ी के बीजों व उपकरणों को अपनाने में मदद कर रहे हैं जिससे लागत घट रही है। डिजिटल एकीकरण केवल दक्षता बढ़ाने का माध्यम नहीं है, यह किसानों को सशक्त भी बना रहा है। रिपोर्ट में जलवायु-प्रतिरोधी बीज, सटीकता-आधारित कृषि, डिजिटल ट्विन्स, एजेंटिक एआई और उन्नत मशीनों के इस्तेमाल जैसी अग्रणी प्रौद्योगिकियों के जरिये उत्पादकता, स्थिरता और आय में वृद्धि का रणनीतिक दृष्टिकोण पेश किया गया है। भारत में कोई भी दो किसान समान नहीं हैं, इसलिए प्रौद्योगिकी को भी यह विविधता ध्यान में रखते हुए ढाला जाना चाहिए। असली प्रभाव उस समय आएगा जब समाधान छोटे किसानों से लेकर वाणिज्यिक कृषकों तक, सबकी जरूरतों के हिसाब से तैयार किए जाएं। रिपोर्ट में किसानों को तीन वर्गों- आकांक्षी (7080 प्रतिशत), संक्रमणकालीन (1520 प्रतिशत) और उन्नत (12 प्रतिशत) में बांटकर उसके हिसाब से व्यावहारिक समाधान सुझाए गए हैं।

## पेज एक का शेष

### तेलंगाना,

अविनाश मोहंती ने बताया कि दुर्घटना में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण जांच के बाद पता चलेगा। तेलंगाना के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने चेवेल्ला स्थित उस सरकारी अस्पताल का दौरा किया, जहां दुर्घटना के पीड़ितों को भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में 19 लोग मारे गए हैं। राज्य सरकार मृतकों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि देगी। उन्होंने बताया कि टीजीएसआरटीसी की ओर से मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि भी दी जाएगी। बस कंडक्टर के अनुसार, दुर्घटना के समय बस में 72 यात्री सवार थे। बस तांडूर से हैदराबाद जा रही थी। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने दुर्घटना को लेकर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ टेली-कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक की। उन्होंने कहा कि सरकार घायलों को उन्नत चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगी और मृतकों के परिवारों को शवों के अंतिम संस्कार में भी सहायता प्रदान करेगी। सरकार ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। वहीं, राजस्थान की राजधानी जयपुर के हरमाड़ा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक भयावह सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। लोहा मंडी रोड नंबर 14 पर तेज रफ्तार डंपर ने 300 मीटर तक बेकाबू होकर कई गाड़ियों को रौंद दिया, जिससे मौके पर 13 लोगों की मौत हो गई और 15 से अधिक घायल हो गए, जिनमें से आठ की हालत गंभीर है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद गाड़ियां परस्पर टकराकर क्षतिग्रस्त हो गईं और सड़क पर चीख-पुकार मच गई। हादसे को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया कि जयपुर, राजस्थान में हुई दुर्घटना में लोगों की मौत से दुःखी हूं। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग शीघ्र स्वस्थ हों। प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50हजार रुपये दिए जाएंगे। पुलिस के अनुसार, हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब डंपर खाली अवस्था में हाईवे पर चढ़ने की कोशिश में था। तभी अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया और वह बेकाबू होकर सड़क पर चल रहे वाहनों और राहगीरों को कुचलता चला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि डंपर लगभग 300 मीटर तक लोगों और गाड़ियों को रौंदता हुआ आगे बढ़ा, जब तक कि वह एक बड़े डिवाइडर से टकराकर रुका नहीं। टक्कर के बाद घटनास्थल पर चारों ओर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। घायल लोग सड़क पर तड़प रहे थे और वाहन बुरी तरह मलबे में तब्दील हो गए थे।

### पप्पू,टप्पू

निशाना साधते हुए योगी ने कहा, राजद ने बिहार की पहचान छीन ली थी। राज्य की खोई हुई गरिमा वापस लाने के लिए बिहार की जनता नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन की राजग सरकार चुनने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राजग सरकार विकास और विरासत के साथ-साथ समृद्धि और सुरक्षा के लिए काम कर रही है। योगी ने यह भी कहा कि कांग्रेस और राजद ने डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान किया, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबासाहेब से जुड़े पांच स्थलों का विकास कराया। उन्होंने विपक्षी दलों पर जयप्रकाश नारायण के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा, इन दलों ने उनकी आखिरी इच्छा, उनकी पत्नी के नाम पर सिताब दियारा में अस्पताल निर्माण को पूरा नहीं किया। लेकिन हमारी डबल इंजन सरकार ने उसे पूरा किया। योगी ने दावा किया कि कांग्रेस ने बाबू जगजीवन राम को प्रधानमंत्री बनने नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया, राजद शासन के दौरान 30,000 से ज्यादा अपहरण की घटनाएं हुईं। उस दौर में आईएएस और आईपीएस अधिकारी बिहार में काम करने से डरते थे क्योंकि उन्हें लालू प्रसाद का थूकदान उठाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि सारण क्षेत्र में अपराधियों को हमेशा राजद का संरक्षण मिला है, लेकिन अब राजग सरकार बुलडोजर उन्हें पूरी तरह खत्म कर देगा।

### भ्रष्टाचार में

सरकारी कर्मचारियों के लिए सजा की पोस्टिंग माना जाता था। पहले यह पिछड़ा जिला था लेकिन हमारी सरकार ने इसे आकांक्षी जिला बनाया है। इससे पहले सहरसा की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) विकास की पहचान है जबकि राजद-कांग्रेस विनाश की प्रतीक हैं। मोदी ने कहा, नए और प्रथम बार वोट डालने वाले मतदाता बिहार के उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट करें। पहली बार वोट देने वाले नौजवानों के वोट से राजग की सरकार बनेगी और जंगलराज की हार होगी। उन्होंने कहा, बिहार तेज़ी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, यह रफ्तार रुकनी नहीं चाहिए। फिर एक बार बिहार में सुशासन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं की आकांक्षाएं पूरी होंगी और हमारा संकल्प है कि बिहार का युवा, बिहार में ही रोजगार पाए। प्रधानमंत्री ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा, हमें अपनी बेटियों का सम्मान करना चाहिए। यह जीत हमारी बेटियों के आत्मविश्वास की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज देश में लगभग 87 लाख स्टार्टअप हैं जिनमें महिलाएं मुखिया या साझेदार हैं। मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, कुछ लोग हमारी बेटियों का सम्मान नहीं करते। हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत यह सुनिश्चित किया कि अधिकतर पक्के मकान महिलाओं के नाम पर दिए जाएं। उन्होंने बिहार की महिलाओं और बेटियों का आह्वान किया वे जंगलराज वालों से सतर्क रहें, जो इन सुविधाओं को बंद करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2005 के विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता ने राजद को नकार दिया था, लेकिन हार के बाद उन्होंने लोगों से बदला लेने का मन बना लिया। उन्होंने आरोप लगाया, तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार ने बिहार के विकास को रोक दिया था। अब जनता को उन्हें सबक सिखाना चाहिए। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने बिहार में विकास कार्यों को पुनः शुरू किया और केंद्र से पर्याप्त फंड जारी किया। इसी क्रम में उन्होंने बताया, देश का सबसे लंबा पुल कोसी नदी पर बन रहा है। कांग्रेस और राजद को कोसी क्षेत्र की पीड़ा का कभी एहसास नहीं हुआ। हमारी सरकार ने बाढ़ से स्थायी समाधान के लिए काम शुरू किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मखाना बोर्ड का गठन किया है ताकि इस क्षेत्र का मखाना अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचे। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा राजद और कांग्रेस के शब्दकोश में केवल कट्टा, क्रूरता, करप्शन और कुशासन ही हैं। उन्होंने ये सब जंगलराज की पाठशाला में सीखा है। उन्होंने याद दिलाया कि राजद शासनकाल में पुलिस तक सुरक्षित नहीं थी सहरसा के डीएसपी सत्यपाल की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी गई क्योंकि उन्होंने कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

### अनुसंधान एवं

और आपूर्ति श्रृंखला ढांचे को सुव्यवस्थित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत का अनुसंधान एवं विकास व्यय दोगुना हो गया है जो नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, पंजीकृत पेटेंट की संख्या में 17 गुना की प्रभावशाली वृद्धि हुई है। स्टार्टअप के क्षेत्र में भारत वैश्विक स्तर पर तीसरे सबसे बड़े परिवेशी तंत्र के रूप में उभरा है। मोदी ने कहा कि सरकार ने विश्वविद्यालयों में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने और विकास एवं उन्नति के नए अवसर पैदा करने के लिए अनुसंधान रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब नवाचार समावेशी होता है तो उसके नेता सबसे बड़े लाभार्थी बनकर उभरते हैं और भारतीय महिलाएं इसका एक प्रमुख उदाहरण हैं। उन्होंने कहा, उनके योगदान को, विशेष रूप से अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की प्रगति पर चर्चाओं में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है। एक दशक पहले भारत में महिलाओं द्वारा दायर पेटेंट की संख्या सालाना 100 से भी कम थी। आज, यह संख्या प्रति वर्ष बढ़कर 5,000 से अधिक हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) की शिक्षा प्राप्त करने वालों में 43 प्रतिशत महिलाएं हैं, जो वैश्विक औसत से काफी ऊपर है। मोदी ने कहा कि महान उपलब्धियों की नींव तब पड़ती है जब विज्ञान का पैमाना व्यापक होता है, नवाचार समावेशी होता है और तकनीक परिवर्तन को गति देती है। उन्होंने कहा, पिछले 10 से 11 वर्षों में भारत ने इस दृष्टिकोण को व्यवहार में साकार किया है। भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं रह गया है। यह तकनीक के माध्यम से परिवर्तन का अग्रणी बन गया है।

### शौर्य और

कुमाऊं और गढ़वाल रेजीमेंट की वीरता इसका जीवंत प्रमाण है। यहां के युवाओं में सेना में सेवा देने का जोश और मातृभूमि की रक्षा के प्रति समर्पण काबिल-ए-तारीफ है। राष्ट्रपति ने कहा कि विधानसभाएं लोकतंत्र की जड़ हैं और विधायकों के माध्यम से जनता और शासन के बीच मजबूत पुल का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि विधायक जनता की अपेक्षाओं का सबसे नजदीकी चेहरा होते हैं, इसलिए उनकी भूमिका सबसे अधिक जिम्मेदारी वाली है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए कहा कि यह विशेष सत्र राज्य की विकास यात्रा की समीक्षा और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने स्वागत संबोधन में राष्ट्रपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रजत जयंती वर्ष के इस ऐतिहासिक अवसर पर उनका मार्गदर्शन प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का जीवन संघर्ष, समर्पण और सेवा का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने सदैव समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी राष्ट्रपति का स्वागत किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

### विश्व विजेता

नकद पुरस्कार देगा। इसमें सभी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य शामिल हैं। बोर्ड ने कहा कि इस शानदार सफलता का सम्मान करने के लिए बीसीसीआई ने खिलाड़ियों, सहायक स्टाफ और चयन समिति के लिए 51 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है जो देश की खेल की शान में उनके बेहतरीन प्रदर्शन, लगन और योगदान को देखते हुए दिया गया है। बीसीसीआई ने भारत में महिला क्रिकेट के लिए जय शाह की अहम भूमिका पर भी जोर दिया। जय शाह पहले बोर्ड के सचिव थे और अब आईसीसी के चेयरमैन हैं।

### अफगानिस्तान में

अधिक क्षति हुई है। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि भूकंप ने अफगानिस्तान के बल्ख, समांगन और बगलान प्रांतों को प्रभावित किया, जिससे लोग हताहत हुए और वित्तीय नुकसान हुआ। उन्होंने भूकंप में हुए नुकसान को लेकर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित सरकारी संगठन भूकंप से प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता पहुंचाने के प्रयास कर रहे हैं। अफगान अधिकारियों के अनुसार, भूकंप उत्तरी बल्ख प्रांत की राजधानी मजार-ए-शरीफ में भी महसूस किया गया। सोशल मीडिया पर प्रसारित फुटेज से पता चला कि भूकंप से मजार-ए-शरीफ में ऐतिहासिक ब्लूमॉस्क (नीली मस्जिद) को कुछ नुकसान पहुंचा है। दीवारों से कई ईंटें गिर गईं।




# नगालैंड पर झारखंड जीत के करीब

## रणजी ट्रॉफी : नगालैंड को 154 रन पर ढेर करने के बाद उसे फॉलोऑन देते हुए जीत की ओर कदम बढ़ाये

एजेंसी



रांची। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर अनुकूल रॉय ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ विकेट चटकाए जिससे झारखंड ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां नगालैंड को 154 रन पर ढेर करने के बाद उसे फॉलोऑन देते हुए जीत की ओर कदम बढ़ाए। छब्बीस साल के बाएं हाथ के स्पिनर अनुकूल ने 55 रन देकर आठ विकेट हासिल किए जिससे नगालैंड की टीम पहली पारी में 73.5 ओवर में सिमट गई।

नगालैंड ने इसके बाद फॉलोऑन खेलते हुए दूसरी पारी में पांच विकेट पर 104 रन बनाए। झारखंड ने पहली पारी आठ विकेट पर 510 रन बनाने के बाद घोषित की थी जिससे नगालैंड की टीम अब भी 252 रन पीछे है। झारखंड के कल रात के स्कोर पर पारी घोषित करने के बाद अनुकूल ने नगालैंड के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में उलझाया। नगालैंड के सिर्फ पांच बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंच सके जिसमें चेतन बिष्ट नाबाद 46 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। दूसरी पारी में भी नगालैंड के बल्लेबाज नाकाम रहे और 36 ओवर तक ही उसकी आधी टीम पवेलियन लौट गई। कप्तान रोंगसेन जोनाथन ने 50 रन की पारी खेली जिसके बाद अनुकूल ने उन्हें बोल्ड किया। अनुकूल ने इमलीवती लेमतूर को भी पवेलियन भेजा। मनीषी (41 रन पर तीन विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों सेदेझाली रूपेरो और निश्चल को आउट किया।

दिन का खेल खत्म होने पर युगांधर सिंह चार जबकि हेम छेत्री छह रन बनाकर खेल रहे थे। कटक में आंध्र प्रदेश ने ओडिशा को 56.4 ओवर में 151 रन पर समेटने के बाद फॉलोआन के लिए मजबूर करके अपना पलड़ा भारी रखा। कावुरी सेतेजी (30 रन पर तीन विकेट), सौरभी कुमार (32 रन पर तीन विकेट) और त्रिपुराणा विजय (14 रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट चटकाए। दिन की शुरुआत चार विकेट पर 80 रन से करने वाले ओडिशा की ओर से संदीप पटनायक ने सर्वाधिक 58 रन बनाए।

ओडिशा ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दो विकेट पर 190 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर गौरव चौधरी 79 जबकि गोविंदा पोद्दार चार रन बनाकर खेल रहे थे। आंध्र ने पहली पारी सात विकेट पर 475 रन बनाकर घोषित की थी जिससे ओडिशा की टीम अब भी 134 रन पीछे है। कोयंबटूर में विदर्भ ने दो विकेट पर 211 रन से आगे खेलते हुए तमिलनाडु के खिलाफ 501 रन बनाकर 210 रन की बढ़त हासिल की। यश राठौड़ ने 189 गेंद में 15 चौकों से 133 रन की पारी खेली जबकि रवि कुमार समर्थ (56) और नचीकेत भूटे (नाबाद 51) ने अर्धशतक जड़े। तमिलनाडु की ओर से साई किशोर ने 150 रन देकर पांच विकेट चटकाए।

त्रिलोक नाग ने तीन जबकि डी चंद्रशेखर ने दो विकेट चटकाए। पहली पारी में 291 रन बनाने वाले तमिलनाडु ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए छह रन बनाए। वडोदरा में मैदान गीला होने के कारण बड़ौदा और उत्तर प्रदेश के बीच लगातार तीसरे दिन कोई खेल नहीं हो पाया।

### विहारी के शतक ने त्रिपुरा को संकट से निकाला

अगरतला। पहले दो मैचों में कामयाब रहने के बाद सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को कोई विकेट नहीं मिला जबकि हनुमा विहारी ने शतक लगाकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी के मैच के तीसरे दिन सोमवार को बंगाल के खिलाफ त्रिपुरा को संकट से निकाला। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर त्रिपुरा ने सात विकेट पर 273 रन बना लिये थे। विहारी 121 और कप्तान मणिशंकर मूरासिंह 42 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों ने आठवें विकेट की साझेदारी में 73 रन जोड़ लिये हैं। पूर्व चैम्पियन बंगाल ने पहली पारी में 336 रन बनाये थे। त्रिपुरा की शुरूआत काफी खराब रही और उसके चार विकेट 35 रन पर गिर गए थे। मध्यम तेज गेंदबाज मोहम्मद कैफ ने 19 ओवर में 53 रन देकर चार विकेट लिये। गुवाहाटी में एक अन्य मैच में रेलवे के 224 रन के जवाब में असम ने एक विकेट पर 99 रन बना लिये थे। अहमदाबाद में गुजरात के 163 रन के जवाब में हरियाणा की टीम 239 रन पर आउट हो गई।

# शेफाली बनी विश्व कप खेल की नायिका



नवी मुंबई। शेफाली वर्मा ने अगर गॉड्स प्लान टैटू बनवाया तो महिला वनडे विश्व कप में भारत की खिताबी जीत के बाद साबित हो गया कि वाकई ईश्वर ने उनके लिये कुछ अच्छा ही सोचकर रखा था। फॉर्म में चल रही सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के चोटिल होने के कारण सेमीफाइनल से पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम में आई शेफाली फाइनल में अर्धशतक और दो विकेट से साथ प्लेयर आफ द मैच रहीं। मुंबई में अगस्त के महीने में भारत की विश्व कप टीम का ऐलान करते हुए पूर्व मुख्य चयनकर्ता नीतू डेविड ने मीडिया को आश्वासन दिया था कि 21 वर्ष की शेफाली के लिये रास्ते बंद नहीं हुए हैं। वनडे टीम में प्रतिका रावल के अच्छे प्रदर्शन से शेफाली के लिये राह मुश्किल जरूर हो गई थी। लेकिन प्रतिका की चोट ने उनके लिये रास्ते खोल दिये जब वह सूरत में सीनियर महिला टी20 टूर्नामेंट खेल रहीं थीं। वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले टीम से जुड़ीं। उन्होंने सेमीफाइनल से पहले डी वाई पाटिल स्टेडियम और उसके यूनिवर्सिटी मैदान पर एक एक घंटे के दो अभ्यास सत्रों में भाग लिया। सेमीफाइनल से पहले उन्होंने मीडिया से कहा था प्रतिका के साथ जो हुआ, वह अच्छा नहीं था। कोई नहीं चाहता कि खिलाड़ी चोटिल हो लेकिन भगवान ने मुझे कुछ अच्छा करने के लिये भेजा है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ वह पांच गेंद में दस रन ही बना सकी लेकिन फाइनल में 87 रन बनाकर भारत के सात विकेट पर 298 रन के विशाल स्कोर की नींव रखी। रविवार के फाइनल से पहले 30 वनडे में उन्होंने सिर्फ पांच बार गेंदबाजी की थी लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जब उन्हें गेंद सौंपी को सभी को हैरानी हुई। हरमनप्रीत ने मीडिया से कहा जब शेफाली टीम से जुड़ी तो हमें प्रतिका की गेंदबाजी की कमी भी महसूस हो रही थी। हमने देखा कि घरेलू क्रिकेट में शेफाली गेंदबाजी भी कर रही है। मैने उससे बात की तो उसने कहा कि वह पूरे दस ओवर भी डाल सकती है। उन्होंने कहा जब लौरा वोल्वार्ट और सुने लूस के बीच चौथे विकेट के लिये 52 रन की साझेदारी हो गई तो मुझे लगा कि शेफाली को गेंद देनी चाहिये। मुझे लगा कि आज उसका दिन है और गेंदबाजी में भी वह कुछ कर सकती है। यह तो समय ही बतायेगा कि शेफाली टीम में जगह बनाये रखेंगी या प्रतिका के आने पर बाहर होंगी लेकिन उन्होंने अपना नाम तो इतिहास में दर्ज करा लिया है।

वहीं दूसरी ओर भारतीय महिला टीम के कोच अमोल मजूमदार ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप के फाइनल में रविवार को मिली जीत की तुलना 1983 में कपिल देव की अगुवाई में मिली पुरूष विश्व कप की जीत से करते हुए कहा कि इसमें भारतीय क्रिकेट में बड़ा बदलाव लाने की क्षमता है। भारत ने महिला विश्व कप के फाइनल दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म किया। टीम इससे पहले 2005 और 2017 में उपविजेता रही थी। कपिल देव की अगुवाई में भारतीय पुरुष टीम के 1983 में विश्व चैंपियन बनने के बाद देश में क्रिकेट की लोकप्रियता काफी बढ़ गयी थी और इसने कई पीढ़ियों को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया था। मजूमदार ने मैच के बाद कहा यह भारतीय क्रिकेट में वाटरशेड मूवमेंट (बड़ी प्रगति और बड़े सकारात्मक बदलाव का प्रतिक) है। पिछले तीनों मैचों में यह स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। करोड़ों की संख्या में दर्शक टेलीविजन पर देख रहे थे। इससे कुछ दर्शक जरूर प्रेरित हुए होंगे। 1983 की विश्व कप जीत ने कई पीढ़ियों को प्रेरित किया था और इस जीत में भी ऐसा करने की क्षमता है। उन्होंने भारत के विश्व चैंपियन बनने को अविश्वसनीय करार देते हुए कहा कि उन्हें इसे आत्मसात करने में थोड़ा समय लगेगा। मजूमदार ने कहा यह अविश्वसनीय एहसास है और मुझे लगता है जैसे जैसे दिन बीतेगा इसे आत्मसात करता जाऊंगा। भारत पर टूर्नामेंट के लीग चरण में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया से लगातार हार के बाद बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन मजूमदार ने इसके बाद शानदार वापसी करने पर टीम के जज्बे की तारीफ की। उन्होंने कहा मैं उनसे यही कहता था कि हम हार नहीं रहे हैं। बस उस बाधा को पार करने से चूक जा रहे हैं। हम उन तीनों मैचों में काफी प्रतिस्पर्धी रहे और ये सभी मैच काफी करीबी थे। उन्होंने कहा इन लड़कियों ने इस तीन मैच में निराशा के बाद कमाल का जज्बा दिखाया। क्वार्टर फाइनल जैसे मैच में न्यूजीलैंड, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया और फिर फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराना शानदार रहा। भारत के लिए चोटिल सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल की जगह शेफाली वर्मा को टीम में शामिल करना फायदेमंद रहा। उन्होंने फाइनल में अपने हरफनमौला खेल (87 रन और दो विकेट) से टीम की जीत में अहम योगदान दिया।

## संक्षेप

### मलकीत, हुसैन आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में जीत

दोहा। भारत के मलकीत सिंह और हुसैन खान ने सोमवार को यहां आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप के पहले दिन अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। स्नूकर के छोटे प्रारूप (6 रेड) के पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मलकीत ने स्थानीय खिलाड़ी एसा अल कुबेसी को पुरुष प्रतियोगिता के पहले चरण के पहले दौर में 4-0 से हराया। हुसैन ने स्वीडन के शिवन मोहम्मदअली को 4-0 से शिकस्त दी। पारस गुप्ता और ध्वज हारिया भी पहले चरण में चुनौती पेश करेंगे। गुप्ता को पहले दौर में बाई मिली है।

### शतरंज विश्व कप : नारायणन अंतिम राउंड के क्वालीफाई

पणजी। भारत के एस एल नारायणन ने दक्षिण अफ्रीका के स्टीवन रोजास को हराया और फिडे विश्व कप 2025 के अंतिम 128 के राउंड के लिये क्वालीफाई करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए नारायणन ने 22 चाल में जीत दर्ज की। दिप्तायन घोष ने चीन के पेंग शियोंगलियान के खिलाफ टाइब्रेकर के पहले सेट के दोनों मुकाबले जीते।

### अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 2026 में केरल का दौरा करेगी : मंत्री

मलाप्पुरम (केरल)। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहमान ने सोमवार को कहा कि स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेस्सीगुवाई में अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल मार्च में राज्य में मैच खेलेगी। वह यहां केरल सरकार के खेल विजन 2031 से संबंधित एक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, दो दिन पहले हमें अर्जेंटीना टीम से एक ईमेल मिला जिसमें पुष्टि की गई थी कि वे मार्च में आएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इसकी जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी। मंत्री ने बताया कि अर्जेंटीना की टीम के इस दौरे के लिए सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### बधिरों की टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप शुरू

नयी दिल्ली। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) ने सोमवार को बधिरों के लिए टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप के नौवें सत्र का उद्घाटन किया। यह चैम्पियनशिप तीन से नौ नवंबर तक यहां आयोजित की जाएगी और इसमें 20 टीमें भाग लेंगी। चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सिनर बने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी

एजेंसी



पेरिस। यानिक सिनर पेरिस मास्टर्स का खिताब जीतने के बाद फिर से दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने फाइनल में फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-4, 7-6 (4) से हराया। इटली के चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ की जगह शीर्ष स्थान हासिल किया है। सिनर ने फाइनल में ब्रेक प्वाइंट का एक भी मौका नहीं गंवाया और एक भी सेट गंवाए बिना टूर्नामेंट जीता। सिनर ने कहा पिछले कुछ महीने शानदार रहे हैं। मैंने एक खिलाड़ी के तौर पर खुद को बेहतर बनाने की कोशिश की और इस तरह का नतीजा देखकर मुझे बेहद खुशी होती है।

यह साल शानदार रहा। वहीं दूसरी ओर दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में आठवीं रैंकिंग की खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी पर 6-3, 6-1 से आसान जीत दर्ज की। सबालेंका ने बेहतरीन सर्विस की और उन्होंने कुल मिलाकर 10 ऐस लगाए। इनमें पहले सेट के अंतिम गेम में लगाए गए चार ऐस भी शामिल हैं। यह सबालेंका का डब्ल्यूटीए स्तर पर 500वां मैच था जो 70 मिनट तक चला। इसी ग्रुप में जेसिका पेगुला ने गत चैंपियन कोको गॉफ को 6-3, 6-7 (4), 6-2 से हराया। गॉफ को अपनी सर्विस में फिर से संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने 17 डबल फॉल्ट किए।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत हमारी नारी शक्ति का सम्मान : मांडविया

नयी दिल्ली। पहली बार विश्व कप जीतने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम का अभिनंदन करते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि यह जीत भारत की नारी शक्ति का सम्मान है , उसकी जीत है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने रविवार को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर लगभग पांच दशक के इंतजार को खत्म करते हुए पहली बार आईसीसी विश्व कप जीता। भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की घोषणा के लिये आयोजित कार्यक्रम से इतर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पर खेलमंत्री ने कहा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम का अभिनंदन है। हमारी महिला क्रिकेट टीम ने कल कमाल कर दिया और विश्व विजेता बनकर नारी शक्ति का परिचय दिया। उन्होंने कहा उनकी यह जीत देश की नारी शक्ति का सम्मान है , उनकी विजय है। मांडविया ने दोहराया देश खेलों में आगे बढ रहा है। देश बदल रहा है और नये भारत का निर्माण हो रहा है जिसमे हमारा लक्ष्य 2036 तक दुनिया के दस शीर्ष और 2047 तक शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल होना है।

### बाईस गज और जीत का नया गीत रहेगा सब से ऊपर, हमारा तिरंगा

नवी मुंबई। आस्ट्रेलिया की पुरूष क्रिकेट टीम की संस्कृति का हिस्सा रहे हैं टीम गीत और एशेज से लेकर विश्व कप जीतने तक स्टीव वॉ, रिकी पोंटिंग या स्टीवन स्मिथ को अंडर द सदर्न क्रॉस गाते हुए देखा गया है। भारतीय क्रिकेट टीम का कभी कोई थीम गीत नहीं रहा लेकिन स्टेडियमों में चक दे इंडिया और सुनो गौर से दुनिया वालो या फिर लहरा दो सरजमीं का परचम जैसे गीत बजते रहे हैं। लेकिन विश्व कप जीतने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम, कोच और सहयोगी स्टाफ जब बाईस गज की पिच के आसपास घेरा बनाकर खड़े हुए तो पहली बार एक विजय गीत सुनाई दिया। पूरी टीम ने रहेगा सब से ऊपर , हमारा तिरंगा। हम हैं टीम इंडिया गाया तो रोंगटे खड़े हो गए। मुख्य कोच अमोल मजूमदार की आवाज दूर से सुनाई दे रही थी।

# भारत की बेटियों ने पहली बार जीता आईसीसी विश्व कप

एजेंसी




नवी मुंबई। भारत ने शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा के हरफनमौला खेल से रविवार को यहां महिला आईसीसी वनडे विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार इस खिताब को जीत कर इतिहास रच दिया। शेफाली ने पारी का आगाज करते हुए 78 गेंद में 87 रन की आक्रामक पारी खेलने के बाद अपनी स्पिन गेंदबाजी से सुने लुस और मारिजान काप (चार) जैसी अनुभवी बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई तो वहीं बीच के ओवरों में विकेटों के पतन के बीच 58 गेंद में 58 रन का योगदान देने वाली दीप्ति ने लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ने वाली दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट (101) सहित पांच विकेट झटकर मैच का पासा पलट दिया।

भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 298 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 246 रन पर रोककर इस टूर्नामेंट के इतिहास में 52 साल के सूखे को खत्म किया। वोल्वार्ड्ट 41वें ओवर तक एक छोर से डटी रही लेकिन दूसरे छोर से लगातार विकेट के पतन से जरूरी रनगति बढ़ने से दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों पर दबाव हावी हो गया। दीप्ति की गेंद पर जैसे ही हरमनप्रीत ने नाडिन डि क्लार्क (18) का कैच पकड़ा वैसे ही दर्शकों की नीली जर्सी के समंदर से पटे स्टेडियम में खुशी की लहर दौड़ गयी। भारतीय खिलाड़ियों ने भावनाओं पर काबू रखने की कोशिश की लेकिन पूरा स्टेडियम जब वंदेमातरम, मां तुझे सलाम और लहरा दो सरकशी का परचम लहरा दो गाने को एक सुर में गाना शुरू किया तो यहां मौजूद किसी के लिए भी भावनाओं को काबू में रखना मुश्किल था। स्टेडियम में मौजूद पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और वीवीएस लक्ष्मण भी भारतीय तिरंगे को लहराते दिखे। शानदार लय में चल रही सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के चोटिल होने से टीम में आई शेफाली ने कहा था कि शायद भागवन ने उनके लिए कुछ अच्छी योजना बनाई है। उन्होने सेमीफाइनल में कम स्कोर की निराशा को पीछे छोड़ते हुए फाइनल में इसे सही साबित किया तो वहीं दीप्ति ने भी टूर्नामेंट में 22 विकेट लेने के साथ 200 से अधिक रन बनाकर नया रिकॉर्ड कायम किया।

भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (58 गेंद में 45) और विकेटकीपर रिचा घोष (24 गेंद में 34 रन) ने अहम योगदान दिये। दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य का पीछा सधे हुए अंदाज में शुरू किया, ताजमिन ब्रिट्स (35 गेंद में 23 रन) ने क्रांति गौड़ के खिलाफ चौके से हाथ खोलने के बाद रेणुका सिंह की गेंद पर छक्का जड दिया। लौरा वोल्वार्ड्ट आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आयी अमनजोत कौर के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौके के साथ पिछले मैच की शानदार पारी को आगे बढ़ाना जारी रखा। ब्रिट्स ने अगले ओवर में दीप्ति पर चौके साथ पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी लेकिन ब्रिट्स रन चुराने की कोशिश में अमनजोत के शानदार थ्रो पर रन आउट हो गयी। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 रन की शानदार पारी खेलने वाली वोलवार्ड्ट ने दीप्ति के खिलाफ छक्का जड़ आक्रामक तेवर दिखाये।

### एशियाई युवा खेलों के पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देगा आईओए

नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सोमवार को घोषणा की कि बहरीन में हाल में समाप्त हुए एशियाई युवा खेलों (एवाईजी) में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः पांच लाख, तीन लाख और दो लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा चौथे स्थान पर रहने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को 50,000 रुपये जबकि स्वर्ण जीतने वाली पुरुष और महिला कबड्डी टीमों को 10-10 लाख रुपये मिलेंगे। पदक विजेता खिलाड़ियों के कोचों को भी एक-एक लाख रुपये मिलेंगे। भारत 23 से 31 अक्टूबर के बीच आयोजित किए गए खेलों में 48 पदकों (13 स्वर्ण, 18 रजत और 17 कांस्य) के साथ अंतिम तालिका में छठे स्थान पर रहा था। भारत ने मुक्केबाजी में सर्वाधिक चार स्वर्ण पदक जीते। इसके अलावा वह कुश्ती में तीन और कबड्डी में दो स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। आईओए ने विज्ञप्ति में कहा आईओए मानता है कि इस तरह के प्रदर्शन निरंतर प्रयास, कठोर प्रशिक्षण और कोचों तथा सहयोगी स्टाफ के उचित मार्गदर्शन का परिणाम हैं। आईओए ने शीघ्र ही एक विशेष समारोह में सभी पदक विजेताओं, कोचों और चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने का फैसला किया है।

# गोरखपुर मंडल ने जीता खिताब अयोध्या को 28-17 से हराया

लखनऊ। गोरखपुर मंडल की खिलाड़ियों ने उम्दा रणनीति और चपलता की बदौलत राज्य स्तरीय समन्वय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में खेले गए फाइनल में गोरखपुर ने अयोध्या मंडल को 28-17 से पराजित किया।

वहीं लखनऊ व वाराणसी मंडल को संयुक्त तीसरा स्थान मिला। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के समन्वय से क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के चौथे व अंतिम खेले गए फाइनल में गोरखपुर की खिलाड़ियों ने कई बेहतरीन अटैक किए और मध्यांतर तक 15-9 से बढ़त बना ली। हालांकि अयोध्या ने भी कड़ी चुनौती पेश की लेकिन उनके पास गोरखपुर के खिलाड़ियों के समन्वय भरे खेल का का कोई जवाब नहीं था। गोरखपुर की ओर से खुशबू ने शानदार प्रदर्शन किया और प्रतिद्वंद्वी के डिफेंस में सेंध लगाते हुए सर्वाधिक 11 गोल दागे। उनका साथ देते हुए आशा ने 7 जबकि मोना ने 6 गोल किए। अयोध्या की ओर से आराधना ने 6, राजपति ने 4 व मुस्कान ने 3 गोल करने में सफलता हासिल की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्याम सुंदर मिश्रा (उप निदेशक-खेल, उत्तर प्रदेश) और विशिष्ट अतिथि विनय कुमार सिंह (कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन) ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी डा.अतुल सिन्हा ने अतिथिगण का स्वागत करते हुए आभार जताया।

**राज्य स्तरीय समन्वय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता**

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी महासचिव अमित पाण्डेय व रेफरी बोर्ड के चेयरमैन परमेंद्र सिंह, लखनऊ जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव डा.सुमंत पाण्डेय, उपक्रीड़ाधिकारी राजेश गौड़, राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रशिक्षक मो.तौहीद, सहायक तैराकी प्रशिक्षक निशित दीक्षित व सहायक तीरंदाजी प्रशिक्षक विकास पाण्डेय व अन्य खेल प्रेमी भी मौजूद रहे। इससे पूर्व खेले गए पहले सेमीफाइनल में गोरखपुर मंडल ने लखनऊ मंडल को 13-3 से हराया जिसमें रिया शर्मा ने सर्वाधिक 4 गोल किए।

# बिहार में राजद का हो जायेगा सफाया : शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री का दावा- बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी

एजेंसी




शिवहरसीतामढ़ी (बिहार)। गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दावा किया कि बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी और 14 नवंबर को दोपहर एक बजे तक राज्य से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का सफाया हो जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने शिवहर में चुनावी रैली के दौरान बिहार के लिए जारी कई परियोजनाओं का जिक्र किया और नयी परियोजनाएं शुरू किए जाने का वादा किया। राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 6 और 11 नवम्बर को होंगे, जबकि मतगणना 14 नवम्बर को की जाएगी। शाह ने कहा कि सीता मंदिर में मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सीतामढ़ी से अयोध्या तक वंदे भारत ट्रेन शुरू की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मिथिला-कोशी में बाढ़ को रोकने के लिए 11,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं जारी हैं, सोनबरसा नानपुर में 505 एकड़ भूभाग में औद्योगिक पार्क स्थापित किया जाएगा तथा मिथिलांचल को 500 करोड़ रुपये की लागत से वैश्विक ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। शाह ने कहा कि सीतामढ़ी-अयोध्या रामजानकी पथ 550 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा और अयोध्या-सीतामढ़ी रेल पटरी के दोहरीकरण पर 5,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि राजग बिहार में रक्षा गलियारा बनाएगा, हर जिले में कारखाने लगाएगा और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) एवं औद्योगिक पार्क बनाएगा। शाह ने कहा, राजग पटना, दरभंगा, पूर्णियाएवं भागलपुर हवाई अड्डों को वैश्विक मानकों के अनुसार बनाएगा तथा प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज होगा।

उन्होंने बिहार में राजग की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि 14 नवंबर को दोपहर एक बजे तक राजद का सफाया हो जाएगा। शाह ने कहा, (पूर्व मुख्यमंत्री) लालू (प्रसाद यादव) का कार्यकाल घोटालों से भरा रहा था। (बिहार के मुख्यमंत्री) नीतीश कुमार एवं नरेन्द्र मोदी की जोड़ी ही विकसित बिहार सुनिश्चित कर सकती है। इसके बाद उन्होंने सीतामढ़ी में चुनावी रैली के दौरान कहा कि सीतामढ़ी में सीता मंदिर धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक केंद्र बनेगा। शाह ने सीतामढ़ी में कहा कि नक्सल मुक्त बिहार में पहली बार शाम पांच बजे तक मतदान होगा जबकि राजद-कांग्रेस शासन में माओवादियों के भय के कारण मतदान अपराह्न तीन बजे समाप्त हो जाता था।

# प्रधानमंत्री मोदी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में गीता महोत्सव कार्यक्रम में होंगे शामिल



चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव और गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय स्मारक समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 25 नवंबर को इस महोत्सव में शामिल होने के लिए कुरुक्षेत्र आएंगे।

गौरतलब है कि गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को लेकर हरियाणा में एक से 25 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय स्मृति समारोह आयोजित किया जाएगा। इस बीच, सैनी ने कहा कि 10वां अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। आध्यात्मिक ज्ञान और सांस्कृतिक जीवंतता का भव्य संगम गीता महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 24 नवंबर से। दिसंबर के बीच आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव का उद्देश्य विश्व को भारत की कालातीत ज्ञान परंपराओं से जोड़ना है, जिसमें कई देशों के विद्वान और राजदूत शामिल होंगे, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे तथा कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि पर कला, संगीत और विरासत का शानदार प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से कुरुक्षेत्र में गीता महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने के प्रयास 2016 में शुरू हुए थे।

पिछले कुछ वर्षों में इस भव्य महोत्सव के अंतरराष्ट्रीय संस्करण कई देशों में आयोजित किए गए हैं। सैनी ने बताया कि इस वर्ष मध्य प्रदेश अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का भागीदार राज्य होगा। सैनी ने बताया कि मध्य प्रदेश ब्रह्म सरोवर पर स्थित पुरुषोत्तमपुरा बाग में एक सांस्कृतिक मंडप का निर्माण कर रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में भी 24 नवंबर को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का उद्घाटन किया जाएगा।

## संक्षेप

### केरल : सबरीमला तीर्थयात्रा सीजन से पहले 6.12 करोड़ से बनेगा अस्पताल

पथनमथिट्टा (केरल)। सबरीमला तीर्थयात्रा सीजन से पहले निलक्कल में एक उन्नत विशेषज्ञता वाले अस्पताल का निर्माण किया जाएगा। केरल के स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को यह घोषणा की। सबरीमला तीर्थयात्रा सीजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण निवासियों और सबरीमला आने वाले तीर्थयात्रियों के लाभ के लिए किया जाएगा। उन्होंने एक बयान में कहा कि इस अस्पताल का निर्माण त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) द्वारा नीलक्कल में आवंटित भूमि पर किया जा रहा है और इसकी अनुमानित लागत 6.12 करोड़ रुपये है।

बयान में कहा गया है कि अस्पताल की आधारशिला मंगलवार को रखी जाएगी। उद्घाटन समारोह निलक्कल मंदिर के निकट आयोजित किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि दो महीने का वार्षिक तीर्थयात्रा सत्र 17 नवंबर से शुरू होगा और इस दौरान देश-विदेश से लाखों तीर्थयात्रियों के सबरीमला आने की उम्मीद है।

# ईडी ने अनिल अंबानी की तीन हजार करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क की

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत संपत्तियों को कुर्क करने के लिए चार अनंतिम आदेश जारी किए थे। इन संपत्तियों में अंबानी (66) का मुंबई के पाली हिल स्थित घर और उनके समूह की कंपनियों की अन्य आवासीय एवं वाणिज्यिक संपत्तियां शामिल हैं।

दिल्ली में महाराजा रणजीत सिंह मार्ग पर रिलायंस सेंटर का एक भूखंड तथा राष्ट्रीय राजधानी, नोएडा, गाजियाबाद, मुंबई, पुणे, ठाणे, हैदराबाद, चेन्नई और पूर्वी गोदावरी में कई अन्य संपत्तियां भी कुर्क की गई हैं। मुंबई में चर्चगेट की नागिन महल बिल्डिंग में ऑफिस, नोएडा में बीएचए मिलेनियम अपार्टमेंट्स और हैदराबाद में कैमस कैप्री अपार्टमेंट्स उन संपत्तियों में से हैं।

# वंशवाद भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा है कि वंशवादी राजनीति भारतीय लोकतंत्र के लिए एक 'गंभीर खतरा' है और अब समय आ गया है कि भारत 'वंशवाद की जगह योग्यता' को अपनाए। उन्होंने कहा कि जब राजनीतिक सत्ता का निर्धारण योग्यता, प्रतिबद्धता या जमीनी स्तर पर जुड़ाव के बजाय वंशवाद से होता है, तो शासन की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया संगठन प्रोजेक्ट सिंडिकेट के लिए लिखे एक लेख में तिरुवनंतपुरम के सांसद ने बताया कि नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस से जुड़ा हुआ है, लेकिन राजनीतिक परिदृश्य में वंशवाद का बोलबाला है। थरूर का यह बयान भारत-पाकिस्तान संघर्ष और पहलगाम हमले के बाद राजनयिक प्रयासों पर उनकी टिप्पणियों को लेकर उठे विवाद के कुछ सप्ताह बाद आया है। उस समय उनकी टिप्पणियां कांग्रेस के रुख से अलग थीं और कई पार्टी नेताओं ने उनकी मंशा पर सवाल उठाते हुए उन पर निशाना साधा था।

इंडियन पॉलिटिक्स आर ए फेमिली बिजनेस शीर्षक वाले लेख में थरूर ने कहा कि दशकों से एक परिवार भारतीय राजनीति पर हावी रहा है और नेहरू-गांधी परिवार का प्रभाव भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास से जुड़ा हुआ है। उनका कहना था, लेकिन यह विचार पुख्ता हुआ है कि राजनीतिक नेतृत्व एक जन्मसिद्ध अधिकार हो सकता है। यह विचार भारतीय राजनीति में हर पार्टी, हर क्षेत्र और हर स्तर पर व्याप्त है। थरूर ने कहा कि बीजू पटनायक के निधन के बाद उनके बेटे नवीन ने अपने पिता की खाली लोकसभा सीट जीती।

# विपक्ष पर बार-बार अपमान का आरोप लगाते हैं पीएम

एजेंसी



सोनबरसाालखीसराय (बिहार)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें अलग से एक अपमान मंत्रालय बनाना चाहिए ताकि वह विपक्ष पर बार-बार अपमान का आरोप लगाने में जो समय बर्बाद करते हैं, वह न करें।

उन्होंने बिहार के सहरसा और लखीसराय में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए महिलाओं का आह्वान किया कि वे राज्य सरकार से 10 हजार रुपये ले लें, लेकिन वोट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट कतई न दें क्योंकि इस सरकार की नीयत साफ नहीं है और यह 10 हजार रुपये राजनीतिक घूस है। प्रियंका गांधी ने यह भी कहा कि बिहार में कोई डबल इंजन सरकार नहीं है, बल्कि सिंगलइंजन सरकार है जिसे प्रधानमंत्री मोदी चला रहे हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री हमेशा अतीत की बात करते हैं... ये लोग हमेशा कहीं न कहीं से, किसी के अपमान की बात निकाल लेते हैं। कर्नाटक में कहा कि विपक्ष ने कर्नाटक का अपमान किया। पश्चिम बंगाल में गए तो पश्चिम बंगाल के अपमान की बात की। बिहार में कह रहे हैं कि विपक्षी दल बिहार का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा, मेरा सुझाव है कि प्रधानमंत्री एक नया मंत्रालय बना दें और उसका नाम अपमान मंत्रालय रखें ताकि उनका समय व्यर्थ न हो। वह बड़ी-बड़ी सूचियां निकाल देते हैं कि इसने गाली दी, उसने गाली दी, अपमान किया।

वह खुद क्या सूची बनाएंगे, यह अपमान मंत्रालय बना देगा। प्रियंका गांधी ने दावा किया कि बिहार में 65 लाख से ज्यादा लोगों के वोट काट दिए गए, जिसका मतलब है कि इन लोगों के अधिकार ख़त्म कर दिए गए। उनका कहना था, वोट जनता को कई सारे अधिकार देता है और अगर यही चला जाएगा तो आपके पास कुछ नहीं बचेगा। वोट चोरी जनता के खिलाफ बहुत बड़ी साजिश है।

## जेईई-मेन में नहीं ले जा सकते कैलकुलेटर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने स्पष्ट किया है कि इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में कैलकुलेटर के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि इस संबंध में सूचना बुलेटिन में अद्यतन की गई जानकारी में टाइपिंग की गलती थी और उसे ठीक कर दिया गया है। एक वरिष्ठ एनटीए अधिकारी ने कहा, जेईई-मेन 2026 के सूचना बुलेटिन में यह कहा गया था कि कंप्यूटर-आधारित जांच (सीबीटी) के दौरान ऑनस्क्रीन मानक कैलकुलेटर उपलब्ध होगा। हालांकि, यह विशेषता जेनेरिक टेस्ट कंडक्टिंग प्लेटफॉर्म का हिस्सा है।

# यूक्रेन को और पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियां मिलीं

एजेंसी



कीव। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि रूस के दैनिक हमलों का मुकाबला करने में मदद के लिए यूक्रेन को अमेरिका निर्मित और पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियां प्राप्त हुई हैं। इस बीच रूसी ड्रोनों द्वारा रात में किए गए नवीनतम हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि उसके परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं।

लगभग चार वर्ष पहले यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण के बाद रूस द्वारा अग्रिम मोर्चे के पीछे के शहरी क्षेत्रों पर लगातार किये जा रहे हमलों में हजारों नागरिक मारे गये हैं। इसने सर्दियों में नागरिकों को पानी की आपूर्ति और तापानुकूलन प्रणाली से वंचित करने के लिए ऊर्जा आपूर्ति को भी निशाना बनाया है। साथ ही यूक्रेन के नव विकसित ड्रोन और मिसाइलों के औद्योगिक उत्पादन को भी बाधित किया है। परिष्कृत पैट्रियट प्रणालियां रूसी मिसाइलों के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार हैं। जेलेंस्की ने पश्चिमी साझेदारों से इन्हें और अधिक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है, लेकिन उत्पादन की सीमाओं और भंडार बनाए रखने की आवश्यकता के कारण इनकी आपूर्ति की रफ्तार धीमी हो गई है। जेलेंस्की ने रविवार देर रात सोशल मीडिया पर कहा अधिक पैट्रियट अब यूक्रेन में हैं और उन्हें अभियान में लगाया जा रहा है। बेशक, हमारे राष्ट्र के सम्पूर्ण भूभाग में प्रमुख अवसंरचना स्थलों और हमारे शहरों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रणालियों की आवश्यकता है।

उन्होंने पैट्रियट के लिए जर्मनी और उसके चांसलर फ्रेडरिक मर्ज का आभार व्यक्त किया। जर्मनी ने तीन महीने पहले कहा था कि वह यूक्रेन को दो और पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियां देगा। यह आश्वासन मिलने के बाद कि अमेरिका जर्मनी को नए पैट्रियट्स की आपूर्ति को प्राथमिकता देगा, वह उसके भंडार को भरने के लिए इस कदम पर सहमत हो गया। पैट्रियट प्रणालियां केवल अमेरिका में ही बनाई जाती हैं। नाटो यूक्रेन को बड़े हथियारों की नियमित आपूर्ति का समन्वय कर रहा है। यूरोपीय सहयोगी और कनाडा ज्यादातर उपकरण अमेरिका से खरीद रहे हैं, जिसके पास तैयार सैन्य सामग्री का बड़ा भंडार है।

## इंटरटेनमेंट...

# वर्ल्ड चैंपियन भारतीय महिला टीम को सितारों ने दी बधाई



मुंबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर को साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हकार वनडे वर्ल्ड कप ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार ट्रॉफी हासिल कर इतिहास रचा। इस जीत पर फिल्म इंडस्ट्री के सितारे भी लगातार खुशी जाहिर करते हुए टीम को बधाइयां दे रहे हैं।

- अमिताभ बच्चन बोले- आपने गर्व का पल बनाया, सुनील शेट्टी बोले- जीत हर छोटी बच्ची के लिए जिसके पास सपना है





अमिताभ बच्चन ने जीत पर बधाई देते हुए लिखा, जीत गए। भारतीय महिला क्रिकेट टीम वर्ल्ड चैंपियंस। आप सभी ने हम सबके लिए गर्व का पल बनाया है। ढेर सारी बधाइयां, बधाइयां, बधाइयां। अभिषेक बच्चन ने बधाई देते हुए लिखा, चलो भारत। वर्ल्ड चैंपियंस। शाबाश हमारी शेरनियों, शानदार प्रदर्शन। प्रियंका चोपड़ा ने भावुक अंदाज में लिखा, मैं बड़ी हुई नीली जर्सी वाले हीरोज को देखकर, पर आज रात, वो सब उनकी तरह दिख रहे हैं। वर्ल्ड चैंपियंस। टीम इंडिया को हार्दिक बधाई। अजय देवगन लिखते हैं, एक ऐसी रात जिसे हम कभी नहीं भूल पाएंगे। धन्यवाद, चैंपियंस। इस टीम ने दुनिया को दिखा दिया कि सच्चा जज्बा और विश्वास क्या कर सकता है। सुनील शेट्टी ने महिला टीम को बधाई देते हुए लिखा है, पसीना। जज्बा। हिम्मत। और पूरा दिल। यूं ही नहीं, इतिहास ने आज नई चमक पाई। हमारी ब्लू ब्रिगेड ने शोहरत का पीछा नहीं किया, उसे अपना बना लिया। हर उस छोटी बच्ची के लिए जिसके पास एक सपना है और हर उस भारतीय के लिए जो गर्व से सीना ताने खड़ा है। जोर से कहो, हम हैं वर्ल्ड चैंपियंस। श्रद्धा कपूर ने लिखा, सालों से पेरेंट्स से सुनते थे कि 1983 कैसा महसूस हुआ, हमें हमारा ये वाला पल देने के लिए शुक्रिया लड़कियों। ये जेनरेशन के लिए है। इन सेलेब्स के अलावा अनुष्का शेट्टी, श्रद्धा कपूर, करीना कपूर, ऋतिक रोशन ने भी टीम इंडिया को जीत की बधाई दी।

## फिल्म हक की रिलीज पर रोक की मांग

मुंबई। यामी गौतम और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म हक विवादों में घिरती नजर आ रही है। ये फिल्म शाहबानो केस पर बनी है, जिन्होंने 1970 में मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की मांग करते हुए राष्ट्रीय बहस छेड़ दी थी। अब शाह बानो की बेटी ने फिल्म की रिलीज रोके जाने की मांग करते हुए इंदौर हाई कोर्ट में याचिका दायर की है और साथ ही फिल्म के मेकर्स को लीगल नोटिस भेजा है। इस मामले की सुनवाई जल्द होगी। शाहबानो की बेटी सिद्दिका बेगम खान के वकील तौसिफ वारसी ने याचिका में कहा कि फिल्म से मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी और साथ ही कहा गया है कि फिल्म में शरिया कानून की नकारात्मक छवि पेश की गई है। याचिका में ये भी कहा गया है।

# 'इंडस्ट्री का सच है कास्टिंग काउच' : सिंगर विपिन



मुंबई। हाल ही में रिलीज हुआ यो यो हनी सिंह का गाना 'नेवर कराईड' संगीत प्रेमियों के बीच खूब चर्चा में है। इस गाने की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें गजल का खूबसूरत मेल हिप-हॉप बीट्स के साथ किया गया है। इस गाने में गजल के हिस्से को अपनी आवाज देने वाले मशहूर सिंगर से हमने एक खास बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि यह कोलैबोरेशन कैसे हुआ, उन्होंने अपनी 25 साल की संगीत यात्रा को कैसे जिया, म्यूजिक इंडस्ट्री की सच्चाइयों पर क्या राय रखते हैं और आगे उनके क्या नए प्रोजेक्ट्स आने वाले हैं। सबसे पहले तो मैं यह बताना चाहूंगा कि इस गजल को लिखा है तनवीर गाजी ने, जिन्होंने फिल्म पिंक में अमिताभ बच्चन का मशहूर मोनो लॉग भी लिखा था।

- हनी सिंह के साथ कोलैब पर भी की बात

# 'थामा' में रश्मिका ने की 12 घंटे की शूटिंग शिफ्ट



मुंबई। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'थामा' इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने 12 दिनों में भारत में कुल 116 करोड़ रुपए की कमाई की है। फिल्म के डायरेक्टर आदित्य सरपोतदार ने हाल ही में बताया कि रश्मिका ने फिल्म की शूटिंग के दौरान बिना किसी शिकायत के लगातार 12 घंटे तक काम किया। काम के घंटों पर बात करते हुए आदित्य सरपोतदार ने कहा, कभी-कभी ऐसा माना जाता है कि हर कोई 24 घंटे काम करेगा, लेकिन ये फिजिकली और मेंटली ठीक नहीं है। मेरा मानना है कि शूटिंग के दौरान 12 घंटे की शिफ्ट सही और प्रैक्टिकल है।

इससे ज्यादा काम करना गलत है। कई बार ऐसा भी होता है कि लोगों को दो शेड्यूल के बीच घर जाने का भी समय नहीं मिलता, जो बिल्कुल सही नहीं है। आदित्य ने आगे कहा कि दीपिका की 8 घंटे की शिफ्ट की मांग को भी लोगों को समझना चाहिए। उन्होंने कहा, एक एक्टर के तौर पर कैमरे पर अच्छा दिखना जरूरी होता है। हमें समझना चाहिए कि यह मांग कहां से आई और क्यों की जा रही है। दीपिका ने इस बात की शुरूआत की है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com